वर्ष-32, अंक- 02, पृष्ठ-12 | कार्तिक कृष्ण पक्ष 09, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
बुधवार
15 अक्टूबर 2025

मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

## एक नजर

### झारखंड शराब घोटाले में महाराष्ट्र और गुजरात से 7 आरोपी गिरफ्तार

**रांची/मुंबई (एजेंसी)।** झारखंड के बहुचर्चित शराब घोटाले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए महाराष्ट्र और गुजरात से सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर रांची लाया जा रहा है, जहां उन्हें एसीबी की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। एसीबी सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में गुजरात की विजन हॉस्पिटैलिटी सर्विस एंड कंसल्टेंट से जुड़े विपिन जादवभाई परमार, महेश शेडगे, परेश अभेसिंह ठाकोर और विक्रम सिंह ठाकोर तथा महाराष्ट्र की मार्शन इनोवेटिव सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े जगन तुकाराम देसाई, कमल जगन देसाई और शीतल जगन देसाई शामिल हैं। इन सातों के खिलाफ विगत जून माह में झारखंड एसीबी ने कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट हासिल किया था। एसीबी की जांच में खुलासा हुआ है कि झारखंड सरकार की ओर से शराब दुकानों के संचालन और मैनपावर सप्लाई का ठेका जिन सात अलग-अलग प्लेसमेंट कंपनियों को दिया गया था, उन्होंने टेंडर की शर्तों का उल्लंघन कर सरकार को चूना लगाया। इन कंपनियों ने टेंडर प्रक्रिया के बाद सरकार के पास जो बैंक गारंटी जमा की थी, वह फर्जी पाई गई। झारखंड स्टेट बेवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड की आंतरिक ऑडिट रिपोर्ट के मुताबिक, इन सात कंपनियों ने फर्जीवाड़े के जरिए सरकार को 129.55 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाया।

# गढ़वा : शिक्षिका की पिटाई से 12वीं की छात्रा की इलाज के दौरान हुई मौत

- परिजनों व ग्रामीणों ने बडगड़ बजार मुख्य सड़क किया जाम

नवीन मेल संवाददाता



**बड़गड़।** बड़गड़ में छात्रा के शव के साथ मंगलवार को परिजनों एवं ग्रामीणों ने सड़क जाम कर परियोजना +2 उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापिका एवं विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ उग्र प्रदर्शन किया। उनका आरोप था कि प्रभारी प्रधानाध्यापिका की पिटाई व मानसिक प्रताड़ना के कारण ही छात्रा की मौत हुई है। इस मामले को लेकर परिजनों द्वारा एक आवेदन दी गई है। वहीं जाम की सूचना पाकर भंडरिया इंस्पेक्टर सुभाष कुमार, बड़गड़ थाना प्रभारी दीपक कुमार मौर्य, बीडीओ अमीत कुमार, अंचल पदाधिकारी राकेश भूषण सिंह जाम स्थल पहुंच कर जाम हटाने का प्रयास किया। लेकिन परिजन जिले के वरीय पदाधिकारी को बुलाने की मांग कर रहे थे। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार परियोजना +2 उच्च विद्यालय की 12वीं कक्षा की छात्रा दिव्या कुमारी गुप्ता उम्र 19 वर्ष पिता अंजय प्रसाद ग्राम उगरा निवासी बिते 15 सितंबर को विद्यालय गई हुई थी। तब विद्यालय की प्रधानाध्यापिका द्रौपदी मिंज एसेंबली के समय छात्रा द्वारा जूता पहन कर नहीं आने को लेकर उसकी पिटाई की और एसेंबली में उपस्थित सभी के सामने मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। उन्होंने बताया कि घर लौटने पर दिव्या लगातार दो दिनों तक रोती रही और बाद में वह डिप्रेशन में जाकर बीमार पड़ गई।

शेष पेज 11 पर...

# गांधीजी के स्वदेशी विचारों को आत्मनिर्भर भारत अभियान दे रहा नया आयाम : पूर्व सीएम

- अब हर जिला बनेगा स्थानीय उत्पादों के विकास का पथ प्रदर्शक: पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को परिसदन में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने खादी और स्वदेशी को जीवन का हिस्सा बनाया था, लेकिन आजादी के बाद इस दिशा में अपेक्षित कार्य नहीं हुआ। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश पुनः स्वदेशी मार्ग पर अग्रसर है और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार कर रहा है।अर्जुन मुंडा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान केवल आर्थिक स्वावलंबन नहीं, बल्कि यह एक जनआंदोलन है जो देश को तकनीकी, औद्योगिक और सामाजिक रूप से मज़बूत बना रहा है। भारत आज विनिर्माण, ऑटोमोबाइल, अंतरिक्ष और तकनीकी क्षेत्रों में तेजी से आत्मनिर्भर बन रहा है। उन्होंने बताया कि पहले जिन वस्तुओं के लिए हम विदेशी आयात पर निर्भर थे, आज वही वस्तुएं देश में निर्मित होकर विश्व के 150 से अधिक देशों में निर्यात की जा रही हैं।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना देश के बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में क्रांतिकारी कदम है। भारत अब चिप निर्माण, रिफाइंड तेल उत्पादन और कृषि-आधारित उद्योगों के सशक्तिकरण पर जोर दे रहा है।

शेष पेज 11 पर...

## राज्य कैबिनेट की बैठक में 24 प्रस्तावों को मिली स्वीकृति

# ट्रिपल टेस्ट के आधार पर होगा नगर निकाय चुनाव


- कैबिनेट ने पिछड़ा वर्ग आयोग की ट्रिपल टेस्ट रिपोर्ट को दी मंजूरी
- नगर निकायों में सीटों के आरक्षण का नया ढांचा लागू करने का निर्णय
- कॉलेजों और विवि के शिक्षकों व कर्मचारियों को मिलेगा चाइल्ड केयर लीव
- सरकारी कर्मियों और पेंशनधारियों को 3 प्रतिशत डीए वृद्धि की मंजूरी

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई राज्य कैबिनेट बैठक में मंगलवार को कुल 24 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। झारखंड में नगर निकाय चुनावों के लिए आरक्षण की नई व्यवस्था को लेकर बड़ा फैसला लिया गया। राज्य कैबिनेट ने बैठक में पिछड़ा वर्ग आयोग की ट्रिपल टेस्ट रिपोर्ट को मंजूरी देते हुए नगर निकायों में सीटों के आरक्षण का नया ढांचा लागू करने का निर्णय किया है। अब राज्य के सभी 48 नगर निकायों में ओबीसी वर्ग के लिए सीटें आरक्षित की जाएंगी। प्रत्येक जिले में आरक्षण का प्रतिशत ट्रिपल टेस्ट रिपोर्ट के आधार पर तय होगा। कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने मंत्रिपरिषद के निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के शिक्षकों और कर्मचारियों के शेष पेज 11 पर...

### सारंडा जंगल का 314 वर्ग किमी क्षेत्र बनेगा अभयारण्य

**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्य के कोल्हान प्रमंडल स्थित सारंडा जंगल के 314 वर्ग किलोमीटर इलाके को सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार अभयारण्य घोषित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार देर शाम आयोजित कैबिनेट की बैठक में इससे संबंधित वन एवं पर्यावरण विभाग के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। बैठक के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार सारंडा का 314 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र अभयारण्य घोषित किया जाएगा। इस जंगल में रहने वाले आदिवासियों, मूलवासियों के जीवन पर इससे कोई असर नहीं पड़ेगा। वे पहले की तरह सामान्य रूप से यहां जीवन बसर कर सकेंगे। ज्ञात हो कि सुप्रीम कोर्ट ने 8 अक्टूबर को राज्य सरकार को एक सप्ताह में सारंडा को अभयारण्य घोषित करने का निर्णय लेने का निर्देश दिया था। इस मुद्दे पर 15 अक्टूबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट में फिर से सुनवाई होनी है, जहां राज्य सरकार की ओर से अदालत के निर्देश के अनुपालन का एफिडेविट दाखिल किया जाएगा। प्रस्तावित सारंडा अभयारण्य के एक किलोमीटर परिधि का क्षेत्र इको सेंसेटिव जोन घोषित किया जाएगा।



### कैबिनेट के अन्य फैसले

- बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद एवं इसके अंतर्गत अंगीभूत महाविद्यालयों में शैक्षणिक तथा गैर-शैक्षणिक पदों के पुनर्गठन की स्वीकृति दी गई।
- चालू वित्तीय वर्ष में सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में सरकार का पक्ष रखने के लिए दो करोड़ की स्वीकृति।
- लक्ष्मण प्रसाद, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-सह-विशेष न्यायाधीश, एसीबी, चाईबासा तथा तौफिक अहमद, अवर सचिव-सह-उप विधि परामर्शी, विधि विभाग को अनिवार्य सेवानिवृति की घटनोत्तर स्वीकृति।
- वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी की घटनोत्तर स्वीकृति।
- मिशन शक्ति के तहत संचालित केंद्र प्रायोजित महिला हेल्पलाइन योजना के कार्यान्वयन संबंधी मार्गनिर्देश की स्वीकृति।
- झारखंड खेल नीति-2022 में निहित प्रावधान के तहत भारतीय ओलांपिक संघ से मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल महासंघ एवं झारखंड ओलंपिक संघ अथवा राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त राज्य शेष पेज 11 पर...

# चैनपुर में स्कूल बस हादसा एलकेजी छात्र की दर्दनाक मौत



- खलासी न होने से गई मासूम की जान, अभिभावकों में आक्रोश

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमर टांड़ स्थित प्रार्थना भवन के पास मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें एस.एल.ए. पब्लिक स्कूल की मिनी बस की चपेट में आने से एलकेजी में पढ़ने वाले मासूम छात्र की मौत हो गई। मृतक छात्र संतोष सिंह यादव का पुत्र था। इस घटना से पूरे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। परिजनों ने बताया कि स्कूल की छुट्टी दोपहर दो बजे के बाद बच्चा अन्य बच्चों के साथ मिनी बस से घर लौट रहा था। अपने स्टॉपेज पर बस से उतरने के तुरंत बाद उसी बस ने बच्चे को टक्कर मार दी। हादसे में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी मां ने जोर-जोर से चीखते हुए लोगों को मदद के लिए बुलाया। स्थानीय लोग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायल बच्चे को इलाज के लिए मेदिनीनगर के विभिन्न अस्पतालों में ले गए, लेकिन बेहतर इलाज की व्यवस्था नहीं मिल सकी। अन्ततः बच्चे को मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमएमसीएच) लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।
प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मिनी बस में खलासी मौजूद नहीं था, जिसके कारण बच्चों की सुरक्षा में भारी लापरवाही हुई। लोगों ने आरोप लगाया कि बस चालक ने स्टॉपेज पर बच्चे के उतरने के बाद ध्यान नहीं दिया और लापरवाही से वाहन बढ़ा दिया, जिससे बच्चा बस के नीचे आ गया। बताया जा रहा है कि बच्चे को बस कुछ दूरी तक घसीटते हुए चली गई, जिससे उसकी स्थिति और भी गंभीर हो गई।
इधर, स्कूल के संचालक मुकेश अग्रवाल ने स्वीकार किया कि मिनी बस में खलासी उपस्थित नहीं था और यह बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था में कमी का कारण बना। प्रिंसिपल ने बताया कि छुट्टी समयानुसार दोपहर दो बजे दी गई थी और सभी बच्चों को उसी समय घर के लिए रवाना किया गया था। घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन स्कूल प्रबंधन और चालक दोनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वहीं स्थानीय लोगों में भी गुस्सा है। लोगों का कहना है कि आए दिन स्कूल वाहन सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हैं और प्रशासन को इस पर सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है। इधर घटना के बाद एस.एल.ए. स्कूल वैन के चालक ने जब भागने की कोशिश की तो सादिक चौक के पास उसकी मिनी बस ने एक टेंपू को भी टक्कर मार दी। इस टेंपू में निजी स्कूल की शिक्षिका सवार थीं, जो नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तत्काल मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने बताया कि महिला के पैर में गंभीर चोट आई है। जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि पुलिस से सूचना मिलते ही विभागीय जांच कराई जाएगी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है और चालक सहित स्कूल प्रबंधन पर उचित कार्रवाई की बात कही है। इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर स्कूल वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय अभिभावकों का कहना है कि यदि बस में खलासी मौजूद होता तो शायद मासूम की जान बचाई जा सकती थी।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

## आज / कल




नगर निकाय चुनाव न कराए जाने पर हाईकोर्ट का सरकार को निर्देश

# तीन हफ्ते में राज्य निर्वाचन आयोग को भेजें चुनाव कराने की अनुशंसा

- सुनवाई की अगली तारीख 10 नवंबर निर्धारित

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** राज्य में नगर निगम और नगर निकायों के चुनाव नहीं कराए जाने के संबंध में दायर एक अवमानना याचिका पर मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वे तीन हफ्ते के अंदर राज्य निर्वाचन आयोग को चुनाव कराने की अनुशंसा भेजें। जस्टिस आनंदा सेन की बेंच में हुई सुनवाई के दौरान राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार, गृह सचिव वंदना डाडेल, नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार और अपर सचिव ज्ञानेंद्र कुमार उपस्थित थे। महाधिवक्ता राजीव रंजन ने सरकार का पक्ष रखते हुए अदालत को बताया कि नगर निगमों और नगर निकायों में पिछड़ा वर्ग का आरक्षण प्रतिशत तय न होने की वजह से चुनाव में विलंब हुआ है। आरक्षण तय करने के लिए ट्रिपल टेस्ट सर्वे की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसकी रिपोर्ट जल्द ही कैबिनेट को भेजी जाएगी। शेष पेज 11 पर...

# टीएसपीसी के प्रताप गंझू सहित तीन हार्डकोर उग्रवादी गिरफ्तार

- हथियार, कारतूस, दस्तावेज, लेवी डीटेल्स व एक काले रंग की कार जब्त
- बालूमाथ कोल क्षेत्र में कोई बड़ी घटना का अंजाम देने के फिराक में आ रहे थे उग्रवादी

नवीन मेल संवाददाता



**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना पुलिस ने टीएसपीसी संगठन के तीन हार्डकोर उग्रवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। गिरफ्तार उग्रवादियों में से प्रताप गंझू उर्फ महादेव गंझू थाना हेरहंज जिला लातेहार अशोक गंझू और संतोष गंझू जो दोनों ही पिपरवार चतरा जिला के रहने वाले हैं। उनके पास से पिस्टल, नक्सली दस्तावेज, मोबाइल, पॉकेट डायरी जिसमें कोयल व्यवसाई से लिया गया लेवी शेष पेज 11 पर...

## इंडिया

# ट्रंप के टैरिफ जिद्द और चीन के चिप युद्ध से संसार को संकट



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

अपनी मनमानी और जिद्द के लिए चर्चित ट्रंप व्यापार या व्यवहार के एक मौलिक सिद्धांत का उल्लंघन कर रहे हैं जो इस अवधारणा पर आधारित है कि गांव से लेकर ब्रह्माण्ड तक हम सभी एक दूसरे पर आधारित हैं और इसका अनुपालन नहीं करने वाले अहंकारी ग्रामीणों की तरह ट्रंप को अपना टैरिफ दांव कहीं उल्टा न पड़ जाए ? अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप बात-बात पर दुनिया को टैरिफ का धौंस दिखा सभी को डराने में लगे हैं। चीन ने कहा है कि वो नवंबर से कार से लेकर कंप्यूटर तक और चिप से लेकर फाइटर जेट तक की सप्लाई ग्लोबल मार्केट में बंद कर देगा। इसका सबसे ज्यादा असर अमेरिका और यूरोप पर पड़ेगा। चीन के अनुसार 8 नवंबर से प्रतिबंधों का पहला चरण शुरू होगा और 1 दिसंबर से दूसरे चरण की शुरुआत होगी। चीन ने ये कदम ऐसे समय में उठाया है जब दुनियाभर में विनिर्माण को लेकर कच्चे माल की सप्लाई पर असर पड़ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर 100% टैरिफ लगाने की घोषणा की है। नया टैरिफ 1 नवंबर से लागू होगा। चीन से अमेरिका आने वाले सामानों पर पहले से 30% टैरिफ लग रहा है। ऐसे में चीन पर कुल 130% टैरिफ लगेगा। ट्रंप ने कहा कि 1 नवंबर से चीन के लिए अहम सॉफ्टवेयर निर्यात पर भी कंट्रोल लागू किया जाएगा। इससे पहले ट्रप ने चीन पर 145% टैरिफ लगाया था, तब चीन ने भी अमेरिका पर 125% टैक्स लगाया था। बातचीत के बाद यूएस ने टैरिफ 30% और चीन ने 10% कर दिया था, अब कुछ समय की शांति के बाद दोनों मुल्क फिर से ट्रेड वॉर की कगार पर आ खड़े हुए है। ट्रंप का यह फैसला चीन की नई निर्यात नीति के जवाब में आया है। 9 अक्टूबर को चीन ने अपने दुर्लभ खनिजों के निर्यात पर नियम और कड़े कर दिए जो दुनिया की तकनीकी अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाते हैं । चीन के इस कदम के बाद दुनियाभर में ई वाहन, कंप्यूटर चिप और अन्य डिवाइस के सेक्टर में असर पड़ा। इसमें



भारतीय विर्निमाण सेक्टर भी शामिल है। अब चीन ने एक बार फिर पूरी दुनिया को निशाना बनाते हुए नए प्रतिबंधों का ऐलान कर दिया। चीन ने अब मिलिट्री कंपोनेंट सहित तमाम कई उपकरणों के निर्यात पर रोक लगा दी है। इसमें मिसाइल और फाइटर जेट में इस्तेमाल होने वाले शक्तिशाली इल्केट्रिकल मोटर टैंक में इस्तेमाल होने वाले लक्ष्य को निर्धारित करने वाले आयुथ सहित कई सैन्य उपकरण शामिल हैं। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, 'हम शुल्क युद्ध नहीं चाहते, लेकिन हम इससे डरते भी नहीं है।'चीन दुनिया की 70% रेयर अर्थ सप्लाई और 90% प्रोसेसिंग पर नियंत्रण है। ऐसे में अमेरिका या यूरोप के किसी देश के लिए इन खनिजों के बिना तकनीकी उत्पादन जारी रखना लगभग असंभव है। ट्रंप के 130% टैरिफ से अमेरिकी टेक कंपनियों, ऑटोमेकर्स और डिफेंस सेक्टर की लागत कई गुना बढ़ सकती है।भारतीय निर्यातको को बड़ा फायदा हो सकता है। चीन से जाने वाला सामान अमेरिका में महंगा होगा। एक्सपर्ट का कहना है कि अब अमेरिकी बाजार में चीन की जगह भारत ले सकता है। कपड़ा, खिलौना और इलेक्ट्रॉनिक सामान जैसे सेक्टरों में भारत का निर्यात बढ़ने की संभावना है। फिलहाल भारत से अमेरिका को 86 अरब डॉलर का निर्यात होता है, जो आने वाले महीनों में तेजी से बढ़ सकता है।अब देखना है कि ट्रंप का व्यक्तिगत अहंकार जीतता है या विश्व के व्यापार जगत का दबाव क्योंकि अमेरिका के अंदर से भी ट्रंप के आत्मघाती कदम की आलोचना शुरू हो गई है।

## रांची में हुआ 'प्रथम धरती आबा जनजातीय फिल्म फेस्ट 2025' का शुभारंभ

# आदिवासी पहचान व जीवन दर्शन का उत्सव है यह महोत्सव : चमरा लिंडा

- डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय शोध संस्थान में 16 अक्टूबर तक चलेगा फिल्म फेस्ट

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राज्य के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने मंगलवार को रांची स्थित डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय शोध संस्थान में 'प्रथम धरती आबा जनजातीय फिल्म फेस्ट 2025' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह महोत्सव केवल फिल्मों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि हमारी आदिवासी पहचान, परंपरा और जीवन दर्शन का उत्सव है। फिल्म एक सशक्त माध्यम है, जो जनजातीय भारत की आत्मा, उसकी संस्कृति और संघर्षों को दुनिया के सामने लाती है। कल्याण मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय समाज के समग्र विकास और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। यह फिल्म महोत्सव झारखंड सरकार एवं भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। चमरा लिंडा ने कहा कि जब भी किसी व्यक्ति, समुदाय या जनजातीय जीवन पर फिल्म बनाई जाए, तो उसके दृश्य और कथानक यथार्थ पर आधारित हों, न कि काल्पनिक या भ्रामक हों। कला और सिनेमा का दायित्व समाज की सच्चाई को उजागर करना है, ताकि आने वाली पीढ़ियां सही परिप्रेक्ष्य में अपनी जड़ों को पहचान सकें। इस पहल से आदिवासी कलाकारों और युवाओं को अपनी अभिव्यक्ति का एक सशक्त मंच मिलेगा, जिससे वे अपने समुदाय की वास्तविक कहानियों को राष्ट्रीय और वैश्विक पटल पर प्रस्तुत कर सकेंगे। कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और भाषाई विविधता का संरक्षण भी है।

शेष पेज 11 पर...

### आउटसोर्सिंग स्वास्थ्यकर्मियों को दुर्गा पूजा में नहीं मिली वेतन, कहा-

## दीपावली व छठ भी क्या अंधेरे में बीतेंगे?



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** स्वास्थ्य विभाग में आउटसोर्सिंग से काम करने वाले कर्मियों को दुर्गा पूजा में वेतन नहीं मिलने से इनका ही स्वास्थ्य पहले से खराब होता जा रहा हैं। इनका कहना है कि दुर्गा पूजा जैसे महान पूजा और उत्सव के मौके पर उन्हें सपरिवार अनदेखी की गई। उन्हें इस पर्व में वेतन मिलने की आस शारदीय नवरात्रि की नवमी तक लगी रही। बावजूद उन्हें वेतन नहीं मिलने से सपरिवारों का यह पर्व उदासी में बीत गई। निकट भविष्य में उनका दीपावली और छठ पर्व भी हैं। उन्हें अंदेशा है कि इन पर्व पर वेतन नहीं मिलने से आर्थिक अंधेरा में खुशी बांटना होगा। ड्रेसर प्रमोद सिंह व सिपाही राम ने कहा कि क्षेत्र के सभी अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र पर आउटसोर्सिंग से कार्यरत कर्मी सफाई से लेकर मरहम पट्टी तक करने के लिए नियमित और समय से ड्यूटी बजाते रहे है। किन्तु उन्हें अल्प राशि का भुगतान भी समय पर नहीं किया जाना चिंता का विषय है।

# जमीन विवाद में झामुमो के पांकी प्रखंड अध्यक्ष की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र अंतर्गत डंडार गांव में मंगलवार को जमीन विवाद में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के पांकी प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना सिन्हा (40 वर्ष) की टांगी से हमला कर हत्या कर दी गई। मृतक के माता चिंतामणि देवी के अनुसार के मुन्ना सिन्हा अपने ट्रैक्टर ड्राइवर के साथ खेत की जोतवाने के लिए निकले थे। इसी दौरान पुराने जमीन विवाद को लेकर गांव के अरूण ठाकुर से उनकी कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने के बाद अरूण की पत्नी चांदनी देवी ने पति को टांगी थमा दी। इसके बाद अरूण ने मुन्ना पर लगातार तीन वार कर दिया। जिससे उसका गर्दन, सिर और शरीर के आगे के हिस्से में गंभीर चोट लगने से वह घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने एमएमसीएच रेफर किया गया, जिसके बाद अस्पताल पहुंचने के बाद प्रारंभिक जांच में चिकित्सकों के मृत घोषित कर दिया। मृतिका की मां ने बताया कि लगभग एक एकड़ जमीन का मामला एक वर्ष पूर्व से है जो की समझौता के बाद ठीक हो गया था। लेकिन जब मंगलवार को मेरा बेटा खेत पर गया तो अरुण ठाकुर और उसकी पत्नी ने टांगी से उसे पर हमला कर दिया। सूचना मिलते ही पांकी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी और हत्या में प्रयुक्त टांगी को पुलिस ने बरामद कर लिया है। लेकिन आरोपी अरुण ठाकुर अपने परिवार के साथ फरार है। घटना की जानकारी मिलते ही झामुमो के पलामू जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सिन्हा और अविनाश देव अपने कार्यकर्ताओं के साथ एमएमसीएच पहुंचे। उन्होंने मृतक की मां से मिलकर ढाडस बनाया। कहा कि किसी भी स्थिति में आरोपी को नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि जमीन विवाद को लेकर हत्या जैसी घटनाएं किसी भी अवस्था में बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।

## ऊंटारी रोड़ पुलिस ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को किया जब्त

**ऊंटारी रोड़।** एनजीटी की स्पष्ट रोक के बावजूद जिले के उंटारी रोड में अवैध बालू उठाव जारी है। प्रशासन ने सोमवार को एक ट्रैक्टर जब्त किया, लेकिन यह कदम स्थानीय लोगों के सवालों को शांत करने के लिए दिखावटी लग रहा है। जानकारी के अनुसार, जब्त ट्रैक्टर सतबहीनी गांव के सुनील शर्मा का है। ग्रामीणों का कहना है कि अवैध खनन लंबे समय से जारी है, फिर भी प्रशासन प्रभावी कार्रवाई में नाकाम क्यों रहा, यह समझ से परे है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी योजनाओं और आवास निर्माण में बालू के लिए सरकार को विचार करना चाहिए। ग्रामीणों का कहना है कि सिर्फ ट्रैक्टर जब्त करने से समस्या नहीं रुकेगी। सख्त निगरानी और लगातार कार्रवाई ही अवैध खनन को रोक सकती है।

# हुसैनाबाद में शराब दुकानों में प्रिंट रेट से ज्यादा वसूली का खेल लगातार जारी

- प्रशासन मौन, ग्राहकों ने अधिक कीमत लेने का लगाया आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**




**हुसैनाबाद।** झारखंड में नई शराब खुदरा बिक्री निति विगत 1 सितंबर 2025 से लागू हो गयी है, वहीं निजी हाथों में बिक्री शुरू होते ही शराब दुकानों में ग्राहकों की भीड़ होने लगी है। वहीं सरकार ने एमआरपी से अधिक शराब बेचने पर जुमार्ना का प्रावधान किया है। वहीं सरकार के निदेर्शों का धज्जियां उड़ाते हुए शराब दुकानदार ग्राहकों से मनमानी पैसे खुलेआम वसूल रहे है। वहीं रेट को लेकर ग्राहकों व दुकानदारों में रोज तू-तू-मैं मैं हो रहे है। शहर के जेपी चौक, जपला छतरपुर रोड स्थित सिद्धनाथ गेट के बगल में स्थित अंग्रेजी शराब दुकानदारों द्वारा एमआरपी से ज्यादा पैसा ग्राहकों से वसूलने का खेल लगातार शुरू हैं। यह हाल सिर्फ एक जगह नहीं है, हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज में ओवर रेट वसूलने का धंधा खुलेआम हो रहा है। बीते दिनों शहर के जेपी चौक पर ग्राहक और शराब दुकानदार के बीच ओवर रेट को लेकर तू -तू मैं होने लगा, क्योंकि ग्राहक ने उस दुकान से इंपीरियल ब्लू शराब की हॉफ बोतल मांगा। उक्त शराब की बोतल पर 340 रुपये अंकित था, जबकि दुकानदार द्वार उस ग्राहक से बोतल की कीमत 400 रुपये लिया गया। जो ग्राहक प्रिंट रेट पर शराब लेना चाहते है, उन्हें शराब नहीं दी जाती। बताया जाता है कि नीचे से लेकर उपर तक बंधी बंधाई रकम दी जाती हैं, इससे शराब दुकानदारों का मनोबल बढ़ा है। ग्राहकों ने पलामू उपायुक्त व स्थानीय प्रशासनिक पदाधिकारियों से अवैध वसूली करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। अन्यथा रेट को लेकर कभी मारपीट की घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता हैं।

## रेल क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को लेकर जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**




**मोहम्मदगंज।** स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डीडीयू मंडल रेल क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक निषेध दिवस मनाया। इसके तहत प्रमुख स्टेशनों पर प्लास्टिक अपशिष्ट के उपयोग और प्रबंधन से संबंधित गतिविधियां संचालित की गईं। जिसमें स्टॉलों का निरीक्षण कर विक्रेताओं को सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग के रोकथाम के प्रति जागरूक किया गया। जबकि प्लास्टिक अपशिष्ट पर नियंत्रण के लिए पोस्टर, घोषणाएं और संवाद कार्यक्रम के माध्यम से यात्रियों को इसके प्रति सजग किया गया। इसके साथ ही पर्यावरणीय जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के लिए यात्रियों, विक्रेताओं और कर्मचारियों को पुनः उपयोग योग्य विकल्पों की ओर प्रेरित किया गया। बताया गया कि इन गतिविधियों को संचालित करने का उद्देश्य रेलवे परिसरों को प्लास्टिक मुक्त बनाना और अपशिष्ट प्रबंधन को सुदृढ़ करना है। इसी क्रम में विभिन्न स्टेशनों पर अमृत संवाद कार्यक्रम सक्रिय रूप से जारी रहा। जिसमें यात्रियों से प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से उनके यात्रा अनुभव, स्टेशन परिसर की स्वच्छता, प्लास्टिक उपयोग पर उनकी राय और सेवा अपेक्षाओं को समझा गया। इस दौरान यात्रियों ने पर्यावरणीय सुधारों और स्वच्छता से जुड़े अपने विचार साझा किए। इस प्रकार स्वच्छता, पर्यावरणीय जागरूकता और जन सहभागिता को सशक्त करने की दिशा में यह कदम ठोस पहल साबित हुआ।

## वंशावली निर्गत करने को लेकर शिविर आज से

**मोहम्मदगंज।** भजनियां-मोहम्मदगंज से हैदरनगर (मोहम्मदगंज-दंगवार) वाया कोल्हुआ, बरडीहा, पंसा, अधौरा और रानीदेवा पथ निर्माण योजना में अधिग्रहित की जाने वाली भूमि के प्रमाणपत्र और वंशावली निर्गत करने की प्रक्रियागत कार्रवाई को लेकर बुधवार से अलग-अलग पंचायत सचिवालय में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में आदेश जारी कर अंचल अधिकारी रणवीर कुमार ने संबंधित पंचायत सचिवालय में आयोजित शिविर में भू अर्जित की जाने वाली भूमि से संबंधित कागजात के साथ उपस्थित होने का आग्रह किया है। इसके लिए जरूरी दस्तावेज में उन्होंने आवेदन पत्र के साथ नोटिस (धारा-37) की छाया प्रति, अद्यतन लगान रसीद, अद्यतन पंजी-टू, खतियान, विक्रय पत्र, बंटवारानामा और अन्य कागजात यदि कोई हो, मुखिया से सत्यापित पंजी-टू के अनुसार वंशावली (खतियानी, मांगधारी रैयत या हितबद्ध रैयत से संबंधित) को अनिवार्य बताया है।

## जीईसी पलामू में क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन




**नीलांबर पीतांबरपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना क्लब, गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज पलामू में मंगलवार को एक प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल 65 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत एनएसएस के उद्देश्यों, सेवा, नेतृत्व व सामाजिक जिम्मेदारी जैसे मूल्यों पर आधारित परिचयात्मक भाषण से हुई। इसके पश्चात कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डा.) संजय कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने और एनएसएस जैसे संगठनों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की बुद्धिमत्ता, त्वरित निर्णय क्षमता और टीमवर्क की परीक्षा ली गई। प्रतियोगिता में अनामिका तिवारी ने प्रथम, शिबली मोहम्मद ने द्वितीय और निखिल कुमार महथा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया, वहीं सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। समापन अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. महेंद्र मरांडी ने आयोजन टीम की सराहना की और छात्रों को एनएसएस गतिविधियों में सक्रिय रहने हेतु प्रेरित किया। यह कार्यक्रम एनएसएस की टीम भावना, सामाजिक चेतना और सीखने के आनंद को दशार्ता है। आयोजन अत्यंत सफल रहा और महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय बना।




**सतबरवा।** पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा रांची से मेदिनीनगर जाते समय मंगलवार को सतबरवा पहुंचने पर ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा समेत कई लोगों ने अंगवस्त्र, बुके और माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर ग्रामीणों ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा से जुड़ा एक मांग पत्र मुंडा को सौंपा। उन्होंने सप्तमी (सतनी), कोटया और लकड़ाही पहाड़ क्षेत्र को बचाने की गुहार लगाई और कहा कि आदिवासी संस्कृति की रक्षा ही पर्यावरण संरक्षण की कुंजी है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ बिचौलियों द्वारा भ्रामक आमसभा कर अवैध लीज प्रक्रिया पूरी की गई है, जिसकी जांच की मांग की गई। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता आशिष कुमार सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि सह मीडिया प्रभारी महेश यादव, अध्यक्ष शिवराज सिंह, राजा सिंह, नितेश गुप्ता, कौलेनदर सिंह, मनोज राम, मधेशी राम, एतवरिया कुंवर नारायण सिंह, रामप्यारी सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



## लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के हरसइन मोड़ पर चला संघन वाहन चेकिंग अभियान



**नीलांबर पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के पांकीझमेदिनीनगर मुख्य पथ पर स्थित हरसइन मोड़ के पास मंगलवार को पुलिस प्रशासन द्वारा संघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की गहन जांच की गई। अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय के निर्देश पर एएसआई रामानंद प्रसाद ने अपने सशस्त्र बल के साथ किया। चेकिंग के दौरान वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, बीमा पत्र, प्रदूषण प्रमाण पत्र, हेलमेट दो पहिया वाहनों एवं सीट बेल्ट चार पहिया व गाड़ी का पेपर की सघन जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों से मौके पर वाहनों को जब्त भी किया गया। पुलिस द्वारा यह अभियान सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने हेतु चलाया गया था। मौके पर वाहन चालकों में हलचल देखी गई, परंतु अभियान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। पुलिस ने आगे भी ऐसे अभियान जारी रखने की बात कही है।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल, रेफर

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के दो लोग अलग-अलग सड़क दुर्घटना में घायल हो गये हैं। समाचार के अनुसार नबीनगर जपला मुख्य सड़क (नहर) पर एकौनी गांव के समीप बाइक दुर्घटना में एक महिला घायल हो गई। बताया जाता है कि महिला और उसका पति खरोरी (अम्बा) से हुसैनाबाद के अमही गांव जा रहे थे, उसी क्रम में बाइक से खुशबू देवी नामक महिला गिरकर घायल हो गयी। महिला का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल से कराने के बाद स्थिति को गंभीर हालत देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि उक्त महिला अपने मायके अमही गांव जा रही थी। उधर हुसैनाबाद के प्रखर समाजसेवी सैयद जक्की हुसैन उर्फ शम्मू हुसैन का सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। वह रांची से जपला घर लौटने के क्रम में एक बोलोरो वाहन ने धक्का मारकर फरार हो गया। उनका इलाज मेदिनीनगर के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विजय कुमार सिंह की देख रेख में किया गया, उन्होंने कहा कि मामला क्रिटिकल है, फेफड़े में एयर बनने की संभावना है, फिलहाल वह डॉक्टर विजय सिंह ने आराम करने की सलाह दी है।

### दो बाइक की टक्कर में 5 घायल, 4 गंभीर



**मोहमदगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कादलकर्मी-दंगवार मुख्य पथ में सोमवार की देर शाम दो बाइक की टक्कर में घायल 5 में से 4 को गंभीर हालत की वजह से उनके बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर किया गया है। दुर्घटना मुख्य पथ में नागबाबा मंदिर और अशोका बिल्डकॉन लिमिटेड के कैंप पास घटी थी। जिसमें दो बाइक के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई थी। इसमें बाइक पर सवार सभी 5 घायलों को पुलिस टीम और ग्रामीणों की तत्परता से निजी वाहन से इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया था। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जयकुश कुमार (मोहम्मदगंज) को छोड़कर 4 अन्य घायलों रंजीत गुप्ता,दीपक शर्मा (लटपौरी) और अनुपम सिंह व सोहैल अंसारी (सोनबरसा) निवासी को मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया है। इस दुर्घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के अनुसार रंजीत गुप्ता रोज की तरह साथी दीपक शर्मा के साथ लटपौरी से दूध बेचने के लिए मोहम्मदगंज आ रहा था। जबकि अनुपम सिंह अन्य साथियों के साथ मोहम्मदगंज बाजार से चिकेन और स जि लेकर सोनबरसा अपने गांव वापस लौट रहे थे। इसी दौरान उक्त स्थल पर दोनों बाइक के बीच टक्कर हो गई थी। इस मामले में विचारणीय प्रश्न यह है कि सूचना के बाद भी एम्बुलेंस 108 सेवा सुलभ नहीं हुआ था। ऐसी हालत में घायलों को आनन-फानन में निजी वाहन से अस्पताल भेजना पड़ा।

## पोस्ता की अवैध खेती चिंता का विषय : थाना प्रभारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**नौडीहा।** पोस्ता की अवैध खेती राज्य व्यापी चिंता का विषय बन गया, जिससे झारखंड सरकार काफी संवेदनशील हुई है। संपूर्ण राज्य में चिन्हित पंचायत के जंगलों में पोस्ता उन्मूलन के लिए प्रशासनिक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है। इसी परिपेक्ष्य में डगरा पंचायत के रतनाग में खैरादोहर, लालगडा, डगरा के ग्रामीणों की उपस्थिति में आरक्षी उपाधीक्षक छतरपुर अवध कुमार यादव, थाना प्रभारी नौडीहा अमित कुमार के नेतृत्व में एक जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। जिसमें तथाकथित वक्ताओं के द्वारा पोस्ता की खेती पूर्णतः समाप्त करने एवं इसे जघन्य अपराध की श्रेणी में रखते हुए सरकार के द्वारा बनाए गए कठोर कानून की विस्तृत जानकारी दी गई। पोस्ता की खेती के लिए एक बड़ा रैकेट बड़े अपराधी के द्वारा संचालित है, जिसके भुक्तभोगी निर्दोष ग्रामीण होते है। इसपर अंकुश लगाने के लिए आज प्रशासन की ओर से विनम्र आग्रह किया गया। साथ ही ग्रामीण के बीच प्रशासन की ओर से कटिबद्धता पूर्वक गरीबों की गरीबी मिटाने के लिए सरकार की लाभकारी योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया गया है। नौडीहा पुलिस ने बीएनएस की धारा 47 का नोटिस जारी कर संबंधित जन प्रतिनिधि की संलिप्तता या साक्ष्य का पटाक्षेप की संभावनाओं के आधार पर संबंधित जन प्रतिनिधि पर कठोर दंडनातमक कारवाई करने को चेताया है। अब पोस्ता अपराधी को संरक्षण देने वाले घटक भी नपेंगे। अंत में पोस्ता उन्मूलन के संकल्प के साथ सभा समाप्ति की घोषणा की गई।

## झामुमो नेता बबलू सिंह ने जताया गहरा शोक

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद (पलामू)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय महासचिव सह प्रवक्ता और राज्य समन्वय समिति के सदस्य विनोद कुमार पांडेय की पूज्यनीय माताजी जलेश्वरी देवी के निधन पर पार्टी के नेताओं और कार्यकतार्ओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है। झामुमो किसान मोर्चा के पलामू जिलाध्यक्ष बशिष्ठ कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने श्री पांडेय के आवास पहुंचकर दिवंगत माता के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने शोकसंतप्त परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया और ईश्वर से प्रार्थना की कि विनोद पांडेय एवं उनके परिजनों को इस असह्य दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।बबलू सिंह ने कहा कि जलेश्वरी देवी का जीवन सादगी, संस्कार और सेवा भावना का प्रतीक रहा है। उनके निधन से समाज और झामुमो परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है। गौरतलब है कि दिवंगत जलेश्वरी देवी का अंतिम संस्कार 13 अक्टूबर को सुबह 11 बजे रांची के हरमू मुक्ति धाम घाट पर किया गया।

**पहल**

### भैरोपुर में नव निर्मित आंगनबाड़ी भवन का उद्घाटन

# बच्चों व माताओं को मिलेगा सुरक्षित व सशक्त केंद्र

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद (पलामू)।** बाल विकास परियोजना के अंतर्गत ऊपरी कला पंचायत के भैरोपुर गांव में नव निर्मित आंगनबाड़ी भवन का उद्घाटन मंगलवार को पंचायत समिति सदस्य पवन कुमार एवं वार्ड सदस्य अविनाश कुमार परमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर पूरे गांव का माहौल उत्साहपूर्ण रहा। उद्घाटन समारोह में वरीय महिला पर्यवेक्षिका सीमा झा, प्रेमलता कुजूर, किरण कुमारी, एएनएम सुषमा कुमारी, स्वास्थ्य सहिया संगीता देवी एवं सीमा देवी, आंगनबाड़ी सेविका मधु सिंह, सहायिका प्रमिला देवी सहित अनेक गणमान्य ग्रामीण उपस्थित थे। इस मौके पर सीमा झा ने कहा कि नव निर्मित आंगनबाड़ी भवन के बन जाने से बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। पहले आंगनबाड़ी केंद्र किराए या अस्थायी भवन में संचालित होता था, जिससे बच्चों के बैठने, पढ़ाई-लिखाई और पोषण वितरण में कई दिक्कतें आती थीं। अब यह नया भवन सभी सुविधाओं से युक्त है, जिसमें बच्चों के खेलने, सीखने और पोषाहार वितरण की उचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि हर गांव में आंगनबाड़ी केंद्र सशक्त और सक्रिय रूप से कार्य करे ताकि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं और बच्चे प्रारंभिक देखभाल, पोषण एवं शिक्षा से जुड़ सकें। सीमा झा ने उपस्थित ग्रामीणों से अपील की कि वे नियमित रूप से केंद्र से जुड़ें और अपने बच्चों को समय पर टीकाकरण, वजन मापन और शिक्षा से जोड़ें। पंचायत समिति सदस्य पवन कुमार ने कहा कि यह भवन ग्रामीण विकास की दिशा में एक सशक्त कदम है। आंगनबाड़ी केंद्र अब सिर्फ पोषण वितरण का स्थान नहीं रहेगा, बल्कि यह गांव की मातृ एवं शिशु कल्याण का केंद्र बनेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने भवन का निरीक्षण किया और सेविका-सहायिका को शुभकामनाएं दीं कि वे बच्चों के सर्वांगीण विकास में अपना योगदान दें।

## सीएम पशुधन विकास को लेकर बैठक आज

**मोहम्मदगंज।** वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत योजनाओं के चयन को लेकर बुधवार को स्थानीय प्रखंड सभागार में बैठक बुलाई गई है। इस संबंध में बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार ने पत्र निर्गत कर सांसद, विधायक प्रतिनिधियों, जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, उपप्रमुख, प्रखंड पशुपालन और कल्याण पदाधिकारी से इस बैठक ससमय भाग लेने का अनुरोध किया है। बैठक पूर्वाह्न 11 बजे आहूत की गई है। बीडीओ ने बताया कि प्रखंड स्तरीय इस बैठक में चयनित योजनाओं का अनुमोदन कर उनको स्वीकृति प्रदान करने को लेकर जिला पशुपालन पदाधिकारी को भेजा जा सकेगा।

### आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान पर कार्यशाला

# स्वदेशी अपनाएं, भारत बनाएं : अर्जुन मुंडा

● टाउन हॉल में हुआ कार्यक्रम, सांसद विष्णु दयाल व विधायक आलोक चौरसिया ने आत्मनिर्भरता को बताया समय की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** शहर के टाउन हॉल में आज आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों को स्वदेशी अपनाने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत हर दिशा में आत्मनिर्भर हो रहा है। आत्मनिर्भर भारत वास्तव में स्वदेशी का आंदोलन है, जिसका उद्देश्य हमारे गांवों और कस्बों को मजबूत बनाना है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद देश में एक ऐसी सरकार आई जिसने स्पष्ट नीतियों के साथ 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना से कार्य किया। आज कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को रोजगार मिल रहे हैं और वे आत्मनिर्भर बन रहे हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों को आह्वान किया कि अपने आस-पास बनने वाले उत्पादों का उपयोग कर स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाएं।

मौके पर पलामू सांसद विष्णु दयाल ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का अर्थ है ऐसा देश जो अपनी आवश्यकताओं के लिए दूसरों पर कम निर्भर हो। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाने का उद्देश्य किसी देश से संबंध खराब करना नहीं, बल्कि अपने संसाधनों और प्रतिभाओं का सर्वोत्तम उपयोग करना है। उन्होंने छोटे व्यवसायों, नवाचारों और स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया।

कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने बताया कि यह अभियान 25 सितंबर से 25 दिसंबर तक तीन महीने चलेगा। उन्होंने कहा कि स्वदेशी का अर्थ केवल वस्तुओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारी भाषा, संस्कृति, पहनावे और जीवनशैली से जुड़ा है। गांधीजी ने चरखे के माध्यम से लोगों को आत्मनिर्भरता का संदेश दिया था, उसी विचार को आज फिर अपनाने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने 'मेक इन इंडिया' और 'मेड इन इंडिया' जैसी योजनाओं से विश्व स्तर पर पहचान बनाई है। भारत का रक्षा निर्यात कुछ सौ करोड़ से बढ़कर 24,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

विधायक आलोक चौरसिया ने अपने संबोधन में कहा कि विदेशी सामानों के प्रयोग से देश का धन बाहर चला जाता है, इसलिए देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए हर नागरिक को स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को प्राथमिकता देनी चाहिए।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे, पूर्व महापौर अरूणा शंकर, पूर्व मंत्री कमलेश सिंह, विपिन बिहारी सिंह, परशुराम ओझा, विजय आनंद पाठक, नरेंद्र पांडेय, प्रफुल्ल सिंह, विभाकर नारायण पांडेय, मंगल सिंह, अविनाश वर्मा, अजय तिवारी, उदय शुक्ला, दुर्गा जौहरी, शिवकुमार मिश्रा, विजय ओझा, ईश्वरी पांडेय, सरवन गुप्ता, सोमेश सिंह, भोला पांडेय, शशिभूषण पांडेय, प्रेमजीत कुमार, नंदलाल गुप्ता, स्मिता लवली गुप्ता, रूप सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सोशल एंड मोटिवेशनल ट्रस्ट ने 60 कवियों को सम्मानित किया

**मेदिनीनगर।** सोशल एंड मोटिवेशनल ट्रस्ट झारखंड इकाई ने सत्कार भवन में देर रात तक चले 'कवि सम्मेलन सह सम्मान समारोह' में झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल के 60 कवियों को अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम का उद्घाटन प्रथम मेयर अरूणा शंकर, साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त अवकाश प्राप्त मुख्य वन संरक्षक कुमार मनीष अरविंद, विद्यापति सेवा समिति के सचिव प्रेमानंद झा, अवकाश प्राप्त मुख्य अभियंता अमरेश कुमार, बेनी देवी, 'हम' पार्टी के जिला अध्यक्ष आशुतोष तिवारी, युवा नेता ट्विंकल गुप्ता और संस्था के राष्ट्रीय सलाहकार रथिन्द्र नाथ झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अध्यक्षता प्रोफेसर सूर्यकांत चौधरी और संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया।जमशेदपुर की नीता चौधरी ने भगवती गीत पर भावपूर्ण प्रस्तुति दी, जबकि डॉ रामप्रवेश पंडित ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि अरूणा शंकर ने कहा कि अच्छा साहित्य समाज को सही दिशा में ले जाने का मार्ग दिखाता है, वहीं कुमार मनीष ने जंगल और कंक्रीटी जंगल पर अपनी कविता से पर्यावरण संरक्षण में सबकी भागीदारी को अनिवार्य बताया।

## सेवा पखवाड़ा के तहत रेड क्रॉस ने किया रक्तदान शिविर आयोजित

**मेदिनीनगर।** सेवा पखवाड़ा के तहत मंगलवार को रेड क्रॉस सोसाइटी पलामू द्वारा डॉक्टर सत्यजीत गुप्ता के क्लिनिक राजमति चिकित्सा केंद्र, घड़ा पट्टी, डालटनगंज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 10 यूनिट रक्तदान हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के बीच रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना था।रेड क्रॉस पलामू की ओर से सचिव डॉ. सत्यजीत गुप्ता, संयोजक सुधीर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह, सदस्य कृष्णा प्रसाद अग्रवाल, आलोक वर्मा, मोहिनी गुप्ता, रेणु गुप्ता, विश्वजीत गुप्ता, अनिल गुप्ता, रामशंकर प्रसाद, प्रसेंजीत दास गुप्ता, अनवर हुसैन और प्रोफेसर महेंद्र राम उपस्थित रहे।रक्त अधिकोष पलामू की ओर से आलोक कुमार और अभय कुमार सहित अन्य कर्मी भी सहयोग के लिए मौजूद रहे।

## शहर में चैन स्नैचिंग की वारदात, महिला घायल

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत टिओपी-2 इलाके में मंगलवार की सुबह फिर से चैन स्नैचिंग की वारदात ने लोगों में दहशत फैला दी। बेलवाटिकर मोहल्ले के गुरुद्वारा रोड पर सुबह करीब 10 बजे दो अज्ञात बदमाशों ने स्कूटी पर सवार होकर पूजा कर घर लौट रही व्यवसायी गोवर्धन सिंह की पत्नी को निशाना बनाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों बदमाशों ने महिला के गले से सोने की चेन झपट ली और जोर से धक्का देकर मौके से फरार हो गए। अचानक हुए इस हमले से महिला सड़क पर गिर पड़ी और उन्हें हल्की चोटें आईं। घटना की जानकारी मिलते ही शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुँची। पुलिस ने पीड़िता से घटना की जानकारी ली और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। शहर थाना प्रभारी ने कहा कि पीड़ित परिवार की ओर से अभी तक लिखित शिकायत नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस हर कोण से जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज की मदद सेके स्नैचरों की पहचान की जा रही है। लिखित आवेदन मिलते ही प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू की जाएगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि बीते कुछ दिनों से इस इलाके में चोरी और चैन स्नैचिंग की घटनाएँ बढ़ गई हैं।

## प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**मेदिनीनगर।** प्रखंड के गांधी प्लस टू उच्च विद्यालय खेल मैदान में मेरे युवा भारत (माय भारत) पलामू द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय समूह प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता उत्साह और जोश के बीच संपन्न हुई, जिसमें बालक वर्ग के लिए फुटबॉल, 400 मीटर दौड़ और लंबी कूद तथा बालिका वर्ग के लिए कबड्डी, रस्सी कूद और 200 मीटर दौड़ के मुकाबले हुए, फाइनल फुटबॉल मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि थाना प्रभारी संतोष गिरी, मुरमा कला मुखिया मीना देवी और पारस कुमार ने संयुक्त रूप से किक मारकर किया, पारस कुमार ने खेल को जीवन का अहम हिस्सा बताते हुए बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल अपनाने की सलाह दी, वहीं एएसआई संजय कुमार ने असफल खिलाड़ियों को अगली बार बेहतर तैयारी का सुझाव और प्रधानाचार्य अजीम अंसारी ने सफलता का मंत्र समयबद्ध प्रयास बताया, फुटबॉल में न्यू स्टार क्लब मुरमा ने प्रथम जबकि स्टार क्लब मुरमा खुर्द ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, कबड्डी (बालिका वर्ग) में ऊंटारी रोड टीम पहली और सिरहा टीम दूसरी रही, रस्सी कूद में ज्योति कुमारी प्रथम, अनन्या कुमारी द्वितीय और पुष्पा कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं, 400 मीटर दौड़ (बालक वर्ग) में विकास कुमार पहले, शैलेश यादव दूसरे, सुजीत मेहता तीसरे स्थान पर रहे, 200 मीटर दौड़ (बालिका वर्ग) में नंदनी कुमारी प्रथम, ज्योति कुमारी द्वितीय, खुशी कुमारी तृतीय बनीं, लंबी कूद (बालक वर्ग) में छोटू कुमार प्रथम, रोहित कुमार द्वितीय, अभय तिवारी तृतीय स्थान पर रहे, प्रतियोगिता के अंत में विजेताओं और उपविजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## संत मरियम विद्यालय के 8 छात्र राज्य स्तरीय समूह गान प्रतियोगिता के लिए चयनित

**मेदिनीनगर।** भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सामूहिक गान प्रतियोगिता में पलामू के संत मरियम विद्यालय के आठ विद्यार्थियों का चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता रांची स्थित सरला बिरला महाविद्यालय में आयोजित होगी, जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों के प्रतिभागी अपनी संगीत प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।चयनित विद्यार्थियों में सात छात्राएं आकांक्षा कुमारी, स्वीटी वर्मा, अराधना कुमारी, नंदनी कुमारी, साक्षी प्रिया, वैष्णवी रानी, अलीमा अंजुम और एक छात्र हारमोनियम संगतकार मोहित नायक शामिल हैं। ये सभी विद्यालय के संगीत प्रशिक्षक श्याम किशोर पांडेय के निर्देशन में भाग लेंगे।रवाना होने से पूर्व विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें चेयरमैन अविनाश देव ने विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के साथ शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विद्यालय कला, संस्कृति और संगीत में विद्यार्थियों की प्रतिभा को हमेशा प्रोत्साहित करता रहा है।इस अवसर पर भारत विकास परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी सत्येंद्र तिवारी, रजनीकांत पांडे, विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं और अभिभावक उपस्थित रहे। सभी ने दल की सफलता और पलामू का नाम राज्य स्तर पर रोशन करने की कामना।

## परशुराम नगर में नाली निर्माण पर सवाल प्राक्कलन के विरुद्ध काम का आरोप

**मेदिनीनगर।** परशुराम नगर वार्ड नंबर 17 में चल रहे नाली निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय लोगों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि निर्माण कार्य स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार नहीं किया जा रहा है, जिससे गुणवत्ता पर असर पड़ सकता है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, प्राक्कलन में नाली निर्माण के लिए हयूम पाइप लगाने का प्रावधान था, लेकिन ठेकेदार द्वारा उसकी जगह कम गुणवत्ता वाले पाइप का उपयोग किया जा रहा है। इसी प्रकार, पाइप के नीचे कंक्रीट की परत डालने का प्रावधान होने के बावजूद उसे भी नजरअंदाज किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि इससे नाली की मजबूती पर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है। निवासियों ने आशंका जताई है कि निर्माण प्रक्रिया में लापरवाही के कारण भविष्य में नाली टूटने, धँसने या जाम होने जैसी समस्या उत्पन्न हो सकती है, जिससे जल निकासी बाधित होगी और बरसाती दिनों में जलभराव की स्थिति बन सकती है। नागरिकों ने नगर निगम प्रशासन से जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

## 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान के लिए कांग्रेस ने बनाई रणनीति

**मेदिनीनगर।** जिला कांग्रेस भवन में आज जिला अध्यक्ष बिमला कुमारी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसमें कांग्रेस संगठन की सभी इकाइयों और प्रकोष्ठों के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य "वोट चोर गद्दी छोड़" हस्ताक्षर अभियान की रणनीति को अंतिम रूप देना था। बैठक में पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए जिला अध्यक्ष बिमला कुमारी ने कहा कि इस अभियान को केवल औपचारिक कार्यक्रम न मानकर जनता को जागरूक करने और लोकतंत्र बचाने के आंदोलन के रूप में चलाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि वोट चोरी केवल चुनावी गड़बड़ी नहीं, बल्कि जनता की आस्था और अधिकार का अपमान है, जिसके खिलाफ कांग्रेस अंतिम दम तक संघर्ष करेगी। प्रत्येक पंचायत, वार्ड और मोहल्ले तक जाकर लोगों को यह विश्वास दिलाना होगा कि कांग्रेस उनके वोट की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी सत्या दुबे, उपाध्यक्ष मिथिलेश सिंह, विनोद तिवारी, महिला जिलाध्यक्ष रेखा सिंह, जिला प्रवक्ता गोपाल सिंह, युवा जिलाध्यक्ष मुन्ना खान, चैनपुर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रंजन दुबे, मजदूर नेता अनिल सिंह, ओमप्रकाश त्रिपाठी, आशीष ठाकुर, जिशान खान, रिज़वान खान, ग़ुलाम नबी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने संगठन की पूरी ताक़त इस अभियान में लगाने का संकल्प लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी दिनों में प्रत्येक प्रखंड में अलग-अलग बैठकें होंगी और क्रमवार सभी पंचायतों में हस्ताक्षर शिविर आयोजित कर इस अभियान को जन-आवाज़ बनाया जाएगा।

# रेहला व बी-मोड़ के कई प्रतिष्ठानों का एफएसओ ने किया औचक निरीक्षण

● खाने के सैंपल लिए, साफ-सफाई में लापरवाही पर दो दुकानों पर लगा जुर्माना

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता ने मंगलवार को रेहला तथा बी-मोड़ क्षेत्र के कई खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और स्वच्छता की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान सौरभ रेस्टोरेंट, राजमाता होटल, बिहारी होटल, बाबू स्वीट्स, मुस्कान स्वीट्स एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया गया। राजमाता होटल से खोआ, सौरभ रेस्टोरेंट से रसगुल्ला तथा कस्तूरबा विद्यालय से आटा, अरहर दाल, काबुली चना, चना दाल और सेवई के सैंपल कलेक्ट किए गए। एफएसओ लव कुमार गुप्ता ने बताया कि यह निरीक्षण खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच, स्वच्छता मूल्यांकन और मिलावट पर नियंत्रण के उद्देश्य से किया गया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर राजमाता होटल, सौरभ रेस्टोरेंट, बिहारी होटल, बाबू स्वीट्स और मुस्कान स्वीट्स को स्पष्टीकरण जारी किया गया। मुस्कान स्वीट्स में एक्सपायर्ड कोल्ड ड्रिंक मिलने पर उसे नष्ट किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने सभी संचालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों का पालन अनिवार्य है। उन्होंने दुकानदारों को हाइजीनिक किचन व्यवस्था, सही स्टोरेज, एक्सपायरी डेट की जांच और कर्मचारियों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बासी, सड़ी-गली या एक्सपायर्ड खाद्य सामग्री किसी भी स्थिति में उपयोग में नहीं लाई जाए। एफएसओ लव कुमार गुप्ता ने यह भी स्पष्ट किया कि गुणवत्ता आधारित जांच का यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## छठ घाटों के किनारे से तुरंत बालू हटाने का निर्देश : अरुणा शंकर



● प्रथम महापौर ने कहा- व्रतियों की सुरक्षा हेतु प्रशासन करे तैयारी, घाटों की सफाई समय पर पूरी होगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरूणा शंकर ने मंगलवार को शहर के मुख्य छठ घाट कोयल रिवर फ्रंट की व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कोयल नदी में इस बार पानी पर्याप्त मात्रा में है, लेकिन स्थानीय लोगों द्वारा की जा रही बालू उठाव के कारण नदी का किनारा काफी गहरा हो गया है। इससे छठ व्रतियों के लिए अर्घ्य देना भी कठिन हो जाएगा। उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि इस पर तुरंत संज्ञान लेकर किनारों को ठीक किया जाए, अन्यथा छोटे बच्चों और महिलाओं के डूबने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। महापौर ने बताया कि यही स्थिति पप्पू कल छठ घाट और अमानत नदी तट की भी है। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा सफाई का काम जारी है और उम्मीद है कि दीपावली के बाद यह कार्य समय पर पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि कहीं सफाई कार्य अधूरा रह गया तो वे स्वयं अपनी जेसीबी मशीन भेजकर सहभागी बनेंगी। उन्होंने कहा कि छठ पर्व हिंदुओं का सबसे बड़ा पर्व है और इसमें पूरे शहर की सफाई आवश्यक है क्योंकि व्रती सड़कों पर लेटकर सूर्य देव की वंदना करते हैं। साफ-सफाई और घाट की सुरक्षा व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया कि इस बार विशेष रूप से अमानत, कोयल रिवर फ्रंट और पप्पू कल छठ घाट पर प्रशिक्षित गोताखोरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

### 'राष्ट्रीय नवीन मेल' को पाठकों ने बताया जन-सरोकार का सशक्त माध्यम

# पाठकों ने कहा- अखबार ने जनता की समस्याओं को ईमानदारी से उठाकर दिलों में बनाया विश्वास

**नवीन मेल संवाददाता**









**मेदिनीनगर।** 'राष्ट्रीय नवीन मेल' के प्रति लोगों की प्रतिक्रिया उत्साह और सराहना से भरी रही। राष्ट्रीय नवीन मेल के प्रति पाठकों का विश्वास और जुड़ाव लगातार मजबूत होता जा रहा है। समाज के विभिन्न वर्गों ने इस अखबार को सिर्फ एक समाचार पत्र नहीं बल्कि जनता की आवाज़ बताया है।

समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह अखबार केवल समाचार पत्र नहीं, बल्कि आम लोगों की आवाज़ है जिसने हमेशा सच्चाई को सबसे आगे रखा। सामाजिक कार्यकर्ता सह ठेकेदार छोटू पांडेय ने कहा कि राष्ट्रीय नवीन मेल ने हमेशा आम जनता की आवाज़ को बुलंद किया है। ग्रामीण इलाकों की समस्याओं को जिस मजबूती और निरंतरता से अखबार ने उठाया, वह प्रशंसनीय है।

युवा समाजसेवी आशीष भारद्वाज ने कहा कि 'राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार जगत में एक क्रांति है।' यहां हमेशा मूल मुद्दों को प्रमुखता दी जाती है, खासकर जनहित और स्थानीय समस्याओं को। उन्होंने कहा कि यह अखबार हमारे शहर का पहला सशक्त माध्यम है जिसने अन्याय के खिलाफ जनता की आवाज़ को लगातार उठाया है।

महिला पाठक विशाखा कुमारी ने कहा कि महिलाओं से जुड़े मुद्दों को अखबार ने सशक्त रूप से प्रस्तुत किया है। इससे महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और उन्हें सामाजिक भागीदारी के लिए प्रेरणा मिली है।

व्यवसायी मनीष पांडेय ने कहा कि अखबार की निष्पक्ष और तथ्याधारित रिपोर्टिंग ने पाठकों का भरोसा कायम रखा है। उन्होंने कहा कि इसी कारण यह अखबार न सिर्फ सूचना का माध्यम बल्कि ईमानदारी की मिसाल बन गया है।

शिक्षा, करियर व ग्रामीण समस्याओं पर अखबार की भूमिका को सराहा

मैकेनिकल इंजीनियर पवन विश्वकर्मा ने कहा, "राष्ट्रीय नवीन मेल सिर्फ समाचार पत्र नहीं बल्कि समाज की आवाज़ है। यह ग्रामीण इलाकों की समस्याओं को भी प्रमुखता से प्रकाशित करता है और यही इसकी सबसे बड़ी ताकत है।" वहीं युवा पाठक राहुल कुमार विद्यार्थी ने कहा, "हम जैसे युवाओं के लिए अख़बार की शिक्षा, करियर और प्रतियोगिता परीक्षाओं से जुड़ी खबरें बेहद मददगार साबित होती हैं। 31 वर्षों का यह सफर आने वाले वर्षों में और भी सुनहरा हो।"

अधिवक्ता अजय कुमार पांडेय ने कहा कि 'राष्ट्रीय नवीन मेल' ने शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी खबरों को प्राथमिकता दी है, जिससे समाज में जागरूकता का वातावरण बना है। उन्होंने कहा कि स्थानीय और जनसरोकार से जुड़ी रिपोर्टिंग से यह अखबार आम नागरिकों के जीवन से गहराई से जुड़ा है।

पाठकों का कहना है कि अखबार की निष्पक्षता, स्थानीय मुद्दों पर गहन रिपोर्टिंग और जनहित में निर्भीक लेखन ने इसे आम लोगों की जिंदगी से गहरे रूप से जोड़ा है।

























## सेंट्रल बैंक गढ़वा में दीवार तोड़कर डकैती का प्रयास, सीसीटीवी फुटेज वायरल

**गढ़वा।** शहर के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में बीती रात अज्ञात युवक द्वारा दीवार तोड़कर डकैती का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। घटना का सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे पूरे शहर में चर्चा का माहौल बन गया है।मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना सोमवार की रात करीब तीन बजे की है। मंगलवार की सुबह जब बैंक कर्मी बैंक खोलने पहुंचे तो उन्होंने लॉकर कक्ष में उथल-पुथल देखी। तत्काल उन्होंने गढ़वा थाना और एसडीपीओ नीरज कुमार को घटना की सूचना दी।सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एसडीपीओ नीरज कुमार ने बताया कि बैंक से किसी प्रकार की चोरी नहीं हुई है। प्रारंभिक जांच में यह पाया गया कि युवक ने बैंक के पिछले हिस्से में स्थित वेंटिलेटर की दीवार को क्षतिग्रस्त कर अंदर प्रवेश किया था।उन्होंने बताया कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान में जुटी है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल बैंक परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और आसपास के क्षेत्रों में भी पुलिस गश्त तेज कर दी गई है।

## आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा होंगे पटेल जयंती समारोह के मुख्य अतिथि



**खरौंधी (गढ़वा)।** कुरमी महासभा के जिला महासचिव गोरख नाथ चौधरी व डॉ. कुमार निशांत सिंह ने सोमवार को पलामू स्थित कार्यालय कक्ष में पलामू क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) शैलेंद्र कुमार सिन्हा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा को बुके भेंट कर सम्मानित किया और आगामी 31 अक्टूबर को आयोजित सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आग्रह किया। जिला महासचिव गोरख नाथ चौधरी ने बताया कि आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने की सहमति दी है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का जयंती समारोह भव्य रूप में मनाया जाएगा, जिसमें जिले के कई उच्च अधिकारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। चौधरी ने बताया कि खरौंधी प्रखंड के चौरिया स्थित पटेल चौक पर सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा स्थापित है, जहां हर वर्ष 31 अक्टूबर को जयंती समारोह का आयोजन किया जाता है। इस बार समारोह को और भी भव्य रूप देने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने अपने जीवन में सभी जाति, धर्म और वर्गों को समानता का दर्जा दिया और भारत को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया। हम सभी उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में एकता, समानता और भाईचारे को मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं ताकि सरदार पटेल जी का सपना साकार हो सके। इस अवसर पर डॉ. निशांत कुमार सिंह, मिथलेश कुमार चौधरी, नंदलाल चौधरी, शिव कुमार चौधरी सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## धरती आभा जनजातीय ग्राम उत्कर्षण अभियान से जोड़ा गया 14 गांव

**डंडई।** केंद्र सरकार का धरती आभा जनजातीय ग्राम उत्कर्षण अभियान से डंडई प्रखंड के 14 गांव को जोड़ा गया है। चयन किए गए उन गांवों में सरकारी सुविधाओं से लैस किया जाएगा। जिसके लिए चयनित गांव में ग्रामसभा कर लिया गया है और विलेज एक्शन प्लान तैयार की जा रही है। उक्त पंचवर्षीय योजना से 5 वर्षों में स्वास्थ्य शिक्षा आवास सड़क बिजली पानी की सुविधाओं से क्षेत्र में चहु मुखी विकास की जाएगी। जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल करमाली ने कहा कि भारत सरकार के पहल पर धरती आभा जनजाति ग्राम उत्कर्षण अभियान से डंडई प्रखंड के बालेखांड, पचौर, सूअरजंघा, लावादोनी, करके, डंडई, बैरियादामार, चकरी, महुदंड, बौलिया, पोखरिया, झोतर, लामी, फुलवार कुल 15 गांव का चयन कर लिया गया है।

## जमीन अतिक्रमण मामले में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**डंडई।** जल संसाधन विभाग की जमीन पर हुई अतिक्रमण को लेकर जल संसाधन विभाग के पदाधिकारी और कर्मियों ने मंगलवार को जमीन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पदाधिकारी ने पाया कि उनके जमीन पर कुछ व्यक्तियों के द्वारा अवैध तरीके से अतिक्रमण किया गया है। उन्होंने संबंधित लोगों से बात की और उन्हें हिदायत दिया कि जल्द से जल्द अतिक्रमण को मुक्त कर दें अन्यथा विभागीय कार्रवाई होगी। जमीन का निरीक्षण करने पहुंचे विभाग के सहायक अभियंता रमाशंकर सिंह ने बताया की जानकारी मिला था कि जल संसाधन विभाग की जमीन पर कुछ व्यक्तियों के द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। जिसको लेकर हम लोग निरीक्षण करने पहुंचे थे। सभी अतिक्रमणकारियों से नाम पता पूछ कर उन्हें नोटिस किया गया और तत्काल जल संसाधन विभाग की जमीन को खाली करने की हिदायत दी गई। वहीं खाली नहीं करने पर विभाग की ओर से विभागीय कार्रवाई करने की बात कही गई है। पदाधिकारी ने कहा कि जमीन के निरीक्षण में पाया गया कि विभाग के जमीन पर परमानेंट गुमटी सीटायुक्त टेंट और कमरा बना लिया गया है। उन्होंने कहा कि विभाग सख्त है जल संसाधन विभाग के जमीन को बहुत जल्द अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। जांच के बाद अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। आपको बता दें कि जल संसाधन विभाग के जमीन का अतिक्रमण को लेकर अंचल अधिकारी जयशंकर पाठक के द्वारा करीब 1 सप्ताह पहले करीब 15 लोगों के ऊपर नोटिस किया गया था। वही अतिक्रमणकारियों को 7 अक्टूबर को अपना पक्ष रखने के लिए निर्देश दिया गया था। परंतु शायद अंचल पदाधिकारी के द्वारा अतिक्रमण के मामला को ठंडा बसता में डाल दिया गया।

# चिमनी ईंट भट्ठा का चाल धसने से एक मजदूर की मौत, चार घायल

- एस ए नाम से कमरमा गांव में चिमनी एइंट भट्ठा का संचालन

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेराल।** थाना क्षेत्र के कमरमा गांव में मंगलवार को निमार्णाधीन ईंट भट्ठा गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। जबकि चार अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। यह हादसा मजदूरों द्वारा 60 फीट की ऊंचाई पर प्लास्टर करने के दौरान हुई है। लोगों के अनुसार ऊपर का हिस्सा धंस गया और पांचों मजदूर मलबे के नीचे दब गए। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के संभल जिले के मऊपुर थाना के बाबई गांव निवासी 35 वर्षीय पप्पू सिंह, पिता रामकुमार सिंह के रूप में हुई है। घायल मजदूरों में उसी गांव के मनवीर सिंह 22 वर्ष, पिता चंद्रसेन सिंह,चमन 22 वर्ष, पिता मो. शमशाद, संग्राम सिंह 35 वर्ष, पिता जालीम सिंह और पुष्पेंद्र कुमार 32 वर्ष, पिता रामचरण शामिल हैं। हादसे के बाद मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों ने किसी तरह मलबा हटाकर पांचों को बाहर निकाला और उन्हें तत्काल गढ़वा सदर अस्पताल भेजा गया। डॉक्टरों ने पप्पू सिंह को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य घायल मजदूरों की हालत गंभीर बनी हुई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, कमरमा गांव में गुड्डू सिंह के स्वामित्व में यह चिमनी ईंट भट्ठा बनाया जा रहा था। करीब एक महीने से निर्माण कार्य चल रहा था, चिमनी ईट भट्ठा लगभग 100 फीट ऊंचा बनाया गया था। उसी चिमनी का प्लास्टर के दौरान ऊपरी हिस्सा ढह गया। घायलों ने बताया कि वे सभी उत्तर प्रदेश के सम्भल जिले के रहने वाले हैं और अपने ही गांव के कासिम के कहने पर यहां मजदूरी करने आए थे। हादसे के बाद गांव में मातम पसरा है, जबकि पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय प्रशासन ने कहा कि हादसे की सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। वहीं मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### जिला परिषद गढ़वा की मासिक बैठक में जनहित मुद्दों पर हुई व्यापक चर्चा

## 15 दिनों में समस्याओं के निष्पादन का दिया निर्देश

- जनप्रतिनिधियों को निरीक्षण में शामिल करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**गढ़वा।** 14 अक्टूबर 2025 को जिला परिषद गढ़वा की मासिक बैठक अध्यक्ष शांति देवी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी पशुपतिनाथ मिश्रा समेत जिला परिषद उपाध्यक्ष, सदस्य, प्रखंड प्रमुख, सांसद एवं विधायक प्रतिनिधियों तथा विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।बैठक के आरंभ में 24 जुलाई 2025 को हुई पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों एवं उठाए गए मामलों के अनुपालन की समीक्षा की गई। विद्युत, स्वास्थ्य, पेयजल एवं स्वच्छता, कल्याण, आपूर्ति, खनन, मनरेगा, पथ निर्माण, उत्पाद, जलपथ, आरईओ, आवास, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा और परिवहन विभाग सहित अन्य महत्वपूर्ण विभागों की कार्यप्रगति पर चर्चा हुई।कुछ मामलों के निष्पादन न होने पर जिला परिषद अध्यक्ष और उप विकास आयुक्त ने संबंधित विभागों को 15 दिनों के भीतर जांच कर समाधान सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही जनप्रतिनिधियों ने अनुरोध किया कि समस्याओं के निरीक्षण और जांच के समय उन्हें मौके पर बुलाया जाए तथा प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ पूरी की जाए।जनप्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, पेंशन, मनरेगा, खनन, पशुपालन, कृषि, परिवहन, सड़क निर्माण, भूमि अतिक्रमण और भ्रष्टाचार से जुड़ी समस्याएं उठाईं। अध्यक्ष शांति देवी और उप विकास आयुक्त ने नियमानुसार जांच कर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, जिला स्तर के अधिकारी और विभिन्न अभियांत्रिकी विभागों के कार्यपालक अभियंता भी उपस्थित थे।

## छलका को अज्ञात लोगों ने ब्लास्टिंग कर उड़ाया

**रमना।** छलका को कुछ असमाजिक लोगों के द्वारा ब्लास्टिंग करके उसे क्षतिग्रस्त कर दिया गया। जिससे इस बरसाती नदी का मुहाना टूट गया और पानी लगातार नदी से बह रहा है जिससे इसकी जलस्तर घटने लगी। जानकारी अनुसार 13 अक्टूबर की रात्रि में कुछ असमाजिक लोगों ने निजी द्वेष की भावना और निजी लाभ हेतु भागोडीह पंचायत अंतर्गत झूरहा के छलका (मुहाना) को ब्लास्टिंग से उड़ाकर क्षतिग्रस्त कर दिया। आने वाले समय में किसानों एवं ग्रामीणों को भी जल संकट से जूझना पड़ेगा। इस संबंध में ग्रामीण प्रियदर्शी पासवान, चन्दन कुमार पाल, अभय कुमार, कुंज बिहारी मेहता, अजीत कुमार, शिवनाथ पाल, उमाशंकर मेहता एवं सैकड़ो ग्रामीणों के हस्ताक्षर किये आवेदनअज्ञात के विरुद्ध पुलिस प्रशासन को देकर इसकी जांच कर करवाई कि मांग किये है।

## घायल मजदूरों से मिलने अस्पताल पहुंचे एसडीएम

मेराल। थाना क्षेत्र के कमरमा गांव में हुई चिमनी दुर्घटना को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने घटनास्थल का दौरा किया और स्थानीय लोगों से मामले की जानकारी ली। उन्होंने सदर अस्पताल पहुंचकर घायल मजदूर से पूरे मामले को समझा और चिकित्सकों को बेहतर इलाज का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि मामला प्रथम दृष्टया सुरक्षा लापरवाही का है, इसको लेकर मामला दर्ज करने का निर्देश दिया गया। साथ ही अंचल अधिकारी मेराल, जिला खनन पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, कारखाना निरीक्षक को घटना की संयुक्त जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

## विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शिवपुर पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय अधौरा में प्रधानाध्यापक के स्थानांतरण के बाद विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खुर्शीद अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवपुर पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अरुण राम थे। जबकि विशिष्ट अतिथि सीआरपी धर्मेन्द्र कुमार दुबे व बीडीसी प्रतिनिधि लव कुश कुमार रवि थे। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मोहम्मद गुलाम कादिर के स्थानांतरण के बाद यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। मोहम्मद गुलाम कादिर ने 27 फरवरी 2015 को इस विद्यालय में अपना योगदान दिया था। इस विद्यालय में 10 वर्ष आठ महीना सेवा देने के बाद 07 अक्टूबर 2025 को उन्हें अपने गृह जिला स्थानांतरण विभाग द्वारा किया गया है। मुख्य अतिथि अरुण राम ने कहा कि प्रभारी शिक्षक गुलाम कादिर ने सेवा काल में इस विद्यालय को जमीन से उठाकर अर्श तक पहुंचाने का काम किया है।

## बेबस पिता ने बुखार से पीड़ित दिव्यांग बेटे को पीठ पर लादकर कराया इलाज



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** स्वास्थ्य विभाग की अव्यवस्था इन दिनों आम जनता पर भारी पड़ रही है। इलाज की समुचित व्यवस्था नहीं होने से ग्रामीण क्षेत्रों के लोग गंभीर परेशानियों का सामना कर रहे हैं। मंगलवार को ऐसा ही एक हृदय विदारक दृश्य सामने आया जब अमरोरा गांव निवासी वृद्ध सोहर भुइयां अपने दोनों पैरों से दिव्यांग बेटे को पीठ पर लादकर खरौंधी बाजार पहुंचे। बताया जाता है कि दिव्यांग पुत्र बीते कुछ दिनों से तेज बुखार से पीड़ित था।आर्थिक तंगी के कारण सोहर भुइयां किसी वाहन का इंतजाम नहीं कर पाए। मजबूरी में उन्होंने अपने बेटे को पीठ पर लादकर करीब तीन किलोमीटर पैदल चलकर खरौंधी बाजार पहुंचे और एक निजी क्लिनिक में उसका इलाज कराया। उन्होंने बताया कि आज तक उन्हें सरकार की ओर से किसी प्रकार की सहायता नहीं मिली है। ग्रामीणों का कहना है कि खरौंधी प्रखंड में न तो कोई सरकारी डॉक्टर है और न ही एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध है, जिसके कारण गरीब मरीजों को इलाज कराने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

## गीता मंदिर व दुर्गा मंडप हिंदू आस्था का केंद्र : अरुणा शंकर

**मेदिनीनगर।** मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब सर्किल ऑफिस के कर्मी गीता मंदिर और दुर्गा मंडप परिसर के बाहर बनी दुकानों को तोड़ने पहुंचे। यह जानकारी मिलते ही प्रथम महापौर अरूणा शंकर मौके पर पहुंचीं और दुकानदारों से बातचीत की। महापौर ने कहा कि गीता मंदिर और दुर्गा मंडप पचास वर्षों से हिंदू समाज की आस्था का प्रतीक हैं। दुर्गा मंडप न केवल धार्मिक स्थल है बल्कि कायस्थ समाज की संस्कृति और पहचान का केंद्र भी रहा है। दिवाली के ठीक बाद यहां चित्रगुप्त पूजा होती है, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल होते हैं। उन्होंने उपायुक्त पलामू से मुलाकात कर अनुरोध किया कि फिलहाल तोड़फोड़ की कार्रवाई रोक दी जाए और दुकानदारों को कुछ समय का अवसर दिया जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा की कई रैलियाँ और शुभ कार्यों की शुरुआत इसी मंदिर प्रांगण से हुई हैं, इसलिए इसे सभी समुदायों को एकजुट होकर संरक्षित करना चाहिए। उपायुक्त से बातचीत के बाद महापौर ने बताया कि उन्हें सकारात्मक भरोसा दिलाया गया है।

## मझिआंव में सूर्य मंदिर मेला छठ घाट समिति ने की बैठक

**मझिआंव।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर मझिआंव में तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो चुकी हैं। इसी क्रम में सूर्य मंदिर मेला छठ घाट कमिटी के तत्वावधान में एक भव्य प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। बैठक में कमिटी के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष छठ महापर्व पर भगवान भास्कर की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी, साथ ही एक यादगार भक्ति जागरण का आयोजन भी किया जाएगा। भक्ति जागरण में देश-प्रदेश के मशहूर कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। मिजार्पुर (यूपी) से प्रसिद्ध भजन गायिका जावित्री जी, मुंबई जूहू चपाटी से सुरीली आवाज की धनी अनन्या जी, झारखंड से ऊर्जा से भरपूर हैप्पी चंद्रम, पवन झारखंडी और अनिल चौधरी अपने एक से बढ़कर एक भजनों से भक्ति का रंग घोलेंगे। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए झारखंड-बिहार के लोकप्रिय म्यूजिशियन और कई अवार्ड से सम्मानित राजा सिन्हा एंड टीम अपने वाद्य यंत्रों की मधुर धुनों से भक्तिमय माहौल बनाएंगे। पूजा पंडाल को आकर्षक रूप देने का जिम्मा कुशल कारीगर सरताज अंसारी को सौंपा गया है, जो अपनी कला से पंडाल को अद्भुत छटा प्रदान करेंगे। इस अवसर पर युवा समाजसेवी दीपक राज, सनी चंद्रवंशी, उद्घोषक अमित वर्मा (जो अपनी अमृतमयी वाणी से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे), नवदीप संघ के अध्यक्ष चिंटू चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, बिट्टू डीजे, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, अमित कुमार, गुड्डू चंद्रवंशी, छोटू चंद्रवंशी, शुभम चंद्रवंशी, राजीव वर्मा (गार्ड), राम प्रताप राम, मिथिलेश प्रसाद सिंह, अनिल गुप्ता, संतोष लाइट तथा सूर्य मंदिर छठ घाट पूजा समिति के कई सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम की तैयारी पूरे जोश और उमंग के साथ चल रही है। समिति के अनुसार इस वर्ष का छठ महापर्व मझिआंव में अविस्मरणीय और ऐतिहासिक होने वाला है।

## धुरकी में सनातनी हिंदु का आक्रोश प्रदर्शन व रैली का आयोजन

**धुरकी।** प्रखंड मुख्यालय मे एक दिवसीय सनातनी हिंदु आक्रोश-विरोध-प्रदर्शन रैली व सभा का आयोजन मंगलवार को शांतिपूर्ण रूप से संपन्न किया गया। यह आक्रोश प्रदर्शन शिव मंदिर से जय श्रीराम सहित धार्मिक नारो की गुंज के साथ हाथ में भगवा झंडा और तख्ती में हिंदु रक्षति समर्थित वाक्य लिखकर जुलूस निकालकर मुख्य पथ होते गुलशन चौक से बाजार समिती से पुनः वापसी करते हुए कपुर्री चौक तक पहुंची। इसके बाद प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सामने सभा आयोजित की गई। सभा मे सभी हिंदु संगठन के अलावा सनातनी लोगो ने कहा कि हम सनातनी धार्मिक संस्कृति सभ्यता के पक्षधर हैं, हम अपनी सनातन की रक्षा करना कर्तव्य है। हम सभी सनातनी लोग अपनी धार्मिक आस्था के विरूद्ध किसी भी प्रकार का अपमान व देवी-देवताओं पर टीका टीप्पणी बर्दाश्त नहीं करेंगे। वक्ताओं ने कहा कि इस सनातनी हिंदु आक्रोश प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य है की हम जाति वर्ग मे ना बटें, हम सभी सनातन धर्म को मानने वाले लोग एकजुट रहें। धरना-प्रदर्शन के माध्यम से सनातन धर्म के लोगों ने बीडीओ को उनके कार्यालय में चार सूत्री मांगपत्र सौंपकर कहा है कि सबसे पहले धुरकी-बिलासपुर मुख्य पथ के बगल मे मांडर की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया जाए। सरसोइया दामर मे अशमसान घाट की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने, गउ तस्करी और गोमांस पर प्रतिबंध लगाने और धार्मिक भावनाओं और आस्थाओं को आहत करने वाली किसी भी प्रकार की गतिविधियों पर रोक लगाने की मुख्य बाते मांगपत्र में शामिल है।


**जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, लातेहार (निर्वाचन शाखा)**

**आम सूचना**

जिला निर्वाचन कार्यालय, लातेहार एवं संलग्न कार्यालयों में अनुपयोगी रद्दी कागज/लोहे के सामग्रियों के विक्रय हेतु दर निर्धारण के निमित निविदा संख्या 01/2025 के माध्यम से निविदा प्रकाशित की गई है।

निविदा की शर्त्त कंडिका 16 में अधोहस्ताक्षरी को निहित शक्ति के आलोक में निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि दिनांक 29.10.2025 तक विस्तारित की जाती है। इच्छुक निविदादाता/प्रतिष्ठान दिनांक 29.10.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक जिला निर्वाचन कार्यालय, लातेहार में स्वयं आकर अथवा निबंधित डाक से निविदा जमा कर सकते हैं।

दिनांक 30.10.2025 को अपराह्न 02:30 बजे निविदा निस्तारण समिति के समक्ष सभी प्राप्त निविदायें खोली जायेंगी, जिसमें निविदादाता स्वयं या उनके प्रतिनिधि भाग ले सकते हैं।

निविदा की शेष शर्त्तें पूर्ववत् रहेगा, जिसे जिला के वेबसाईट http://latehar.nic.in पर देखा एवं Download किया जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, लातेहार

PR 364126 (Election)25-26*D



**कार्यालय, जिला परिषद, चतरा**

(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**-: सूचना :-**

इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से मेसर्स कौलेश्वरि इंफ्राकॉन प्रा० लि०, साइट ऑफिस – नागर, हंटरगंज, चतरा (पिन–825403) को सूचित किया जाता है कि चतरा सदर प्रखंड अंतर्गत जिला परिषद कार्यालय परिसर में कार्यालय भवन निर्माण कार्य की एकरारित अवधि समाप्त हो जाने के बावजूद आपके द्वारा कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, जो एकरारनामा की शर्तों का उल्लंघन है।

उक्त कार्य को पूर्ण कराने हेतु पत्रांक सं० 759/जि.प., दिनांक 08.08.2019, पत्रांक सं० 17/जि.प., दिनांक 06.01.2020, पत्रांक सं० 418/जि.प., दिनांक 16.07.2020, पत्रांक सं० 921/जि.प., दिनांक 16.04.2021, पत्रांक सं० 1053/जि.प., दिनांक 16.07.2021, पत्रांक सं० 404/जि.प., दिनांक 31.03.2022, पत्रांक सं० 822/जि.प., दिनांक 12.07.2023, पत्रांक सं० 1531/जि.प., दिनांक 20.11.2024, पत्रांक सं० 89/जि.प., दिनांक 22.01.2025 तथा पत्रांक सं० 826/जि.प., दिनांक 04.06.2025 के माध्यम से आपको बार–बार प्रतिवेदित किया गया है। इसके बावजूद आपके द्वारा कार्य पूर्ण करने में कोई रुचि नहीं दिखाई जा रही है। कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण दिव्यांग व्यक्तियों को कार्यालय आने–जाने में अत्यधिक असुविधा हो रही है।

आपके द्वारा जानबूझकर कार्य को अपूर्ण रखना एवं मनमाने ढंग से कार्य बंद कर देना आपकी लापरवाही और उदासीनता का द्योतक है। यह आचरण पी.डब्ल्यू.डी. कोड के नियमों/शर्तों का भी उल्लंघन है। दिनांक 26.09.2025 को उपायुक्त महोदया के निरीक्षण के दौरान भी कार्य अपूर्ण पाए जाने पर खेद व्यक्त किया गया।

अतः कार्यहित में आपको निर्देश दिया जाता है कि इस प्रेस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 15 (पंद्रह) दिनों के अन्दर कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

अन्यथा, बाध्य होकर कार्य की अंतिम मापी श्री आनंद प्रकाश पांडेय, सहायक अभियंता, एवं श्री धनंजय कुमार, कनीय अभियंता, जिला परिषद, चतरा द्वारा दिनांक 31.10.2025 को की जाएगी। इस दौरान आप स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति कार्यस्थल पर सुनिश्चित करें, अन्यथा उक्त अभियंताओं द्वारा अंतिम मापी आपकी अनुपस्थिति में कर ली जाएगी, जिसके विरुद्ध भविष्य में आपका कोई दावा मान्य नहीं होगा।

इसके पश्चात एकरारनामा की शर्तों के अनुसार आपकी जमानत राशि जब्त करते हुए आपको काली सूची (Blacklist) में डालने की कार्रवाई की जाएगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा।

PR.NO.364092 District(25-26):D


**जागरूकता**

### डायट रेहला में पास्को एक्ट पर कार्यशाला आयोजित

## बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु शिक्षकों को एक्ट की जानकारी जरुरी : रामाशीष

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) रेहला, गढ़वा में लैंगिक अपराधों से बालकों के संरक्षण अधिनियम 2012 (पास्को एक्ट) के तहत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान, डायट के प्राचार्य रणधीर कुजूर, बाल कल्याण आयोग गढ़वा के सदस्य राजीव रंजन तिवारी, सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के प्रोग्राम ऑफिसर आकाश कुमार, प्रभारी प्राचार्य अलाउद्दीन एवं डायट के संकाय सदस्य जयप्रकाश और समी अहमद ने संयुक्त रूप से किया।स्वागत संबोधन में डायट के संकाय सदस्य डॉ. समी अहमद ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का अभिनंदन करते हुए पास्को एक्ट के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान ने अधिनियम की विभिन्न धाराओं और उनके व्यवहारिक पहलुओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। वर्चुअल माध्यम से जुड़े सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता अभिषेक रंजन सिंह ने पास्को एक्ट, जेजे एक्ट और देशभर के प्रासंगिक मामलों के उदाहरणों के माध्यम से शिक्षकों को कानूनी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय स्तर पर बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु शिक्षकों को एक्ट की जानकारी और उसकी पालन प्रक्रिया समझना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय स्वास्थ्य कार्यक्रम से जुड़े आरोग्य दूतों के सहयोग से पास्को एक्ट पर वीडियो और पीपीटी प्रस्तुति भी दी गई। निर्णय लिया गया कि स्वास्थ्य कल्याण दिवस पर बच्चों के बीच पास्को एक्ट से संबंधित जागरूकता सत्र नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। कार्यशाला के समापन सत्र में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डायट के प्राचार्य रणधीर कुजूर ने किया। इस अवसर पर जिले के सभी श्रेणी के माध्यमिक एवं +2 विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे।

### लातेहार में भाजपा के आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत विधानसभा सम्मेलन

# आत्मनिर्भर भारत सिर्फ नारा नहीं राष्ट्र निर्माण का संकल्प : अर्जुन मुंडा

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** भाजपा लातेहार के तत्वावधान में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत विधानसभा सम्मेलन का आयोजन लातेहार स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन (टाउन हॉल) किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह एवं लातेहार विधायक प्रकाश राम द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि श्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अपने जीवन के संघर्षों को राष्ट्र निर्माण के अवसरों में बदला है। 1975 में आपातकाल के दौरान तानाशाही सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वाले मोदी जी ने संगठन को जन-जन तक पहुंचाया। 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने भूकंप से तबाह राज्य को विकास के पथ पर अग्रसर किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी जी ने गरीब कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जीएसटी सुधार जैसी ऐतिहासिक योजनाओं के जरिए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य किया। मोदी सरकार के प्रयासों से 25 करोड़ से अधिक भारतीय गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं। भारत आज सुरक्षित, सशक्त और आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में खड़ा है। उन्होंने बताया कि सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने यह साबित कर दिया है कि अब वह घर में घुसकर दुश्मनों को जवाब देने की क्षमता रखता है। कोविड-19 महामारी के दौरान वैक्सीन मैत्री अभियान के तहत भारत ने 150 से अधिक देशों को वैक्सीन उपलब्ध कराकर मानवता की सेवा का उदाहरण पेश किया। विधायक प्रकाश राम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर भारत के मार्ग पर तेजी से अग्रसर है। गांव, गरीब, किसान, महिला और युवा झ यही आत्मनिर्भर भारत की असली ताकत हैं। आज जन-धन योजना, मुद्रा लोन, स्टार्टअप इंडिया, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं ने समाज के हर वर्ग को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है।

उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा जब हर व्यक्ति अपने क्षेत्र के संसाधनों का उपयोग कर स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन का माध्यम बने। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय सांसद कालीचरण सिंह के प्रतिनिधि द्वारा दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल वितरित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया गया।

कार्यक्रम को प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, भाजपा जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा, पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजधानी यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष लाल कौशल नाथ शाहदेव,जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी राजीव रंजन पाण्डेय,समेत कई वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

मंच संचालन कार्यक्रम के संयोजक भाजपा जिला महामंत्री बंसी यादव ने किया। इस मौके पर कल्याणी पाण्डेय, सीतामढ़ी तिर्की, राकेश दुबे संतोष यादव, बृजमोहन राम, कौशल किशोर प्रसाद, शंकर दुबे, मुकेश पाण्डेय, ध्रुव पाण्डेय विष्णु प्रसाद गुप्ता, आनंद सिंह, प्रमोद गुप्ता, छोटू राजा, विवेक चंद्रवंशी, उत्तम कुमार,पंकज यादव, गंगेश्वर यादव,लव सिंह, अमित कुमार, दीपक निषाद, मनदीप कुमार, धरमजीत राय, गौरव दास, सोनू सिंह, प्रकाश कुमार, अनिल सिंह, अशोक यादव, सांसद प्रतिनिधि डॉ॰ चंदन सिंह समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं आम जनता उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### शंखनाद व दीप सज्जा प्रतियोगिता आयोजित

**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर, धर्मपुर पथ में छात्र-छात्राओं के बीच प्रतियोगी भावना से विकास हेतु एवं अपनी संस्कृति से लगाव को बढ़ाने के लिए शंखनाद एवं दीप सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की गई। शंखनाद प्रतियोगिता में कक्षा-षष्ठ से कक्षा-दशम के कुल 12 छात्रों ने भाग लिए जिसमें प्रथम स्थान अभिजीत कुमार पांडे, द्वितीय स्थान प्रियम कुमार, तृतीय स्थान अमर कुमार ने प्राप्त किया। वहीं शंखनाद प्रतियोगिता में कक्षा- षष्ठ से कक्षा- दशम के छात्राओं के समूह में श्रेया कुमारी प्रथम, नीतू कुमारी द्वितीय स्थान एवं जिया पांडे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उधर दीप सज्जा/रंगोली प्रतियोगिता में कुल 21 छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान राज लक्ष्मी, द्वितीय स्थान पूर्णिमा कुमारी एवं तृतीय स्थान ऋचा पांडे को प्राप्त हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने छात्र/छात्राओं को उनकी उपलब्धता पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। आगे आने वाले प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से विद्यालय की आचार्या उपासना कुमारी, रजनी नाग की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदी उपस्थित रहें।

### विधायक ने किया कमरा निर्माण कार्य का शिलान्यास

**लातेहार।** मनिका विधायक रामचंद्र सिंह व जिप अध्यक्ष पूनम देवी ने सदर प्रखंड के होटवाग ग्राम में स्थित अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय परिसर में मंगलवार को अतिरिक्त कमरा निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। मौके पर परसही पंचायत मुखिया अनीता देवी, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, पूर्व जिप सदस्य रामदेव सिंह, कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष गुंजर उरांव,कांग्रेस युवा जिला अध्यक्ष अमित कुमार यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मोती उरांव, मंडल अध्यक्ष फूलचंद यादव आदि मौजूद थे। मौके पर विधायक राम चंद्र सिंह ने कहा कि विद्यालय में अतिरिक्त कमरों का निर्माण हो जाने से छात्रों को काफी सहुलियत होगी। उन्होंने कहा कि हमारा विद्यालय आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के अलावा विकास का कोई दूसरा पैमाना नहीं है। उन्होंने कहा हम पढ़ेंगे तो निश्चित रूप से आगे बढ़ेंगे। निर्माण कार्य में गुणवत्ता को लेकर पूछे जाने पर विधायक ने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इसके लिए सम्बन्धित संवेदक को निर्देश दिए गए है। विभागीय जानकारी के अनुसार डीएमएफटी फंड से विद्यालय परिसर में अतिरक्ति कमरों का निर्माण कराया जायेगा। मौके पर श्याम यादव, अफरोज अंसारी, हसमद अंसारी, साजिद,वाजिद, प्रदीप यादव, सुनील प्रसाद, सकलदीप, मुनिप यादव, बूटी, राजीव, अखिलेश, मनोज पासवान, दानिश, जाहिद अंसारी, ज्योति प्रकाश दुबे, इमरान अंसारी, कुलदीप, ललित, पंकज, रामसेवक यादव, अनूप, रोहित व किशुन यादव आदि मौजूद थे।

### अनियंत्रित होकर पलटा बारूद लदा ट्रक

**चंदवा।** मंगलवार की अहले सुबह चंदवा-चांपी पथ स्थित लुकुइया घाटी में बारूद से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन चालक के अनुसार रांची से विस्फोटक सामग्री (बारूद) लोड कर ट्रक लातेहार कोलियरी के लिए रवाना हुआ था। बताया गया कि यह सामग्री खदानों में प्रयोग होने वाले विस्फोट के लिए ले जाई जा रही थी। जैसे ही ट्रक लुकुइया घाटी के मोड़ पर पहुंचा, तीखे मोड़ पर वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। गनीमत रही कि चालक बाल-बाल बच गया और किसी प्रकार की कोई अनहोनी नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच आगे की कार्रवाई में जुट गई। बताते चले कि लुकुइया घाटी दुर्घटना जोन बन चुकी है। रविवार को भी सड़क हादसे में एक महिला की मौत हुई थी। लोगों ने प्रशासन से इस घाटी पर सड़क मरम्मत व साइन बोर्ड लगाने की मांग की है।

### सरोजनगर मोहल्ले में सड़क पर बह रहा नाली का पानी



**चंदवा।** कभी स्वच्छता के लिए राष्ट्रपति के हाथों निर्मल पंचायत सम्मान पाने वाली अलौदिया पंचायत आज बदहाली की मार झेल रही है। सरोज नगर मोहल्ला, जिसने पंचायत को यह गौरव दिलाया था, अब कचरा, कीचड़ और जलजमाव की समस्या से जूझ रहा है। ग्रीन फील्ड एकेडमी से विवेकानंद चौक तक सड़क गड्ढों और बदबूदार पानी से पट चुकी है। नालियों की सफाई न होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे स्कूली बच्चों, राहगीरों और स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह प्रखंड का सबसे व्यस्ततम मार्ग है, जहां से कई विद्यालयों के विद्यार्थी, स्वास्थ्य केंद्र, प्रखंड कार्यालय और रेलवे स्टेशन के यात्री प्रतिदिन गुजरते हैं। गर्ल्स हाई स्कूल के समीप जलजमाव से मच्छरों का प्रकोप और रोग फैलने का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों ने कई बार नाली सफाई और मरम्मत की मांग की, लेकिन कार्य अब तक शुरू नहीं हुआ। दशहरा शांति समिति की बैठक में भी इस मुद्दे को उठाया गया था। मोहल्लेवासियों ने कहा की जल्द इस ओर पहल नहीं की गई तो वे आंदोलन को बाध्य होंगे। बीडीओ चंदन प्रसाद ने कहा कि नालियों की सफाई के लिए जल्द कार्रवाई की जाएगी।

### स्व. मुरलीधर प्रसाद की मनी पुण्यतिथि

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह में स्वर्गीय मुरलीधर प्रसाद की पहली पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ आयोजित की गई। मेन रोड स्थित उनके आवास पर इस अवसर पर राज्यभर के सैकड़ों आंदोलनकारी पहुंचे और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्येंद्र सिंह ने की, जबकि संचालन बिरेंद्र ठाकुर ने संभाला। उपस्थित आंदोलकारियों ने स्व. मुरलीधर प्रसाद के झारखंड राज्य निर्माण आंदोलन में योगदान और उनके संघर्षों को याद किया। इस दौरान सरकार से उन्हें शहीद का दर्जा देने, सभी आंदोलनकारियों को मान-सम्मान पेंशन देने और उनके आश्रितों को नौकरी प्रदान करने की मांग भी उठाई गई। आगंतुकों ने मुरलीधर प्रसाद के जीवन और उनके संघर्षों पर चर्चा की और उनकी उपलब्धियों को याद किया। इस अवसर पर उनके परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे, जिनमें पत्नी मधु देवी, पुत्री विभा रानी चौरसिया, निभा रानी चौरसिया, पूजा चौरसिया, आशा चौरसिया, नेहा चौरसिया, तथा दामाद प्रीतम कुमार, रमेश कुमार, जय प्रकाश सिंह, गौतम चौरसिया शामिल थे।

### स्थानीय युवाओं ने प्रसूता महिलाओं के लिए किया रक्तदान

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र में मानवता की दो युवाओं ने रक्तदान कर मिसाल पेश की। व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष और पत्रकार दीपक राज ने सोशल मीडिया पर रक्तदान की अपील की। अपील के तुरंत बाद युवा समाजसेवी अंकित गुप्ता उर्फ बिट्टू और छेचा निवासी अनूप गुप्ता अस्पताल पहुंचे और रक्तदान कर महिलाओं की जान बचाई। अंकित गुप्ता ने बताया कि उन्होंने अब तक 11 बार रक्तदान किया है और भविष्य में भी जब-जब जरूरत होगी, वे तत्पर रहेंगे। अनूप गुप्ता ने कहा कि उन्होंने सातवीं बार रक्तदान किया और रक्तदान सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। दोनों युवाओं ने लोगों, विशेषकर युवाओं से अपील की कि वे भी इस नेक कार्य में योगदान दें और मानवता की सेवा करें। दीपक राज ने कहा कि रक्त की एक बूंद किसी की जिंदगी बचा सकती है। समाज के हर व्यक्ति को ऐसे मानवीय कार्यों में आगे आना चाहिए। रक्तदान की आवश्यकता और आगे की पहल अभी भी चार यूनिट ई पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता है। व्यवसायिक संघ और समाजसेवी लगातार लोगों से अपील कर रहे हैं कि वे आगे आकर रक्तदान में सहयोग दें। परिजनों ने दीपक राज, अंकित गुप्ता और अनूप गुप्ता का धन्यवाद करते हुए उनके इस प्रयास की सराहना की।

### जंगली हाथी के कुचलने से वृद्ध की हुई मौत, दहशत में ग्रामीण

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के डाढ़ा पंचायत अंतर्गत कटई टोला में जंगली हाथी ने माधवा उरांव उम्र करीब 70 वर्ष पिता बुधु उरांव को कुचल कर मार डाला। ग्रामीण जानता व परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार जंगली हाथियों का झुंड को शाम चार पांच बजे के करीब पास के जंगल में देखा गया था। ये जंगली हाथी रात 10-11 बजे के बिच गांव में आ गए जिसे गांव वालों ने भारी मस्कत से जंगल मे भगाया। इसके उपरांत लगभग दो बजे रात्रि को माधवा उरांव अपने मवेशियों को देखने निकले, इसी दौरान एक हाथी ने उन्हें दौड़ाया। भागने के क्रम मे खेत में खुद गए, उनका हाथ में टार्च जलता रह गया जिससे हाथी पास आकर उसे कुचलकर मार डाला. सूचना मिलते ही सुबह वनपाल मंगल सिंह, मुखिया सुरेश उरांव, पंचायत समिति व पुलिस प्रशासन घटना स्थल पर पहुंचा व शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं सधन उरांव, विजय उरांव, खदिया उरांव पिता केसवा उरांव का मिट्टी खपरैल के घर को धंवस कर दिया व धान व तैयार मक्का के फसल को रौदकर क्षतिगस्त कर दिया। महेंद्र उरांव, उपेन्द्र उरांव पिता मधवा उरांव व ईन्दरदेव उरांव पिता जगवा उरांव के धान के फसल को भी रौदकर नष्ट कर दिया। इस घटना से ग्रामीणों मे हाथियों के दहशत बना हुआ है। ग्रामीणों ने इसकी मुआवजा व हाथियों को भागने की मांग की है।

### पोस्ता के खेती के विरुद्ध चलाया जागरूकता अभियान

**बारियातू।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निदेर्शानुसार सोमवार को बारियातू पुलिस ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी, पुलिस निरीक्षक प्रमानंद विरूआ, बारियातू थाना प्रभारी रंजन पासवान, बालुभांग मुखिया केदार गंझू के उपस्थिति में थाना क्षेत्र के बालुभांग व फुलसु पंचायत में पोस्ता के अवैध खेती के रोकथाम को लेकर जागरुकता अभियान चलाया गया। फुलसु चौक पर बैनर लगाकर अफीम के खेती के दुष्परिणाम के बारे में जानकारी दी गयी। इस दौरान पुलिस ने बालुभांग पंचायत के ग्राम गुरुवे व फुलसु पंचायत के फुलसु बजार टांड में पोस्ता की खेती के विरुद्ध नुक्कड़ नाटक मंडली-के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को पोस्ता की खेती से होने वाले दुष्प्रभाव की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान पोस्ता की खेती और इससे होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से बतायाद्ध पदाधिकारियों ने बताया कि पोस्ता की खरीद बिक्री, इसमें संलिप्त व्यक्ति को मदद करना भी अपराध है। एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज होने पर कई वर्षों तक जेल में भी रहना पड़ सकता है। पोस्ता की अवैध खेती करने या करवाने वाले या खरीद बिक्री करने वाले तस्करो के बारे में कोई सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन को सुचित करे। उन्होंने आगे कहा कि आपका नाम गुप्त रखते हुए दोषी व्यक्तियों पर सख्त कानूनी कारवाई की जाएगी। जागरूकता अभियान में वन विभाग कर्मी, अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी नाटक मंडली के कलाकार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### ग्रामीणों ने गांव में आए कंपनी कर्मियों को कोयला जांच करने से रोका, किया हंगामा

**लातेहार।** सदर प्रखंड के गोवा गांव में मंगलवार की सुबह उस समय हंगामा की स्थिति उत्पन्न हो गई। जब सीएमपीडीआई के कर्मी कोयला जांच के लिए गांव पहुंचे। ग्रामीणों ने जांच कार्य का कड़ा विरोध करते हुए बोरिंग कार्य को रोक दिया। ग्रामीणों का कहना था कि बिना पूर्व में सूचना और ग्रामसभा के अनुमोदन के उनके खेतों व भूमि पर जबरन जांच कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीण बाबूलाल उरांव, उमेश सिंह, चिपुर साव, बब्लू ठाकुर, सरेंद्र सिंह, रामपाल सिंह, पंकज प्रसाद सहित अन्य ने बताया कि गांव में न तो कोई ग्रामसभा आयोजित की गई है और न ही रैयतों को जांच कार्य के बारे में सूचित किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सीएमपीडीआई के कर्मी अचानक गांव में बोरिंग मशीन लेकर पहुंच जाते हैं और मनमाने तरीके से भूमि पर जांच शुरू कर देते हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गलत तरीके से कोयला जांच की जा रही है। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि यदि यहां कोलियरी खोली जाती है तो उनके विस्थापन की समस्या खड़ी हो जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक ग्रामसभा आयोजित कर सभी रैयतों की सहमति नहीं ली जाती, तब तक कोई भी जांच या बोरिंग कार्य नहीं करने दिया जाएगा। मौके पर बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष ग्रामीण एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए और अधिकारियों से भी जांच कार्य रोकने की मांग की।

### बरवाडीह बाजार को स्वच्छ व व्यवस्थित करने की मांग

**बेतला (लातेहार)।** आगामी छठ और दीपावली पर्व को देखते हुए बरवाडीह बाजार क्षेत्र में स्वच्छता और सुव्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर व्यवसायिक संघ, बरवाडीह की ओर से विशेष पहल की गई है। संघ के अध्यक्ष दीपक राज को अंचल अधिकारी, बरवाडीह की ओर से प्राप्त पत्र में पुराने प्रखंड कार्यालय परिसर, बाजार क्षेत्र, मुख्य मार्ग और दुकानों के सामने की गलियों को स्वच्छ और सुव्यवस्थित रखने का अनुरोध किया गया था। इस पत्र के आलोक में अध्यक्ष दीपक राज ने सोमवार को अंचल अधिकारी को औपचारिक आवेदन सौंपा, जिसमें व्यवसायिक हित में कई महत्वपूर्ण मांगें रखी गईं। आवेदन में बाजार और बस स्टैंड के बीच हर 50 फीट की दूरी पर कूड़ादान लगाने, नियमित सफाई व्यवस्था, नालियों की सफाई, और ठोस कचरा निस्तारण के लिए स्थायी प्रणाली बनाए जाने की मांग की गई है। दीपक राज ने कहा कि बरवाडीह बाजार की स्वच्छता केवल सफाई कर्मियों की नहीं, बल्कि हर दुकानदार की जिम्मेदारी है।

## कुड़मी को आदिवासी का दर्जा दिए जाने का विरोध

- लातेहार में भी प्रतिकार आक्रोश रैली का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**




**लातेहार।** कुड़मी को आदिवासी दर्जा दिए जाने के विरोध में लातेहार में भी प्रतिकार आक्रोश रैली का आयोजन आदिवासी संगठनों के द्वारा किया गया। जिसमें कई आदिवासी नेताओं ने भाग लिया। लातेहार के माको डाकबंगला से रैली निकाली गई मेन रोड होते हुए समाहरणालय स्थिति सभा स्थल कुरमी समाज का विरोध करते व नारा लगाते पहुंचे। रैली समाहरणालय के समक्ष सभा में तब्दील हो गया। इस दौरान आदिवासी नेता देवकुमार धान ने कहा कि कुरमी महतो लोग फर्जी तरीके से शामिल होना चाह रहा हैं और अपने को शिवा जी का वंशज बताते है। और केंद्र सरकार व राज्य सरकार पर दबाव बना कर एसटी में शामिल होना चाहते हैं। मूल उद्देश्य यह हैं कि हमारा हक और अधिकार छीना चाहते है। इस रैली के माध्यम से हमलोग इसका विरोध कर रहे हैं। 1929 मे मुजफ्फरपुर में जनेव धारण करने गए अपने को क्षत्रिय बताया। फर्जी तरीके से 1931 मे दावा किया कि हमलोग एसटी में थे, जो सौ फीसदी गलत है। उन्होंने कहा कि 2004 मे टीआरआई द्वारा एसटी बनाने का जो संस्था है। उसने भी इनको रिजेक्ट कर दिया है। मौके पर मोहन लोहरा, बिंदेश्वर उरांव, सुरेश नाथ लोहरा, नंद किशोर खेरवार, सेल्सटीन कुजूर, प्रेम गंझू, रामलाल उरांव, सुभाष सिंह समेत अन्य लोगों ने सभा को संबोधित किया। मौके पर बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के महिला पुरुष पारंपारिक हथियार के साथ शामिल थे।

### चंदवा में आज सारेगामापा की शालिनी दुबे का कार्यक्रम

**चंदवा।** लंबे अंतराल के बाद युवा भारत चंदवा के बैनर तले बुधवार 15 अक्टूबर को हाई स्कूल खेल स्टेडियम में चंदवा नाइट शो का भव्य आयोजन किया गया है। युवा भारत के आदर्श रविराज ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में सुर और संगीत की झंकार के बीच स्थानीय सहित बाहर से आए कलाकार अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। मुख्य आकर्षण के रूप में सारेगामापा की चर्चित गायिका शालिनी दुबे मंच पर अपनी प्रस्तुति देंगी। इसके अलावा धनबाद, रांची, रामगढ़ और अन्य जिलों से कई नामचीन कलाकार इस शो में शामिल होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लातेहार विधायक प्रकाश राम होंगे, जो इस अवसर पर युवाओं का उत्साहवर्धन करेंगे।

### आधार कार्ड नहीं बनने से लोगों को हो रही परेशानी

**महुआडांड़ (लातेहार)।** महुआडांड़ प्रखंड में पिछले एक महीने से आधार कार्ड केंद्र बंद पड़ा है। वहीं आधार कार्ड नहीं बनने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। आधार कार्ड में सुधार बच्चों का आधार बनाने के लिए लोग बाहर जाने को मजबूर हैं। लोगों का कहना है कि प्रखंड अंतर्गत लगभग 104 गांव के लिए एक भी आधार कार्ड केंद्र नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। पूर्व में प्रखंड मुख्यालय स्थित पोस्ट ऑफिस में आधार बनाने एवं सुधार करने का कार्य किया जा रहा था, जिस पर काफी भीड़ भी हो रही थी।

## वेयर हाउस का उपायुक्त ने किया निरीक्षण, सीसीटीवी समेत अन्य सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कीर्तिश्री ने मंगलवार को निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर वेयर हाउस में सुरक्षा व्यवस्था समेत अन्य का जायजा लेते हुए सीसीटीवी समेत अन्य सुरक्षा मानकों की जांच की। जांच में सीसीटीवी समेत अन्य क्रियान्वित पाए गए। इस दौरान मुख्य रूप से उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी एवं कार्यालय कर्मी मौजूद थे।

## चमातू ग्राम में श्री श्री लक्ष्मी पूजा मनाने के लिए कमेटी गठित

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत चमातू ग्राम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य लक्ष्मी धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। पूजा शांति रूप से संपन्न कराने के लिए समिति गठन किया है जिसमें सर्व सम्मति से संरक्षक चेतलाल रामदास, अध्यक्ष बालूमाथ उप प्रमुख कामेश्वर राम, उपाध्यक्ष मिथुन साव सचिव खुशियाल साव, उपसचिव संदीप कुमार राम, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार, उपकोषाध्यक्ष खुशियाल साव, संयोजक सुरेन्द्र साव, त्रिवेणी प्रसाद, सत्यनारायण प्रसाद, दामोदर साव, शिव कुमार प्रसाद, विजय साव, रामानुज कुमार, शिवनारायण यादव, दिलेश्वर साव, दशई साव शीतल साव, कैलाश भुइयां, ललन भुईयां, मिठू राम, भीम प्रजापति, महेन्द्र गंझू, राजेश राम, कुलदीप साव सहित कई लोगों के नाम शामिल हैं। बैठक में लोगों ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है जिसके लिए भव्य पूजा पंडाल बनाई जा रही है। समिति के लोगों ने बतलाया कि 20 अक्टूबर को संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम 21 अक्टूबर को संध्या में मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं 22 अक्टूबर को दिन में मेला एवं संध्या में मूर्ति विसर्जन करने का निर्णय लिया गया है।

## खेत की मेड काटने के विवाद में दो भाइयों में मारपीट, दो गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के तरवागडा गांव में दो भाइयों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। तरवागड़ा निवासी हरदेव यादव के पुत्र नारायण यादव अपने खेत की मेड़ को ठीक कर रहे थे। इसी बीच वहां पर उसका बड़ा भाई छक्कू यादव पहुंचकर मेड़ काटने का विरोध करने लगा। इसे लेकर पहले तो उनके बीच कहासुनी हुई, फिर मारपीट शुरू हो गई। इस मामले की जानकारी उनकी पत्नी को हुई तो वे भी खेत पर पहुंच गए और हंगामा होने लगा। इसी बीच दोनों पक्षों के लोगों के बीच मारपीट हो गई। जिसमें छक्कू यादव गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर गया। मामले की जानकारी होते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच कर घायल छक्कु यादव और नारायण यादव की 30 वर्षीय पत्नी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने घायल छक्कू की स्थिति नाजुक देखते हुए गया मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहीं घायल महिला अंजू देवी का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। दोनों भाइयों के द्वारा एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए हंटरगंज थाना में लिखित आवेदन दिया गया है।

### डीसी व एसपी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनर्वास समिति की बैठक

# आत्मसमर्पण करने वाले नौ उग्रवादियों के पुनर्वास पैकेज की अनुशंसा की

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** मंगलवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनर्वास समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उग्रवादियों के प्रत्यार्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत देय विभिन्न सुविधा की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य रूप से आत्मसमर्पित नक्सलियों को समाज की मुख्य धारा में जोड़े जाने के उद्देश्य से सुरक्षा एवं पुनर्वास के लिए तथा परिवारों के सदस्य को आर्थिक सहायता प्रदान करने, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं दैनिक मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराये जाने के संबंध में चर्चा किया गया। संबंधित कार्यों के क्रियान्वयन व निराकरण के संबंध में विभागीय अधिकारियों द्वारा विस्तृत समीक्षा किया गया। बैठक में समिति के द्वारा प्रत्यार्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत नौ आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादियों को पुनर्वास पेकेज प्रदान करने का अनुशंसा किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, मंडल कारा अधीक्षक, संबंधित पुलिस पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

उपायुक्त ने आपूर्ति विभाग की बैठक में कहा-


# जिले के सभी राशन कार्डधारकों का बनवाएं आयुष्मान कार्ड

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि सभी राशनकार्डधारी परिवार का आयुष्मान कार्ड बनवाएं। पीवीटीजी समूह का भी आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए उक्त क्षेत्र में विशेष शिविर आयोजित कर सभी परिवार का आयुष्मान कार्ड बनवाएं। कोई भी परिवार आयुष्मान कार्ड के तहत मिलनेवाली सुविधाओं से वंचित ना रहे। उपायुक्त ने कहा कि सभी लाभुकों को राशन कार्ड के अनुसार निर्धारित मात्रा में अनाज मिले। किसी भी लाभुक को अगर कम राशन तौलने या दिये जाने की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित जनवितरण प्रणाली दुकानदार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने धान अधिप्राप्ति के लिए लैम्प्स में मानक के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में चना दाल का वितरण, कार्ड के अनुसार खाद्यान्न वितरण, धोती/लुंगी-साड़ी वितरण योजना आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनीष कुमार, सभी विपणन पदाधिकारी आदि उपस्थित उपस्थित थे।

## उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण



**लोहरदगा।** उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. ताराचंद ने मंगलवार को ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस में रखे गए ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की भौतिक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने उप निर्वाचन पदाधिकारी को मशीनों की सुरक्षा, रखरखाव तथा रिकॉर्ड संधारण से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि सभी मशीनों की नियमित जांच एवं रखरखाव से निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनी रहती है। निरीक्षण के समय उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार सहित निर्वाचन कार्यालय के अन्य कर्मी मौजूद थे।

## दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण संपन्न



कैरो/लोहरदगा। जिला शिक्षा अधीक्षक सह अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी झारखण्ड शिक्षा परियोजना लोहरदगा के ज्ञापक 1303 के दिनांक 8 अक्टूबर 2025 के आलोक में मंगलवार को डॉ. अनुग्रह नारायण उच्च विधालय कैरो में विधालय प्रबंधन समिति का दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का समापन्न हुवा। प्रशिक्षण में विधालय प्रबंधन की संरचना,शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ,बाल अधिकारी,बालविवाह,लैंगिक समानता,मादक पदार्थ ,भवनात्मक विकास,पोक्सो एक्ट,सहित अन्य विषयों के बारे में प्रशिक्षक प्रकाश मिश्रा के द्वारा वीडियो के माध्यम से दिया गया। मौके पर विधालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष रीता देवी,उपाध्यक्ष अजय कुमार बैठा,सचिव गणेश कुमार शास्त्री, रोहित उरांव एवं शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

# सक्रिय हुआ आभूषण ठग गिरोह, दीपावली पर गृहणियां रहें सतर्क : संजय वर्मन

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** दीपावली पर्व के मौके पर जिले में आभूषण ठग गिरोह सक्रिय हो गया है। बिहार के बलिया, समस्तीपुर, छपरा आदि क्षेत्रों से आए कई ठग गिरोह आभूषण सफाई के नाम पर ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। लोहरदगा सर्राफा एसोसिएशन के संरक्षक संजय बर्मन ने बताया कि ये ठग ग्रामीण व शहरी उपनगरीय इलाकों जैसे राजा बांग्ला, छतर बगीचा, आदर्श नगर, कुटुमू, सरना टोली, किस्को मोड़ आदि क्षेत्रों में सक्रिय हैं। ये गिरोह ऐसे घरों को निशाना बनाते हैं जहां पुरुष सदस्य कामकाज के सिलसिले में बाहर रहते हैं और महिलाएं अकेली होती हैं। श्री बर्मन के अनुसार, ये ठग पहले पुराने कपड़े, फ्यूज बल्ब, खराब रिमोट, टूटे कांच के सामान खरीदने के बहाने घरों तक पहुंचते हैं। फिर दरवाजे, खिड़की, फर्नीचर या बर्तनों के दाग को अपने केमिकल से साफ कर विश्वास हासिल करते हैं। इसके बाद आभूषण की सफाई का प्रस्ताव रखते हैं और महिलाएं झांसे में आ जाती हैं। उन्होंने बताया कि ये शातिर ठग कभी आभूषण के वजन को घटा देते हैं तो कभी नकली जेवर बदलकर असली ले भागते हैं। कई बार “आभूषण सूखने” का बहाना बनाकर पोटली थमाते हैं और मौका मिलते ही फरार हो जाते हैं। संजय बर्मन ने महिलाओं को सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सोना या चांदी के आभूषणों को घर पर ही किसी डिटर्जेंट पाउडर में 10 मिनट उबालकर और टूथपेस्ट से साफ किया जा सकता है, इससे उनकी चमक लौट आती है और सुनार या अजनबियों पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं रहती।



## पुलिस हर स्तर पर सतर्क, लेकिन जनता का सहयोग भी जरूरी : एसपी

लोहरदगा। इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने बताया कि पुलिस ऐसे गिरोहों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी रख रही है। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर पूछताछ के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि यदि कोई अज्ञात व्यक्ति आभूषण साफ करने या पुराना सामान खरीदने के बहाने घर में प्रवेश करने की कोशिश करे, तो तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम या हेल्पलाइन नंबर 100 पर सूचना दें। एसपी रिजवी ने कहा, “दीपावली के समय ठगी करने वाले सक्रिय हो जाते हैं। ऐसे में जागरूकता ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। पुलिस हर स्तर पर सतर्क है, लेकिन जनता का सहयोग भी जरूरी है।”


**Directorate of Tourism, Government of Jharkhand**
**MDI Building, 2nd floor, HEC Campus, Dhurwa,**
**Ranchi - 04Tele Fax : 0651- 2331828**
**Email: dirjharkhandtourism@gmail.com / jtdcltd@gmail.com**

Ref. No.:- 1014/2025 Date : 14/10/2025

**SHORT TENDER NOTICE**

**Request for Proposal for Selection of Suitable Private Sector Player Operation, Maintenance and Management of Hotel Prabhat Vihar, Neterhat, Jharkhand**

**Request for Proposal for Selection of Suitable Private Sector Player Operation, Maintenance and Management of Hotel Prabhat Vihar, Netarhat, Jharkhand.**

The detailed RFP document can be downloaded from the website and submit their offline application on or before **04/11/2025 at 17:00 hours**. The details of our website is :

**https:// jtdcl. jharkhand.gov.in**

All subsequent notifications, changes and amendments will be posted only on the above website.

Sd/-
Deputy Director

PR 364124 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs)25-26*D



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, झगड़ाटाँड़, गढ़वा 822112**
email : govitijhagratand@gmail.com

Industrial Training Institute

**रिक्त सीटों पर Spot Round Admission हेतु सत्र 2025–26–27 में नामांकन से संबंधित सूचना**

निदेशालय पत्रांक– 1434, दिनांक– 09.10.2025 के निर्देशानुसार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, झगड़ाटाँड़, गढ़वा में सत्र 2025–26–27 में बचे हुए रिक्त सीटों पर नामांकन हेतु ऑनलाईन On Spot Registration एवं Online Admission के द्वारा उपलब्ध व्यवसायों में प्रवेश के निमित्त इच्छुक उम्मीदवारों ने अभी तक कहीं भी नामांकन नहीं लिया है वैसे अभ्यर्थियों का **दिनांक 17 अक्टूबर 2025** को **शाम 5.00 बजे** तक **पहले आवो पहले पावो** के आधार पर नामांकन किया जाएगा। जिन अभ्यर्थी को ITI में नामांकन लेना है उनको सभी वांछित दसतावेजों क) प्रवेशिका अंक पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (ख) कंडिका 7 में वर्णित अद्यतन आवासीय प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (ग) आयु के निर्धारण के लिए केवल माध्यमिक/10वाँ समकक्ष परीक्षा के मूल/औपबंधिक प्रमाण–पत्र, (घ) जाति प्रमाण–पत्र की अद्यतन स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (च) सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण–पत्र (दिव्यांग कोटि के लिये) की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (छ) जिला सैनिक परिशद् द्वारा निर्गत आश्रित प्रमाण–पत्र (भूतपूर्व सैनिक कोटि के लिए) की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति (मूल प्रति एवं छायाप्रति) (ज) छः पासपोर्ट साइज का फोटो (झ) मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र लेकर आना अनिवार्य है।

| SL.No | Name of the ITI | Name of the Trade | Place of Admission | Contact no. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Govt. ITI, Jhagratand | Electrician Fitter Mechanic Diesel Welder | Govt. ITI, Jhagratand | 8210089235 9709259437 |

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
झगड़ाटाँड़, गढ़वा

PR 364142 Labour Employment and Traning(25-26)#D


# खेल में लक्ष्य बनाना अनिवार्य : अपर समाहर्ता



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला बैडमिंटन एसोसिएशन लोहरदगा के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय बालक एवं बालिका संवर्ग के अंडर-11 तथा अंडर-13 सिंगल्स एवं डबल्स बैडमिंटन टूर्नामेंट सह चयन प्रतियोगिता का आयोजन एम.एल.ए. महिला महाविद्यालय के इंडोर कोर्ट में किया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा ने पुरस्कार वितरण समारोह में कहा कि इस राज्य स्तरीय आयोजन में खिलाड़ियों के बीच रोमांचक और खूबसूरत मैच देखने को मिले। ऐसे आयोजन से बच्चों में प्रतिस्पर्धा और खेल भावना का विकास होता है। खेल में लक्ष्य बनाना अनिवार्य है, इसके बिना उपलब्धि नहीं प्राप्त किया जा सकता है, अर्थात लक्ष्य बनाएं और कड़ी मेहनत करें। सफलता अवश्य मिलेगी। सफल आयोजन के लिए जिला बैडमिंटन एसोसिएशन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया है, इनका प्रयास रहता है कि खेल को कैसे बढ़ावा मिले। इन्हीं के मार्ग निर्देशन में मैं भी बैडमिंटन खेलना सीखा और प्रशासनिक संवर्ग में राज्य स्तर पर रनर हुआ। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉक्टर गणेश प्रसाद ने कहा कि यह उम्र सीखने का है, इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। राज्य स्तर पर सफल प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे हमारी शुभकामना आपके साथ है। पुरस्कार वितरण समारोह में खेलप्रेमी, अभिभावक एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित थे, जिनमें जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा, सचिव मुरारी गोस्वामी, कोषाध्यक्ष नसीम अख्तर, सह सचिव रंजीत कुमार साहू, सदस्य अरुण राम, दुबराज यादव, गणेश पांडे सहित अन्य सम्मानित अतिथि शामिल थे। प्रतियोगिता के सफल संचालन में रेफरी वसीम अकरम, अंपायर वाहिद अंसारी और रंजीत कुमार साहू, सचिव मुरारी गोस्वामी, कोषाध्यक्ष नसीम अख्तर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया।

टूर्नामेंट आयोजन के दूसरे दिन इस प्रतियोगिता में बालिका सिंगल्स अंडर 11 में विजेता नंदिता गोप धनबाद, उपविजेता ज्योति सरकार धनबाद, बालिका डबल्स अंडर 13 में विजेता आशिता एवं नम्रता टोप्पो रांची, उपविजेता प्रतिष्ठा कुमारी एवं वर्तिका राज दुमका, तथा बालक डबल्स अंडर 13 में विजेता मनप्रीत प्रजापति एवं प्रिंस कुमार गोड्डा, उपविजेता डी राजवीर एवं वैभव कृष्ण गिरिडीह हुआ।

ओबीसी छात्रों की छात्रवृत्ति वितरण में हो रही देरी पर जताई नाराजगी

# अभाविप ने जिला कल्याण पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) लोहरदगा इकाई द्वारा मंगलवार को जिला कल्याण पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें राज्य के ओबीसी वर्ग के छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति वितरण में हो रही देरी पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। जिला संयोजक आदित्य कुमार साहू ने कहा कि “राज्य सरकार की लापरवाही के कारण हजारों ओबीसी विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित हैं। छात्रवृत्ति न मिलने से कई छात्रों की पढ़ाई पर संकट मंडरा रहा है। सरकार को चाहिए कि शीघ्रता से छात्रों के खाते में राशि भेजकर राहत प्रदान करे।” वहीं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जानवी कंचन गोयल ने कहा कि “छात्रवृत्ति केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि यह विद्यार्थियों की शिक्षा की रीढ़ है। इसके अभाव में गरीब वर्ग के छात्र अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पा रहे हैं। सरकार को इस मुद्दे को गंभीरता से लेना चाहिए।”

एबीवीपी ने जिला प्रशासन से मांग की कि संबंधित छात्रवृत्ति राशि जल्द से जल्द विद्यार्थियों के खातों में भेजी जाए, ताकि छात्रों को राहत मिल सके। संगठन ने यह भी चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो एबीवीपी छात्र हित में व्यापक आंदोलन करेगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला संयोजक आदित्य कुमार साहू, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जानवी कंचन गोयल,नगर मंत्री अविनाश कुमार,कॉलेज अध्यक्ष अनुभव कुमार,नगर सह मंत्री अभिषेक कुमार,नगर सह मंत्री जय कुमार उपस्थित रहे।



# बी डिविजन क्रिकेट लीग में कुडू एकादश और सीटीसी सी ने शानदार जीत हासिल की

नवीन मेल संवाददाता




**लोहरदगा।** बलदेव साहू महाविद्यालय क्रिकेट स्टेडियम में लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित बैजनाथ प्रसाद अग्रवाल मेमोरियल बी डिविजन क्रिकेट लीग के अंतर्गत पहले मैच में कुडू एकादश ने रॉयल क्लब को 120 रन से तथा दूसरे मैच में सीटीसी सी ने कपिल देव एकादश को 199 रन से पराजित कर दिया। लोहरदगा के उप विकास आयुक्त दिलीप सिंह शेखावत ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा उनको कुछ महत्वपूर्ण टिप्स दिए। पहले मैच में टॉस जीत कर खेलते हुए कुडू एकादश की टीम 29.5 ओवर में 194 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से विवेक अभिषेक लकड़ा ने 59,बादल कुमार ने 27, तन्मय केमार ने19 तथा सावन ने 17 रन बनाए सुधांशु ने 2 विकेट तथा दर्शन ने 2 विकेट लिया। जवाबी पारी खेलते हुए रॉयल क्लब की टीम 18.5 ओवर में 74 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से अमन कुमार झा ने 16 तथा अर्पित कुमार ने 12 रन का योगदान दिया। मोहम्मद कुदुस ने 3 विकेट तथा जगबंधु महतो ने तीन विकेट लिया। दूसरे मैच में सीटीसी सी की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 297 रन का स्कोर खड़ा किया।

विद्या मंदिर में दो दिवसीय क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव का भव्य समापन

# संस्कृति भावनाओं को आगे ले जाने के लिए देशभक्ति जरूरी : ब्रह्माजी

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** विद्या भारती उत्तर-पूर्व (बिहार-झारखंड) क्षेत्र द्वारा आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव का समापन मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ हुआ। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों से आए भैया-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महोत्सव में कथा-कथन, आशु-भाषण, मूर्तिकला, हस्तकला, आदर्श पत्रावाचन सहित कुल 12 प्रतियोगिताएं छह वर्गों में आयोजित हुईं, जिनमें 154 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती, ऊं और भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने किया। इसके बाद आगंतुकों को शाल, श्रीफल, डायरी और वीर बजरंगबली की स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्मा जी राव, प्रदेश सचिव नकुल शर्मा, पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, संघ के विभाग प्रचारक शम्मी कुमार, अखिलेश कुमार, शशिधर लाल अग्रवाल, विनोद राय, अजय प्रसाद, विवेक नयन पांडे, सुरेश चंद्र पांडेय सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे। प्रदेश सचिव नकुल शर्मा ने कहा कि “हमें ऐसी मधुर और विनम्र भाषा बोलनी चाहिए जिससे मन का अहंकार दूर हो जाए।” उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेते हुए कहा कि चरित्र निर्माण के लिए आत्मविश्वास, आत्मज्ञान, आत्मसंयम और त्याग आवश्यक हैं। ब्रह्मा जी राव ने बताया कि संस्कृति बोध परियोजना के चार प्रमुख आयाम ज्ञान परीक्षा, प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन और चित्र साहित्य प्रकाशन हैं। उन्होंने कहा कि संस्कृति भावनाओं को आगे ले जाने के लिए देशभक्ति का भाव अनिवार्य है। कार्यक्रम में एकल गीत सुप्रिया घोषाल ने प्रस्तुत किया। संयोजक शशिधर लाल अग्रवाल ने भारतीय गुरुकुल परंपरा और संस्कारों की पहचान बनाए रखने का आह्वान किया। पुरस्कार वितरण में प्रथम — लोक शिक्षा समिति, बिहार, द्वितीय — विद्या विकास समिति, झारखंड व तृतीय — भारती शिक्षा समिति, बिहार ओवरऑल विजेता रहे।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, पलामू**

**भर्ती कैम्प सूचना**

जिला नियोजन (रोजगार) कार्यालय, पलामू के द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों को नियोजनालय, पलामू के कार्य योजनाओं एवं गतिविधियों से संबंधित जागरूकता सेमिनार के आयोजन के साथ ही निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर सुगमता से प्रदान करने हेतु दिनांक 17/10/2025 दिन शुक्रवार को जिला नियोजनालय परिसर, डालटनगंज में 11:00 बजे (पूर्वा0) से 3:00 बजे (अप0) तक जागरूकता सेमिनार–सह–भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्न नियोजकों के द्वारा उपस्थित रहने की सहमति जताई है :–

| S. No | Company Name | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification | Age | Salary | Place of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | | 9 |
| 1 | Chaitanya India Fin Credit Pvt. Ltd, Daltonganj | SFO | 100 | $10^{th}$ | 18-28 | 12,770/- + Incentive | Palamu, Garhwa, Latehar |
| 2 | Quess Corp Ltd. :- Phone Pey | BDE | 30 | $12^{th}$ | 18+ | 18000/- | Jharkhand/ Bihar |
| | Top's FMCG | Sales Exe. | 25 | $12^{th}$ | 18+ | 16000/- | |
| | ADANI | Installer | 500 | $12^{th}$ | 18+ | 15000/- | |
| | UTKARSH | Collection | 100 | $12^{th}$ | 18+ | 17000/- | |
| 3 | First Fly Corporate Management Services :- Goyam Auto Pvt. Ltd. | Apprenticeship | 100 | $10^{th}$/$12^{th}$/BE/Diploma/ | 18-31 | 15000/- | Aurangabad |
| 4 | Distil Education Pvt. Ltd. | Helper | 100 | $10^{th}$ | 18-30 | 15K to 18K | Bangalore |
| 5 | Gariya Enterprises | Helper/ Operator | 200 | $10^{th}$ | 18-30 | 16900/- | Ahmadabad |

जागरूकता सेमिनार–सह–भर्ती कैम्प में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक अपने सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, आधारकार्ड, 2 पासपोर्ट साईज का फोटो, नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं अपना बायोडाटा एवं स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र (न्यूनतम अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत) के साथ जागरूकता सेमिनार–सह–भर्ती कैम्प में भाग लें। इस रिक्तियों के विरूद्ध भर्ती कैम्प के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। नियोजनालय एवं विभाग मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करती है। जागरूकता सेमिनार–सह–भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है।

नोट :– रिक्ति से संबंधित विशेष जानकारी हेतु जिला नियोजन कार्यालय, पलामू से सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी
पलामू

PR 364106 District(25-26)#D

# कल से प्रखंड स्तरीय खेलकूद चयन प्रतियोगिताओं का होगा शुभारंभ

● फुटबॉल, कबड्डी, दौड़ और हाई जम्प में प्रतिभाओं की होगी खोज, विजेताओं को पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** सामाजिक संस्था मयूरी ट्रस्ट, गुमला के तत्वावधान में आगामी 16 अक्टूबर 2025 से प्रखंड स्तरीय खेलकूद चयन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र की युवा प्रतिभाओं को उभरने का अवसर देना और उन्हें उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है।

पहली प्रतियोगिता 16 अक्टूबर को शहीद बख्तर साय स्टेडियम, रायडीह में फुटबॉल, कबड्डी, दौड़ और हाई जम्प में चयन हेतु आयोजित की जाएगी। अगले दिन 17 अक्टूबर को प्रतियोगिताएं एस.एस. हाई स्कूल, घाघरा खेल मैदान में आयोजित होंगी। इसके बाद 18 अक्टूबर 2025 को ललित उरांव स्टेडियम, महुआडीपा, सिसई में अंतिम चरण का आयोजन होगा। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ प्रत्येक दिन सुबह 09:30 बजे किया जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए चैताली कॉलेज गुमला के डायरेक्टर, बसंत कुमार गुप्ता ने कहा कि यह आयोजन मेरा युवा भारत खेलकूद एवं युवा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के निर्देशानुसार किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि सभी प्रतियोगिताओं में चयनित टीम और खिलाड़ी को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। बसंत कुमार गुप्ता ने युवाओं से अपील करते हुए कहा की प्रतिभाशाली खिलाड़ी समय पर प्रतियोगिता में भाग लें और अपनी क्षमता का प्रदर्शन करें। यह आयोजन न केवल खेल कौशल को निखारने का अवसर है, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का भी एक मंच है।

### उपायुक्त की पहल पर विशेष अंचल दिवस के प्रथम चरण का हुआ समापन

# तीन महीने तक चले अभियान में 933 आवेदनों में से 746 का निपटारा

● दीपावली के बाद शुरू होगा दूसरा चरण, प्रत्येक शनिवार को पुन: आयोजित होंगे अंचल दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**




**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की पहल पर गुमला जिले में आरंभ किया गया "विशेष अंचल दिवस" अभियान प्रशासनिक पारदर्शिता और जनसुविधा की दिशा में एक उल्लेखनीय पहल साबित हुआ है। तीन महीने तक चले इस अभियान का पहला चरण 11 अक्टूबर 2025 को सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ।

इस दौरान जिले के सभी 12 प्रखंडों में आयोजित विशेष अंचल दिवस के माध्यम से कुल 933 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 746 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निस्तारण किया गया तथा 187 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं। कोई भी आवेदन लंबित नहीं है।

उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने बताया कि जनशिकायत निवारण दिवस के दौरान अधिकतर नागरिक अंचल संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु उनसे मिलने आते थे। इसी अनुभव के आधार पर उन्होंने अंचल दिवस आयोजित करने का निर्णय लिया गया, ताकि नागरिकों को अपनी समस्या लेकर जिला मुख्यालय तक आने की आवश्यकता न पड़े और प्रशासन स्वयं उनके क्षेत्र में पहुंचकर समाधान सुनिश्चित करे।

उन्होंने कहा कि अंचल दिवस से एक ओर जहाँ नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निपटारा संभव हुआ, वहीं दूसरी ओर ऐसे कई प्रकरणों का समाधान भी हो सका जिनमें एकाधिक अधिकारियों की संयुक्त निर्णय प्रक्रिया आवश्यक होती है। इसी उद्देश्य से प्रत्येक अंचल दिवस में अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, अंचल अधिकारी तथा भूमि सुधार उपसमाहर्ता जैसे वरीय अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई।

उपायुक्त ने कहा "मैंने स्वयं अंचल दिवस के दौरान नागरिकों की समस्याएँ सुनीं और मौके पर ही त्वरित समाधान कराया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य यही था कि लोगों की समस्याएँ जल्द से जल्द हल हों और उन्हें जिला कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें।"

अंचल दिवस के माध्यम से नागरिकों में न केवल अपनी समस्याओं के समाधान के प्रति विश्वास बढ़ा है, बल्कि अब वे विभिन्न सरकारी योजनाओं, प्रमाण पत्रों की प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों के बारे में अधिक जागरूक एवं सक्षम हुए हैं।

भरनो प्रखंड के प्रतिपावन साही ने बताया कि उनकी खतियानी भूमि विवाद से जुड़ी वर्षों पुरानी समस्या भरनो में आयोजित हुए अंचल दिवस में ही सुलझ गई। उन्होंने कहा "मैंने सोचा नहीं था कि मेरी समस्या इतनी जल्दी सुलझ जाएगी। वर्षों की परेशानी एक दिन में खत्म हो गई।" उन्होंने जिला प्रशासन एवं उपायुक्त के प्रति आभार व्यक्त किया, कहा "ये मेरे जीवन का सबसे ज्यादा खुशहाल समय है।"

इसी प्रकार चैनपुर प्रखंड की सुमित्रा देवी ने कहा कि उनका पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र महीनों से लंबित था, जानकारी के अभाव के कारण इस कार्य में उन्हें बेहद समय लग रहा था।

## न्यूज बॉक्स

### नशे की लत से युवाओं को करना है मुक्त



**गुमला।** नशा मुक्त युवा, स्वस्थ समाज के संदेश के साथ राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सदर अस्पताल गुमला के सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के 11 प्रखंडों से चार-चार सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) और एक-एक एसटीएस (सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर) ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य युवाओं को तंबाकू और नशे की लत से मुक्त करना, शैक्षणिक संस्थानों — स्कूलों व कॉलेजों — के 100 गज के दायरे को लाल रंग से "तंबाकू निषेध क्षेत्र" घोषित करना, और प्रत्येक पंचायत एवं ग्राम को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए प्रेरित करना है। यह विशेष जनअभियान उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार 9 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 9 दिसंबर तक यानी 60 दिनों तक जिलेभर में संचालित किया जाएगा। अभियान के दौरान जन-जागरूकता रैलियां, पोस्टर प्रदर्शनी, दीवार लेखन, नुक्कड़ नाटक, शपथ ग्रहण कार्यक्रम और विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

### दस दिवसीय एनसीसी कैंप में दैनिक रूटीन में फिजिकल प्रशिक्षण का आयोजन



**सिसई (गुमला)।** बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई में दस दिवसीय एनसीसी कैंप में मंगलवार को दैनिक रुटीन व फिजिकल प्रशिक्षण के साथ कैडेटों द्वारा खेल कूद व सांस्कृतिक नृत्य संगीत प्रस्तुत किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के तहत योग गुरु गजराज महतो के द्वारा कैडेटों को योगाभ्यास कराया गया। साथ ही योग के माध्यम से निरोग रहने ,औषधीय पौधों के उपयोग एवं लाभ के बारे में विशेष जानकारी दी गई। जिप सदस्य सिसई उतरी विजयकुमारी लक्ष्मी ने कहा कि अच्छी दिनचर्या, अनुशासन व अच्छे आचरण से हम सभी अच्छा इंसान बन सकते हैं। यह ग्रामीण क्षेत्र है। आप लोग किसान के बच्चे हैं, और खेती से आय पर ही आप निर्भर हैं। इसलिए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े। नैतिक ,समाजिक, धार्मिक व शैक्षणिक स्तर पर अपने आप को आगे बढ़ाये। विद्यालय, महाविद्यालय में जो भी सरकारी सुविधाएं प्राप्त है, उसका लाभ जरूर

# त्यौहारों के मद्देनजर होटल और मिठाई दुकानों में खाद्य सुरक्षा निरीक्षण, कई को नोटिस जारी

**नवीन मेल संवाददाता**



गुमलाः उपायुक्त, गुमला के आदेशानुसार और सह- अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गुमला के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए आज गुमला जिले के पालकोट और बधिमा प्रखंड के विभिन्न होटल एवं मिठाई दुकानों में विशेष निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान मेसर्स होटल सूर्याश एवं भोजनालय, पालकोट बसिया मोड़, मेसर्स विनय कुमार केशरी, मेसर्स दीपक किराना स्टोर, पालकोट एवं मेसर्स श्री विनायक स्टोर में लाइसेंस / रजिस्ट्रेशन न होने के कारण नोटिस जारी कर अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

साथ ही, निरीक्षण में मेसर्स श्री बंशीधर स्वीट्स, पालकोट, मेसर्स गुप्ता भोजनालय, पालकोट, मेसर्स सोनाली स्वीट्स एंड चाईनीज फूड एवं फास्ट फूड प्रतिष्ठान का निरीक्षण भी किया गया। पनीर, पेड़ा, रसगुल्ला एवं खोवा सहित अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांची गई, जो संतोषजनक पाई गई। हालांकि, कुछ प्रतिष्ठानों में बिना वैधता तिथि अंकित किए हुए खाद्य पदार्थ बेचे जा रहे थे, जिसके लिए खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने एक सप्ताह के भीतर लाइसेंस प्राप्त करने और गलती सुधारने हेतु नोटिस जारी किया।

निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, लेबलिंग, एक्सपायरी तिथि और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया। सभी दुकानदारों को निर्देशित किया गया कि वे एक्सपायरी उत्पाद न बेचें, सभी खाद्य सामग्री पर स्पष्ट लेबलिंग करें, नियमित पेस्ट कंट्रोल कराएँ और होटल/ रेस्टोरेंट स्टाफ द्वारा एप्रोन, ग्लव्स और हेडगियर का पालन सुनिश्चित करें।

साथ ही, निरीक्षण के क्रम में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी ने पलाश आजीविका दीदी कैफे, पालकोट प्रखंड परिसर और कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय, पालकोट का निरीक्षण किया। बच्चों को खाद्य सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई और खाने में तेल, चीनी एवं नमक का सीमित उपयोग करने तथा खाने के बादी को रोकने का संकल्प दिलवाया गया। जाँच में इन संस्थानों में खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और लेबलिंग सही पाई गई।

# 54 किमी साइकिल रेस में रामविलास पासवान व नीमा कुमार ने मारी बाजी

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** विकास भारती बिशुनपुर के तत्वावधान में आयोजित "डॉ. कार्तिक उरांव साइकिल रेस सह युवा संगम एवं प्रदर्शनी कार्यक्रम" ने मंगलवार को युवाओं में नया उत्साह भर दिया। लोहरदगा से चिंगरी तक 54 किलोमीटर लंबी इस भव्य साइकिल रेस का समापन जतरा टाना भगत स्मारक स्थल, चिंगरी में हुआ, जहां विजेताओं को सम्मानित किया गया।

इस प्रतियोगिता में कुल 300 बालक और 50 बालिकाओं ने भाग लिया। रेस में बालक वर्ग में रामविलास पासवान (गांव बूटी, सेन्हा) ने प्रथम स्थान प्राप्त कर परचम लहराया, जबकि बालिका वर्ग में नीमा कुमारी (गांव जंगराटोली, बिशुनपुर) विजेता रहीं। दोनों को अतिथियों द्वारा एक साइकिल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

बालिका वर्ग में द्वितीय स्थान नीलम कुमारी (भैरोटोली, पालकोट) और तृतीय स्थान अंजू कुमारी (मंजीरा, बिशुनपुर) ने प्राप्त किया। वहीं बालक वर्ग में द्वितीय स्थान तेतरु गोप (सुरसा कोटरी) और तृतीय स्थान फगुवा उरांव (झालमजीरा, सेन्हा) को मिला। सभी विजेताओं को साइकिल और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

समापन समारोह की अध्यक्षता विकास भारती के सचिव पद्मश्री अशोक भगत ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि "युवा संगम कार्यक्रम 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूत करने की दिशा में युवाओं का प्रयास है। यह कार्यक्रम न केवल खेल भावना को बढ़ावा देता है, बल्कि भारत की विविध संस्कृति में एकता का संदेश भी देता है।" मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, "देश का भविष्य युवाओं के हाथ में है।

### 18 अक्टूबर तक सभी पंचायतों में आयोजित होंगे आयुष्मान कार्ड शिविर




**गुमला।** गुमला जिले में सभी पात्र परिवारों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से शत-प्रतिशत आच्छादित करने के उद्देश्य से विशेष आयुष्मान कार्ड शिविर अभियान की शुरुआत की जा रही है। वर्तमान में जिले के कुल राशन कार्डधारियों का 54 प्रतिशत ही आयुष्मान कार्ड बन पाया है। अब तक जिले के 8.8 लाख राशन कार्ड लाभुकों में से लगभग 52 लाख लाभार्थियों को आयुष्मान योजना का लाभ दिया जा चुका है। शेष सभी पात्र परिवारों को शामिल करने हेतु 13 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2025 तक जिले के सभी पंचायत भवनों में पूर्वाह्न 09:00 बजे से शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इस अभियान को सफल बनाने हेतु जिला स्तर पर आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड स्तर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं पंचायत स्तर पर पंचायत सचिव को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। प्रत्येक पंचायत में सहिया, सेविका एवं जन वितरण प्रणाली दुकानदारों की सहायता से ऐसे कार्डधारियों की पहचान की जाएगी, जिनका E-KYC पूर्ण है परंतु आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, और उन्हें पंचायत भवन लाकर ऑन-द-स्पॉट कार्ड निर्माण कराया जाएगा।

## सिकल सेल पुष्टि जांच शिविर का आयोजन

**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार जिले में सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम और नियंत्रण के उद्देश्य से व्यापक स्क्रीनिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के 2 से 40 वर्ष आयु वर्ग के लगभग आठ लाख लोगों की जांच की जा चुकी है। अब तक कुल 456 लोग पॉजिटिव पाए गए हैं, जिनमें से 150 व्यक्तियों का कन्फर्मेटरी टेस्ट पूरा हो चुका है और उनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी जारी किया जा चुका है। शेष पॉजिटिव लोगों का कन्फर्मेटरी टेस्ट जल्द पूरा किया जाएगा। इस सिलसिले में सदर अस्पताल, गुमला में कन्फर्मेटरी टेस्ट के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। 17 अक्टूबरः सदर, भरनो और विशुनपुर प्रखंड के नागरिक, 18 अक्टूबरः बसिया, घाघरा और शहरी क्षेत्र के नागरिक, 30 अक्टूबरः चैनपुर, कामडारा और डुमरी प्रखंड के नागरिक, 31 अक्टूबरः रायडीह, पालकोट और सिसई प्रखंड के नागरिक, उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को निर्देश दिया है कि वे अपने प्रखंडों में स्क्रीनिंग में पॉजिटिव पाए गए मरीजों को शिविर स्थल पर उपस्थित कराएं।

# गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड कार्यालय परिसर मंगलवार को गीत, संगीत और नुक्कड़ नाटक की मधुर प्रस्तुति से गूंज उठा। मौके पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग तथा मनसुख कला सांस्कृतिक मंच, गुमला के संयुक्त तत्वावधान में "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" विषय पर एक प्रभावशाली जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बेटियों की शिक्षा के महत्व और बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना था। कलाकारों ने सामाजिक संदेश से परिपूर्ण गीतों और नाट्य संवादों के माध्यम से यह बताया कि बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं — बस जरूरत है उन्हें पढ़ने, समझने और आगे बढ़ने का अवसर देने की। टीम लीडर मनसुख ने अपने संबोधन में कहा, "ग्रामीण इलाकों में अक्सर देखा जाता है कि बेटियां जब पढ़ाई में आगे बढ़ रही होती हैं, तभी माता-पिता उनकी शादी की चिंता करने लगते हैं। ऐसा न करें। पहले बेटियों को शिक्षित बनाएं, आत्मनिर्भर बनाएं — तभी समाज का सच्चा विकास संभव है।" उन्होंने कहा कि "आज की बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। अगर हम उन्हें बीच में ही शादी के बंधन में बांध देंगे, तो न केवल उनका भविष्य रुक जाएगा बल्कि समाज का भी विकास बाधित होगा।"

कार्यक्रम के दौरान कलाकारों जीतू नायक, छोटे लाल नायक, सुभाष लोहरा, पूजा कुमारी, रूपा कुमारी आदि ने शानदार प्रस्तुति देकर उपस्थित ग्रामीणों का मन मोह लिया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने शिक्षा, समानता और नारी सशक्तिकरण का सशक्त संदेश दिया, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, छात्र-छात्राएं और महिला समूह की सदस्याएं मौजूद थी।

## 17 को समाहरणालय के समक्ष होगा एकदिवसीय प्रदर्शन : पवन

**लोहरदगा।** मंगलवार को ठगी पीड़ित जमा करता अभिकर्ता परिवार के जिला कार्यालय लोहरदगा में बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने किया। अध्यक्ष ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में ठगी पीड़ित जमा करता अभिकर्ता के राष्ट्रीय अध्यक्ष मदन लाल आजाद के द्वारा केस फाइल किया गया था। जिसकी सुनवाई 27 सितंबर 2025 को हुई लेकिन संतोषजनक फैसला नहीं होने के कारण पुन दोबारा रिट याचिका दिनांक 14/10/2025 को किया गया। पवन तिग्गा ने कहा कि दिनांक 17 अक्टूबर को समाहरणालय के समक्ष एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धरना प्रदर्शन को सफल बनाएं और अपना भुगतान की भागीदारी बने। सुकरू उरांव ने कहा कि आवेदन जमा करने पर से नहीं होगा आप लोगों को समय-समय पर आपकी आवेदन पर क्या विचार विमर्श किया गया इसकी भी जानकारी लेना आपका अधिकार है। बैठक में कर्मवीर उरांव, सुधन भगत, जितेंद्र यादव, रामू नागाशिया, अमर प्रदीप एक्का, शशि नंदन भगत, बिमला मिंज, लेनिन एक्का, प्रभु लकड़ा, लच्छू उरांव

### सभी मध्य विद्यालयों में स्वास्थ्य जांच शिविर 15 नवम्बर तक आयोजित

**गुमला।** जिले के सभी बच्चों के समग्र विकास के दृष्टिकोण से शिक्षा के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने के उद्देश्य से व्यापक स्वास्थ्य जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में जिले के 425 मध्य विद्यालयों में 14 अक्टूबर से 15 नवम्बर 2025 तक निर्धारित तिथि अनुसार स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जाएगा। ज्ञात हो कि पूर्व में जिले के सभी आवासीय विद्यालयों एवं उच्च विद्यालयों में स्वास्थ्य जांच शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं। अब इस अभियान का विस्तार करते हुए मध्य विद्यालयों के बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। इन शिविरों में विद्यार्थियों की सामान्य स्वास्थ्य जांच, हीमोग्लोबिन जांच, आदि सहित आवश्यक परामर्श भी दिया जाएगा। निर्देशानुसार, प्रत्येक प्रखंड अंतर्गत निर्धारित तिथियों पर संबंधित मध्य विद्यालयों में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाएंगे। इस कार्य के सफल संचालन हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने रेफरल अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से कार्यरत एएनएम, प्रयोगशाला तकनीशियन एवं आरबीएसके टीम की उपस्थिति सुनिश्चित करें, ताकि छात्रों की समुचित जांच की जा सके। इसके अतिरिक्त सभी अधिकारियों को यह भी निदेशित किया गया है कि वे सूची में दर्शाए गए विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित तिथियों को स्वास्थ्य शिविर आयोजित कराएं एवं की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन जिला प्रशासन को अविलंब उपलब्ध कराएं।

## बेटियां करेंगी राज्य स्तर पर कबड्डी में गुमला का प्रतिनिधित्व



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड की बेटियों ने एक बार फिर खेल जगत में क्षेत्र का नाम रोशन किया है। खेलो झारखंड के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी (बालिका) प्रतियोगिता के लिए भरनो प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय, पबेया की 13 छात्राओं का चयन किया गया है। यह प्रतियोगिता 15 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2025 तक राजधानी रांची स्थित खेलगांव, होटवार में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में विद्यालय की अंडर-14 और अंडर-17 वर्ग की बालिकाएं गुमला जिला का प्रतिनिधित्व करेंगी।अंडर-14 वर्ग में चयनित खिलाड़ी हैं — निशा कुमारी, मनीषा कुमारी, खुशी कुमारी, अंजू उरांव, अंशु उरांव, साक्षी उरांव और रोशनी मुंडा। वहीं अंडर-17 वर्ग में सोमारी कुमारी, आकांक्षा कुमारी, चिंतामणि कुमारी, किरण मुंडा और फुलमनी कुमारी चयनित हुई हैं। विद्यालय परिवार में इस उपलब्धि से खुशी की लहर है। खिलाड़ियों को राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए रवाना करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक अंबर प्रसाद ने कहा कि यह स्कूल और प्रखंड दोनों के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा, "हमारी बेटियां अब केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि खेलों में भी अपनी प्रतिभा से पहचान बना रही हैं।" शारीरिक शिक्षक बीरबल लोहरा ने खिलाड़ियों को अंतिम अभ्यास सत्र में प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास से ही सफलता मिलती है। इस अवसर पर सहायक शिक्षक योगेश प्रसाद केसरी, कुंवर कुजूर, दिगंबर यादव, जिनित टोपनो, दीप्ति सरोज कुजूर, किरण मिंज, आरती कुमारी और अनिता केरकेट्टा सहित सभी शिक्षकों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। द्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह एवं सदस्य सकीम अंसारी ने भी बालिकाओं के उज्जवल भविष्य की कामना की और टीम को खेलगांव रांची के लिए रवाना किया।

## अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा का उपयोग करते चार धराए

**कैरो (लोहरदगा)।** विद्युत विभाग के मैनेजिंग डायरेक्टर, रांची के पत्रांक संख्या 301/एपीटी के निर्देश के आलोक में मंगलवार को बिजली चोरी की रोकथाम के लिए विशेष छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कुडू के सहायक विद्युत अभियंता मो. जीशान अहमद ने किया। उनके नेतृत्व में गठित टीम ने कैरो थाना क्षेत्र के नरौली एवं खंडा गांव में सघन छापेमारी की। छापेमारी के दौरान दोनों गांवों में चार उपभोक्ताओं को अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा का उपयोग करते हुए पाया गया। विभाग द्वारा चारों के खिलाफ जुर्माने की राशि निर्धारित की गई तथा कैरो थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू की गई। अभियान दल में बिलिंग सुपरवाइजर जौहर अंसारी, तकनीकी सहायक कौशल किशोर राम, खुर्शीद अंसारी के साथ कैरो थाना के सशस्त्र बल भी शामिल थे।

### चैनपुर में छठ महापर्व की तैयारियां जोरों पर

# एसडीओ व अंचल अधिकारी ने सफी नदी छठ घाट का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**चैनपुर।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में आज चैनपुर अनुमंडल पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी और अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता ने अन्य अधिकारियों के साथ सफी नदी के छठ घाट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छठ व्रतियों की सहूलियत और सुरक्षा को लेकर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान एसडीओ पूर्णिमा कुमारी ने घाट पर चल रही साफ-सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि घाट तक जाने वाले रास्ते को सुगम बनाया जाए और नदी के किनारे स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा, "छठ महापर्व में हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं, उनकी सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है।"अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता ने बताया कि नदी के जलस्तर का भी आकलन किया जा रहा है।

उन्होंने पूजा समितियों से भी अपील की कि वे प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सतर्क रहें।अधिकारियों ने पूजा के दौरान होने वाली भीड़ को नियंत्रित करने की योजना पर भी चर्चा की। एसडीओ ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिया कि छठ के दौरान घाट पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती की जाए और यातायात की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### पालकोट में एयरटेल पेमेंट्स बैंक सेवा केंद्र का उद्घाटन

**पालकोट (गुमला)।** पालकोट प्रखंड में एयरटेल पेमेंट्स बैंक सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय उरांव ने फीता काटकर सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। संचालक प्रकाश महतो ने बताया कि इस बैंक सेवा केंद्र के माध्यम से सभी सरकारी लाभ और योजनाओं का पैसा सीधे (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से मिनटों में लाभार्थियों के खाते में जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि मैया सम्मान योजना के लाभार्थियों को सेवा केंद्र ने सबसे अधिक सुविधा प्रदान की है। उद्घाटन के दौरान अधिकारियों ने यह भी बताया कि अब स्थानीय नागरिक बैंकिंग, बीमा और अन्य वित्तीय सेवाएँ अपने ही क्षेत्र में सुगमता से प्राप्त कर सकेंगे। इससे ग्रामीण और प्रखंड स्तर पर वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे — सोनी लकड़ा, हरीश कुमार प्रजापति, जीएम अंबुज सिंह, अभिषेक कुमार मिश्रा, दिलीप साहू, श्यामसुंदर साहू, प्रह्लाद साहू और अनित साहू।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

"धर्म और अधर्म, सेवा और परमार्थ के झमेलों में पड़कर मैंने बहुत ठोकरें खायीं। मैंने देख लिया कि दुनिया दुनियादारों के लिए है, जो अवसर और काल देखकर काम करते हैं। सिद्धांतवादियों के लिए यह अनुकूल स्थान नहीं है।" - प्रेमचंद

## संपादकीय


# टैरिफ मुक्त दिवाली

वैश्विक अर्थव्यवस्था से इतर भारत की अपनी पारंपरिक व्यवस्था है जो बहुतेरे प्रयासों के बाद भी ध्वस्त नहीं हो पाई है।देश के त्योहारी बाजार स्वदेशी उत्पादों के साथ उत्साह और अभूतपूर्व खरीदी की रौनक से सराबोर हैं। ये बाजार मिट्टी के दीयों, देवी लक्ष्मी की मूर्तियों, पूजा के सामान, घर की सजावट के हल्पशिल्प के सामान, रंग-बिरंगी झालरों, शुभ-लाभ पट्टिकाओं और ओम जैसे सौभाग्य के प्रतीक सामानों से सुसज्जित दिखाई दे रहे हैं। इस बार गांवों और शहरों के बाजारों में बड़ी संख्या में व्यापारियों और दुकानदारों के द्वारा स्थानीय स्वदेशी सामानों को प्राथमिकता से बेचा जा रहा है। पिछले दो महीनों में रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी, नवदुर्गा और दशहरा के त्योहारी बाजारों में भी स्वदेशी राखियां, कृष्ण, गणपति, मां दुर्गा की मूर्तियां और रावण के स्वदेशी पुतलों की धूम रही। अब वह समय बीता हुआ दिखाई दे रहा है, जब त्योहार के सीजन में देश के बाजारों में दुकानें केवल सस्ते और आकर्षक चीनी सामानों से भर जाती थीं। इस बार पारंपरिक बाजारों से लेकर आधुनिक मॉल तक हर जगह स्थानीय और स्वदेशी उत्पाद खरीदने के लिए उपभोक्ताओं का उत्साह चरम पर है। गौरतलब है कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार-बार यह भी कहा है कि त्योहारों पर हम ऐसे ही उत्पाद खरीदें, जिनमें देशवासियों के पसीने की महक हो, देश के युवाओं का टैलेंट हो। इन बातों का त्योहारी बाजार पर असर दिखाई दे रहा है। इस बार दीवाली के त्योहारी बाजार में अभूतपूर्व खरीदी का भी परिदृश्य दिखाई दे रहा है। इसके तीन बड़े कारण हैं। एक, इस वर्ष 22 सितंबर से जीएसटी सुधारों के लागू होने से लगभग सभी उपभोक्ता उत्पादों की कीमतें घट गई हैं। दो, महंगाई दर घटी हुई है और तीन, कृषि उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर है और ग्रामीणों की क्रयशक्ति बढ़ी हुई है। निस्संदेह जीएसटी में सरलता और नए जीएसटी ढांचे के रोडमैप के तहत जीएसटी के चार टैक्स स्लैब में बदलाव करते हुए इन्हें घटाकर पांच फीसदी और 18 फीसदी स्लैब में बदलाव ने त्योहारी बाजार को नई ऊर्जा दी हैं। जीएसटी दरों में नए बदलाव से वर्तमान में 12 फीसदी जीएसटी वाली लगभग 99 फीसदी वस्तुएं अब पांच फीसदी के स्लैब में आ गई हैं, जबकि 28 फीसदी टैक्स वाली लगभग 90 फीसदी वस्तुएं 18 फीसदी के स्लैब में आ गई हैं। नए जीएसटी सुधारों के कारण देश के लोगों के पास लगभग दो लाख करोड़ रुपए बचने के कारण इस त्योहार के सीजन में घरेलू खर्च और खपत बढ़ती हुई दिखाई दे रही है। खास तौर से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लगभग सभी पदार्थों पर जीएसटी दरों में कमी होने से खाद्य प्रसंस्करण और संबद्ध उद्योगों की बिक्री बढ़ गई है।भारत एक ऐसा देश है जहां विदेशी वस्तुओं से दिवाली मनाने की प्रवृति बढ़ी है पर अभी भी लक्ष्मी गणेश की पूजा से लेकर लगभग सभी उपहार सामग्री तक भारतीय की प्रयोग किए जाते हैं और देशभक्ति पर आ जाएं विदेशी वस्तुओं की खरीददारी धनतेरस तक में लोग नहीं करेंगे।

**देश के त्योहारी बाजार स्वदेशी उत्पादों के साथ उत्साह और अभूतपूर्व खरीदी की रौनक से सराबोर हैं। ये बाजार मिट्टी के दीयों, देवी लक्ष्मी की मूर्तियों, पूजा के सामान, घर की सजावट के हल्पशिल्प के सामान, रंग-बिरंगी झालरों, शुभ-लाभ पट्टिकाओं और ओम जैसे सौभाग्य के प्रतीक सामानों से सुसज्जित दिखाई दे रहे हैं।**

## 15 अक्टूबर, भारत के पूर्व-राष्ट्रपति व परमाणु वैज्ञानिक की 94 वीं जयंती पर विशेष

# एपीजे अब्दुल कलाम का संपूर्ण जीवन विज्ञान और देश सेवा को समर्पित रहा



आज की बात



**विजय केसरी**

भारत के पूर्व राष्ट्रपति परमाणु वैज्ञानिक एपीजे अब्दुल कलाम का संपूर्ण जीवन विज्ञान और राष्ट्र सेवा को समर्पित रहा था। वे एक कर्तव्य परायण और निष्ठावान व्यक्ति थे। भारत को परमाणु विज्ञान के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में उनके योगदान को कभी विस्मृत नहीं किया जा सकता है। वह इस धरा पर 84 वर्षों तक रहें। उन्होंने अपने कृत्य से देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। उनकी पहचान एक अंतरराष्ट्रीय परमाणु वैज्ञानिक के रूप में भी की जाती है । वे भारत के पहले ऐसे राष्ट्रपति निर्वाचित हुए थे, जो परमाणु विज्ञान अनुसंधान से जुड़े थे। वे एक वैज्ञानि कऔर अभियन्ता के रूप में विख्यात रहें। उन्होंने सिखाया जीवन में चाहें जैसे भी परिस्थिति क्यों न हो पर जब आप अपने सपने को पूरा करने की ठान लेते हैं तो उन्हें पूरा करके ही रहते हैं। अब्दुल कलाम के विचार आज भी युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। जब देश में अटल बिहारी वाजपेई प्रधानमंत्री थे, तब वे ग्यारहवें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित हुए थे। उनका बचपन बहुत ही संघर्ष और गरीबी में बीता था, लेकिन उन्होंने अपने सपने को कड़ी मेहनत और निष्ठा से पूरा किया था। अब्दुल कलाम ने अपनी आरम्भिक शिक्षा जारी रखने के लिए अख़बार वितरित करने का कार्य भी किया था। उन्होंने मुख्य रूप से एक वैज्ञानिक और विज्ञान के व्यवस्थापक के रूप में चार दशकों तकरक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन औरभारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन संभाला व भारत के नागरिक अंतरिक्ष कार्यक्रम और सैन्य मिसाइल के विकास के प्रयासों में भी उपस्थित रहे। इन्हें बैलेस्टिक मिसाइल और प्रक्षेपण यान प्रौद्योगिकी के विकास के कार्यों के लिए भारत में 'मिसाइल मैन' के रूप में जाना जाता है। 1974 में उन्होंने भारत द्वारा प्रथम मूल परमाणु परीक्षण के बाद से द्वितीय बार 1998 में भारत के पोखरन - द्वितीय परमाणु परीक्षण में एक निर्णायक, सगंठनात्मक, तकनीकी और राजनैतिक भूमिका निभाई थी। अब्दुल कलाम एक मध्यमवर्ग मुस्लिम अंसार परिवार में इनका जन्म हुआ। इनके पिता जैनुलाब्दीन न तो अधिक पढ़े-लिखे थे, न ही पैसे वाले थे। पांचवी कक्षा में पढ़ते समय उनके अध्यापक उन्हें पक्षी के उड़ने के तरीके की जानकारी दे रहे थे, किन्तु जब छात्रों को समझ नही आया तो अध्यापक उनको समुद्र तट ले गए जहां उड़ते हुए पक्षियों को दिखाकर अच्छे से समझाया, इन्ही पक्षियों को देखकर कलाम ने तय कर लिया कि उनको भविष्य में विमान विज्ञान में ही जाना है। अब्दुल कलाम ने 1950 में मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजीसे अंतरिक्ष विज्ञानमें स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। स्नातक होने के बाद उन्होंने हावरक्राफ्टपरियोजना पर काम करने के लिए भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संस्थानमें प्रवेश किया 1962 में वे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठनमें आये जहां उन्होंने सफलतापूर्वक कई उपग्रह प्रक्षेपण परियोजनाओं में अपनी भूमिका निभाई। परियोजना निदेशक के रूप में भारत के पहले स्वदेशीउपग्रह प्रक्षेपण यानएसएलवी 3 के निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई जिससे जुलाई 1982 में रोहिणी उपग्रहसफलतापूर्वकअंतरिक्षमें प्रक्षेपित किया गया था। अब्दुल कलाम कोपरियोजना महानिदेशकके रूप में भारत का पहला स्वदेशी उपग्रह एस.एल.वी. तृतीय प्रक्षेपास्त्र बनाने का श्रेय हासिल हुआ। 1980 में इन्होंने रोहिणी उपग्रहको पृथ्वी की कक्षा के निकट स्थापित किया था। इस प्रकार भारत भी अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष क्लब का सदस्य बन गया। इसरो लॉन्च व्हीकल प्रोग्राम को परवान चढ़ाने का श्रेय भी इन्हें प्रदान किया जाता है। कलाम ने स्वदेशी लक्ष्य भेदी नियंत्रित प्रक्षेपास्त्र गाइडेड मिसाइल्स को डिजाइन किया। आगे उन्होंने अग्निएवं पृथ्वीजैसे प्रक्षेपास्त्रों को स्वदेशी तकनीक से बनाया था। कलाम जुलाई 1992 से दिसम्बर 1999 तकरक्षा मंत्रीके विज्ञान सलाहकार तथा सुरक्षा शोध और विकास विभाग के सचिव थे। उन्होंने रणनीतिक प्रक्षेपास्त्र प्रणालीका उपयोगआग्नेयास्त्रों के रूप में किया। इसी प्रकार पोखरण में दूसरी बारपरमाणु परीक्षणभी परमाणु ऊर्जा के साथ मिलाकर किया। इस तरह भारत ने परमाणु हथियार के निर्माण की क्षमता प्राप्त करने में सफलता अर्जित की। कलाम ने भारत के विकास स्तर को विज्ञान के क्षेत्र में अत्याधुनिक करने के लिए एक विशिष्ट सोच प्रदान की। वे भारत सरकार के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार भी रहे।

अब्दुल कलाम व्यक्तिगत ज़िन्दगी में बेहद अनुशासनप्रिय थे। यह शाकाहारी थे। उन्होंने अपनी जीवनीविंग्स ऑफ़ फायरभारतीय युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान करने वाले अंदाज में लिखी है। इनकी दूसरी पुस्तक 'गाइडिंग सोल्स- डायलॉग्स ऑफ़ द पर्पज ऑफ़ लाइफ' आत्मिक विचारों को उद्घाटित करती है। उन्होंने तमिल भाषा में कविताऐं भी लिखीं। यूं तो अब्दुल कलाम राजनीतिक क्षेत्र के व्यक्ति नहीं थे, लेकिन राष्ट्रवादी सोच और राष्ट्रपति बनने के बाद भारत की कल्याण संबंधी नीतियों के कारण इन्हें कुछ हद तक राजनीतिक दृष्टि से सम्पन्न माना जा सकता है। इन्होंने अपनी पुस्तकइण्डिया 2020 में अपना दृष्टिकोण स्पष्ट किया है। यह भारत कोअंतरिक्ष विज्ञानके क्षेत्र में दुनिया का सिरमौर राष्ट्र बनते देखना चाहते थे और इसके लिए इनके पास एक कार्य योजना भी थी। परमाणु हथियारों के क्षेत्र में यह भारत को सुपर पॉवर बनाने की बात सोचते रहे थे। वह विज्ञान के अन्य क्षेत्रों में भी तकनीकी विकास चाहते थे। कलाम का कहना था कि 'सॉफ़्टवेयर' का क्षेत्र सभी वर्जनाओं से मुक्त होना चाहिए ताकि अधिकाधिक लोग इसकी उपयोगिता से लाभांवित हो सकें। ऐसे में सूचना तकनीक का तीव्र गति से विकास हो सकेगा। वैसे इनके विचार शांति और हथियारों को लेकर विवादास्पद हैं। अब्दुल कलामकर्नाटकभक्ति संगीत हर दिन सुना करते थे। उनका हिंदु संस्कृतिपर गहरा विश्वास था। उन्हें 2003 व 2006 में 'एमटीवी यूथ आइकन ऑफ़ द इयर' के लिए नामांकित किया गया था। 2011 में आई हिंदी फिल्मआई एम कलाममें, एक गरीब लेकिन उज्ज्वल बच्चे पर कलाम के सकारात्मक प्रभाव को चित्रित किया गया। उनके सम्मान में वह बच्चा छोटू जो एकराजस्थानीलड़का है खुद का नाम बदल कर कलाम रख लेता है 2011 में, कलाम कीकुडनकुलम परमाणु संयंत्रपर अपने रुख से नागरिक समूहों द्वारा आलोचना की गई। इन्होंने ऊर्जा संयंत्र की स्थापना का समर्थन किया। इन पर स्थानीय लोगों के साथ बात नहीं करने का आरोप लगाया गया। वे कुरान और भगवद् गीतादोनों का अध्ययन करते थे। कलाम ने कई स्थानों पर उल्लेख किया है कि वे तिरुक्कुरलका भी अनुसरण करते हैं, उनके भाषणों में कम से कम एककुरलका उल्लेख अवश्य रहता था। राजनीतिक स्तर पर कलाम की चाहत थी कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की भूमिका का विस्तार हो और भारत ज्यादा से ज्यादा महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाये। भारत कोमहाशक्तिबनने की दिशा में कदम बढाते देखना उनकी दिली चाहत थी। उन्होंने कई प्रेरणास्पद पुस्तकों की भी रचना की थी और वे तकनीक को भारत के जनसाधारण तक पहुंचाने की हमेशा वक़ालत करते रहते थे। बच्चों और युवाओं के बीच डाक्टर क़लाम जी अत्यधिक लोकप्रिय थे। वहभारतीय अन्तरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थानके कुलपति भी थे। अब्दुल कलाम ने साहित्यिक रूप से भी अपने विचारों को चार पुस्तकों में समाहित किया है, जो इस प्रकार हैं: 'इण्डिया 2020 ए विजन फॉर द न्यू मिलेनियम', 'माई जर्नी' तथा 'इग्नाटिड माइंड्स- अनलीशिंग द पॉवर विदिन इंडिया'। इन पुस्तकों का कई भारतीय तथा विदेशी भाषाओं में अनुवाद हो चुका है। इस प्रकार यह भारत के एक विशिष्ट वैज्ञानिक थे, जिन्हें 40 से अधिक विश्वविद्यालयों और संस्थानों से डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्राप्त हो चुकी है। आलेख के अंत में उन्हीं के विचारों को प्रस्तुत कर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा हूं। अब्दुल कलाम ने कहा कि 'सबसे उत्तम कार्य क्या होता है? किसी इंसान के दिल को खुश करना, किसी भूखे को खाना देना, जरूरतमंद की मदद करना, किसी दुखियारे का दुख हल्का करना और किसी घायल की सेवा करना।'

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# ऐसी दरिंदगी में कैसे बचेगी बेटी कैसे पढ़ेगी बेटी?

आपकी बात



**मनोज कुमार अग्रवाल**

हाल ही में एक बार फिर एक मेडिकल छात्रा के साथ पाशविकता को दोहराया गया है। पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिले के दुर्गापुर में एक मेडिकल कॉलेज की द्वितीय वर्ष की छात्रा के साथ गैंगरेप की सनसनीखेज वारदात हुई है। पीड़िता ओडिशा के जलेश्वर की रहने वाली है। शुक्रवार रात कॉलेज परिसर के बाहर आरोपियों ने उसे अगवा कर लिया। उसे जंगल में ले जाकर अपनी हवस का शिकार बनाया। पुलिस ने हमेशा की तरह आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करके इस मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जाता है कि ये घटना उस समय हुई जब छात्रा अपनी एक सहेली के साथ रात का खाना खाने के लिए कॉलेज परिसर से बाहर गई थी। शुक्रवार रात करीब 8 से 8-30 बजे के बीच तीन युवक उनके पास पहुंचे। उन्हें देखकर छात्रा की सहेली घबरा गई और मौके से भाग निकली। इसके बाद आरोपियों ने पीड़िता का मोबाइल फोन छीन लिया और उसे जबरन पास के जंगल में ले गए। वहां तीनों ने छात्रा को अपनी हवस का शिकार बना डाला। दरिंदगी के बाद उन तीनों ने उसे धमकाया गया कि यदि उसने किसी को कुछ बताया तो अंजाम गंभीर होंगे। आरोपी जाते-जाते यह भी कह गए कि मोबाइल वापस चाहिए तो पैसे देने होंगे। इस वारदात के बाद पीड़िता की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। उसे दुर्गापुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। आपको बता दें कि हाल ही में जब आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्याकांड की पहली बरसी पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और पश्चिम बंगाल के केंद्रीय पर्यवेक्षक अमित मालवीय ने ममता बनर्जी सरकार पर महिलाओं की सुरक्षा में विफल रहने का गंभीर आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाने में नाकाम रही है। श्री मालवीय ने सोशल मीडिया पर एक्स पर शनिवार को आंकड़ों के साथ एक बयान जारी कर कहा कि पश्चिम बंगाल महिलाओं के लिए देश के सबसे असुरक्षित राज्यों में से एक बन गया है। उन्होंने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि वर्ष 2022 में राज्य में महिलाओं के खिलाफ 34 हजार 738 अपराध दर्ज हुए, जिससे यह देश के शीर्ष पांच राज्यों में शामिल है। उनके अनुसार, राज्य की अपराध दर 7118 प्रति एक लाख आबादी है, जो राष्ट्रीय औसत 6514 से अधिक है। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि अगस्त 2024 तक पश्चिम बंगाल में बलात्कार और पॉक्सो से जुड़े 48 हजार 600 मामले लंबित है, जबकि फास्ट-ट्रैक विशेष अदालतें मौजूद है। मालवीय के अनुसार, यह ममता बनर्जी सरकार की प्रशासनिक विफलता को दर्शाता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# पारंपरिक चिकित्सा की बढ़ती प्रासंगिकता

**जलवायु परिवर्तन और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के दौर में प्राचीन चिकित्सा पद्धति स्थायी स्वास्थ्य सेवा समाधान प्रदान कर सकती है**

देश की बात



**प्रतापराव जाधव**

केंद्रीय आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा रिग्पा और होम्योपैथी (आयुष) राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण राज्य मंत्री

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार, इसके 88 प्रतिशत सदस्य देशों - 194 देशों में से 170 - में पारंपरिक चिकित्सा का प्रचलन है। विशेष रूप से निम्न और मध्यम आय वाले देशों में, यह चिकित्सा प्रणाली अपने सुलभ और किफायती सेवा के कारण अरबों लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवा का प्राथमिक रूप बनी हुई है। तथापि, इसका महत्व उपचार से आगे बढ़कर जैव विविधता संरक्षण, पोषण सुरक्षा और स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने तक विस्तृत है। व्यापारिक रुझान दिखाते हैं कि लोग इसे तेजी से अपना रहे हैं। विश्लेषकों का अनुमान है कि वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा बाजार 2025 तक 10 प्रतिशत -20 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ 583 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। चीन का पारंपरिक चिकित्सा क्षेत्र 122.4 अरब डॉलर, ऑस्ट्रेलिया का हर्बल औषधि उद्योग 3.97 अरब डॉलर और भारत का आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा रिग्पा एवं होम्योपैथी (आयुष) क्षेत्र 43.4 अरब डॉलर के मूल्य का है। यह विस्तार स्वास्थ्य सेवा दर्शन में एक मूलभूत बदलाव को दर्शाता है - प्रतिक्रियात्मक उपचार मॉडल से सक्रिय, निवारक दृष्टिकोणों की ओर, जो केवल लक्षणों के बजाय मूल कारणों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। भारत के पारंपरिक चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। 92,000 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों वाले आयुष उद्योग का एक दशक से भी कम समय में लगभग आठ गुना विस्तार हुआ है। विनिर्माण क्षेत्र का राजस्व 2014-15 के 21,697 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्तमान में 1.37 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है, जबकि सेवा क्षेत्र ने 1.67 लाख करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है। भारत अब 150 से ज्यादा देशों को 1.54 अरब डॉलर मूल्य के आयुष और हर्बल उत्पादों का निर्यात करता है और आयुर्वेद को कई देशों में एक चिकित्सा पद्धति के रूप में औपचारिक मान्यता मिल रही है। यह वैश्विक मंच पर आर्थिक अवसर और सॉफ्ट पावर, दोनों का प्रतिनिधित्व करता है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (2022-23) द्वारा आयुष पर किए गए पहले व्यापक सर्वेक्षण से लगभग सार्वभौमिक जागरूकता का पता चलता है - ग्रामीण क्षेत्रों में 95 प्रतिशत और शहरी केंद्रों में 96 प्रतिशत। पिछले वर्ष आधी से ज़्यादा आबादी ने आयुष प्रणालियों का उपयोग करने की जानकारी दी थी और आयुर्वेद कायाकल्प और निवारक देखभाल के लिए पसंदीदा विकल्प के रूप में उभरा है। भारत ने अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, आयुर्वेद शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान और केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद सहित कई संस्थानों के माध्यम से अनुसंधान में महत्वपूर्ण निवेश किया है। ये संस्थान नैदानिक सत्यापन, औषधि मानकीकरण और एकीकृत देखभाल मॉडल विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जो पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ जोड़ते हैं। आयुष मंत्रालय की अंतर्राष्ट्रीय सहयोग योजना के माध्यम से भारत की वैश्विक आयुर्वेद पहुँच ने अभूतपूर्व स्तर हासिल किया है। भारत ने 25 द्विपक्षीय समझौतों और 52 संस्थागत साझेदारियों पर हस्ताक्षर किए हैं, 39 देशों में 43 आयुष सूचना प्रकोष्ठ स्थापित किए हैं और विदेशी विश्वविद्यालयों में 15 शैक्षणिक विभागों की स्थापना की है। भारत में डब्लूएचओ वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा केंद्र की स्थापना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। भारत सरकार से समर्थन प्राप्त इस केंद्र का उद्देश्य आधुनिक विज्ञान, डिजिटल स्वास्थ्य और कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहित उभरती प्रौद्योगिकियों के माध्यम से पारंपरिक चिकित्सा की क्षमता का उपयोग करना है। पारंपरिक चिकित्सा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के एकीकरण पर विश्व स्वास्थ्य संगठन का हालिया प्रकाशन इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे उन्नत प्रौद्योगिकियां नैदानिक सत्यापन को मजबूत कर सकती हैं, बड़े डेटा विश्लेषण को सक्षम बना सकती हैं और आयुर्वेद व संबंधित प्रणालियों में पूर्वानुमान देखभाल प्रणाली को बेहतर बना सकती हैं। आयुर्वेद जन-जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए आयुर्वेद का मूल दर्शन - शरीर और मन, मानव और प्रकृति, उपभोग और संरक्षण के बीच संतुलन - समकालीन चुनौतियों के लिए प्रासंगिक समाधान प्रस्तुत करता है। जहाँ एक ओर दुनिया जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों और जलवायु परिवर्तन से जूझ रही है, वहीं आयुर्वेद एक ऐसी रूपरेखा प्रदान करता है, जो व्यक्तिगत और पृथ्वी के स्वास्थ्य, दोनों का समाधान करने में सक्षम है।

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

बदल जायगा, भ्रम हुआ, अब की चाल चरित्र
सच तो ये है, हो रहे, कुछ के पाप पवित्र।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# जूते की महिमा निराली

अलग बात



**डॉ दीपक प्रसाद**

जूता! नाम सुनते ही किसी के चेहरे पर मुस्कान आती है, तो किसी के माथे पर बल। एक ही वस्तु, पर अर्थ हज़ार। हाल ही में अदालत की गरिमा के बीच जब एक वरिष्ठ वकील ने माननीय न्यायाधीश के समक्ष जूता दिखाने का 'असाधारण प्रदर्शन' किया, तब लगा कि जूता सिर्फ़ पहनने या चलने का साधन नहीं रहा अब यह अभिव्यक्ति का नया माध्यम बन गया है। अगर वही जूता किसी जूता-घर (दुकान) में दिखाया जाता, तो ग्राहक उसे 'स्टाइलिश', 'कंफर्टेबल' या 'ब्रांडेड' कह कर खरीद लेता; लेकिन अदालत में वही जूता दिखा तो गरिमा की जमीन हिल गई। यही तो है जूता की महिमा, परिस्थिति के अनुसार अर्थ बदल जाने की अद्भुत कला! जूता, एक अद्भुत सामाजिक प्रतीक है। इंसान की औकात, उसकी आर्थिक स्थिति, उसका स्वाद, सब कुछ उसके जूते से आँका जाने लगा है। किसी के पैर में चमचमाता ब्रांडेड जूता दिख जाए तो लोग मान लेते हैं कि यह व्यक्ति 'काबिल' है, जबकि वही व्यक्ति दिल का कैसा है, इसका अंदाज़ा किसी को नहीं। आजकल तो जूते के ब्रांड से 'चरित्र प्रमाणपत्र' बनने लगे हैं। जूते का दाम आदमी की इज़्ज़त तय करता है। लेकिन जब वही जूता किसी के सिर की शोभा बढ़ा दे, तो ब्रांड और दाम सब भूल जाते हैं, बस याद रहता है कि "भाई, जूता पड़ा!" कभी यही जूता 'मर्यादा का प्रतीक' था। भगवान श्रीराम के पांव की खड़ाऊ जब अयोध्या के सिंहासन पर रखी गई, तो वह केवल एक वस्त्र नहीं, बल्कि धर्म, नीति और मर्यादा का प्रतीक बन गई। भरत ने राज्य नहीं संभाला, खड़ाऊ को संभाला। वह भी जूते का ही रूप था लेकिन तब जूते की इज़्ज़त थी, आज 'जूता' शब्द सुनते ही हम हँस पड़ते हैं। समय ने जूते की परिभाषा ही बदल दी है। पुराणों में 'पदुकाओं' का उल्लेख अनेक बार मिलता है। पदुकाएं केवल जूते नहीं थीं, बल्कि आस्था का आधार थीं। रामायण में भरत का उदाहरण तो प्रसिद्ध है ही, महाभारत में भी 'राजसी पादुका' का प्रतीक रूप में उल्लेख मिलता है, जब सत्ता और धर्म के बीच संतुलन की बात आती थी, तब खड़ाऊ को ही प्रतीक बनाकर राज्य चलाया जाता था। आज वही पादुका अगर किसी के सामने दिखा दी जाए, तो मामला अदालत तक पहुँच जाता है। जूते की यात्रा बड़ी रोचक रही है। एक समय था जब जूते सिर्फ़ पैरों की धूल से रक्षा करते थे, आज यह 'इमेज बिल्डर' बन गए हैं। पहले राजा खड़ाऊ पहनते थे, आज राजा-नुमा लोग जूते के ब्रांड में राज करते हैं। पहले जूते भगवान के चरणों में रखे जाते थे, अब वही जूते दूसरों के सिर और गले पर चढ़ाने, पहनाने की धमकी दी जाती है। समाज का यह परिवर्तन बताता है कि जूता अब सिर्फ़ चमड़े का नहीं, 'चरित्र का मापदंड' बन चुका है। भाषा की बात करें तो आज हमारी जुबान भी 'जूता ब्रांड' हो गई है, पहले मिठास थी, अब मारकता है। पहले जुबान से रसगुल्ला खिलाया जाता था, अब जुबान से जूता खिलाया जाता है। जुबान की मिठास घटने लगी, और व्यवहार की मर्यादा भी। ऐसा लगता है कि समाज में जूता खाने और जूता दिखाने की परंपरा ने संवाद और सम्मान को निगल लिया है। जूते की अहमियत घट नहीं रही, बस दिशा बदल गई है। जूता अब सिर पर नहीं चढ़ता, ट्वीट पर चढ़ता है। पहले यह सिंहासन संभालता था, अब यह ट्रेंड संभालता है। समय के साथ जूता भी "वर्गीय" हो गया है। कभी यह श्रम और सादगी का प्रतीक था, अब यह लक्ज़री ब्रांड्स का चिन्ह है। जूते की दुकानों में आज 'एलीट' और 'कॉमनर' के सेक्शन बने हैं। कभी किसी गरीब की खड़ाऊ भी श्रद्धा पाती थी, आज बिना ब्रांड का जूता समाज की नज़र में हीनता का प्रतीक बन गया है। राजनीति हो या समाज जूते का प्रयोग हर जगह हो रहा है। कभी भाषण के दौरान नेता पर जूता फेंका जाता है, तो कभी अदालत में जूता दिखाकर न्याय की परिभाषा पर प्रश्न उठाया जाता है। लेकिन सोचिए, अगर यही जूता कभी संग्रहालय में रखा जाए, तो शायद लोग उसकी कहानी सुनकर हंसें भी और सोचें भी कि एक जमाने में इस वस्तु ने शासन चलाया था, और आज यह अदालत की दलील में बदल गया है। जूता अब केवल पैर का आभूषण नहीं, एक विचार है। यह हमें यह भी सिखाता है कि हर वस्तु की गरिमा उसके प्रयोग में है, स्थान में नहीं। वही जूता जो मंदिर के बाहर उतरना मर्यादा है, अदालत के भीतर उठाना अपराध है। फर्क सिर्फ़ समझ का है। समाज को आज जरूरत है कि वह फिर से उस युग को याद करे, जब जूते को 'मर्यादा' और 'सम्मान' का प्रतीक माना जाता था। जब किसी के पैर की धूल भी पवित्र मानी जाती थी। अगर उस भाव को लौटा सकें, तो शायद जूता फिर से सिर पर चढ़े सम्मान से, न कि अपमान से। जूते की यही महिमा निराली है, वह सिखाता है कि वस्तु नहीं, विवेक बड़ा होता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)


# विशाखापत्तनम बनेगा टेक का ग्लोबल हब! गूगल, अडानी, एयरटेल की एआई क्रांति

**एजेंसी। विशाखापत्तनम**

अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड, अल्फाबेट इंक की गूगल और भारती एयरटेल लिमिटेड ने विशाखापत्तनम में भारत का सबसे बड़ा एआई डेटा सेंटर बनाने के लिए एक साथ मिलकर काम किया है। अदानी समूह और अमेरिका स्थित एज कॉनेक्स का डेटा सेंटर संयुक्त उद्यम अदानी कॉनेक्स, एयरटेल के साथ मिलकर विजाग में गूगल के एआई हब के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण करेगा, जिसमें एक नए अंतरराष्ट्रीय सबसी गेटवे का निर्माण भी शामिल है। इस सह-निवेश में आंध्र प्रदेश में नई पारेषण लाइनें, नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएँ और ऊर्जा भंडारण प्रणालियाँ भी शामिल हैं।

अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी ने एक बयान में कहा यह केवल बुनियादी ढाँचे में निवेश से कहीं बढ़कर है। यह एक उभरते राष्ट्र की आत्मा में निवेश है। उन्होंने आगे कहा विशाखापत्तनम अब प्रौद्योगिकी के लिए एक वैश्विक गंतव्य बनने के लिए तैयार है और हम इस ऐतिहासिक यात्रा के वास्तुकार बनकर रोमांचित हैं। गूगल का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में विशाखापत्तनम में एआई हब बनाने के लिए लगभग 15 बिलियन डॉलर का निवेश करना है, जो एक अरब की इंटरनेट आबादी वाले देश पर उसका सबसे बड़ा दांव है। एआई हब में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से जुड़ा एक डेटा सेंटर और एक फाइबर-ऑप्टिक नेटवर्क शामिल है, जिसके लिए गूगल अदानी कॉन एक्स और भारती एयरटेल के साथ सहयोग कर रहा है।

यह योजना आंध्र प्रदेश के स्थानीय स्तर पर एआई अवसंरचना निर्माण के प्रयासों से जुड़ी है। प्रौद्योगिकी मंत्री नारा लोकेश ने ब्लूमबर्ग न्यूज़ को बताया कि राज्य सरकार का लक्ष्य 2029 तक 6 गीगावाट डेटा-सेंटर क्षमता स्थापित करना है। गूगल भारत में निवेश करने वाली अमेरिकी प्रौद्योगिकी कम्पनियों में शामिल हो गया है - जो विश्वव्यापी एआई बूम का सबसे बड़ा लाभार्थी है।



- **परियोजना में अगले पांच वर्षों (2026-2030) में लगभग 15 अरब डॉलर का निवेश किया जाएगा**
- **यह हब गीगावाट-स्तरीय डेटा सेंटर ऑपरेशंस, सब-सी केबल नेटवर्क और स्वच्छ ऊर्जा पर आधारित होगा**
- **अडानी, गूगल और एयरटेल विशाखापत्तनम में भारत का सबसे बड़ा एआई डेटा सेंटर स्थापित करेंगे**

## भारत का सबसे बड़ा एआई डाटा सेंटर बनाएंगे ,15 अरब डॉलर के निवेश की योजना

**अहमदाबाद।** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने मंगलवार को कहा कि उन्हें आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में भारत का सबसे बड़ा एआई डेटा सेंटर कैंपस बनाने के लिए गूगल के साथ साझेदारी करने पर गर्व है। अदाणी समूह की कंपनी अदाणीकॉनेक्स और गूगल ने भारत में सबसे बड़ा एआई डेटा सेंटर बनाने के लिए साझेदारी का ऐलान किया। यह डेटा सेंटर आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में बनाया जाएगा। इसमें करीब अगले पांच वर्षों में 15 अरब डॉलर का निवेश होगा। अदाणी समूह को विशाखापत्तनम में भारत के सबसे बड़े एआई डेटा सेंटर कैंपस के निर्माण के लिए गूगल के साथ साझेदारी करने पर गर्व है, जिसे विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मांगों के लिए डिजाइन किया गया है।" सोशल मीडिया 'प्लेटफॉर्म' एक्स पर एक पोस्ट में गौतम अदाणी ने कहा कि इस हब में डीप लर्निंग, न्यूरल नेटवर्क ट्रेनिंग और बड़े पैमाने पर एआई मॉडल इंफेरेंस के लिए आवश्यक टेंसर प्रोसेसिंग यूनिट (टीपीयू) और ग्राफिकल प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) आधारित कंप्यूटिंग क्षमता होगी और यह एक ऐसा इकोसिस्टम तैयार करेगा, जो भारत के सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों जैसे स्वास्थ्य सेवा और कृषि से लेकर लॉजिस्टिक्स और वित्त आदि के लिए एआई-संचालित समाधान प्रदान करेगा।अदाणी समूह के चेयरमैन ने कहा, "हमें भारत की एआई क्रांति को गति देने के लिए इंजन का निर्माण करने और हमारे देश के प्रतिभाशाली माइंड्स को जटिल चुनौतियों का समाधान करने के लिए उपकरण प्रदान करने पर गर्व है।"

## गूगल का गीगावाट स्तर का डेटा सेंटर इन्फ्रास्ट्रक्चर हमारे 'विकसित भारत' विजन के अनुरूप : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि गूगल का गीगावाट स्तर का डेटा सेंटर इन्फ्रास्ट्रक्चर हमारे 'विकसित भारत' विजन के अनुरूप है। गूगल ने विशाखापत्तनम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हब बनाने का ऐलान किया है। इसके लिए कंपनी अगले पांच वर्षों (2026-2030) तक में करीब 15 अरब डॉलर का निवेश करेगी। यह देश में कंपनी का अब तक का सबसे बड़ा निवेश है।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, "आंध्र प्रदेश के गतिशील शहर विशाखापत्तनम में गूगल एआई हब का लॉन्च होना काफी खुशी की बात है।"

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि यह बहुआयामी निवेश, जिसमें गीगावाट स्तर का डेटा सेंटर इन्फ्रास्ट्रक्चर शामिल है। इससे टेक्नोलॉजी के लोकतंत्रीकरण को एक शक्तिशाली बल मिलेगा। गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई की एक पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि यह निवेश सभी के लिए एआई सुनिश्चित करेगा, हमारे नागरिकों को अत्याधुनिक उपकरण प्रदान करेगा, हमारी डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा और इससे ग्लोबल टेक्नोलॉजी लीडर के रूप में भारत का स्थान सुरक्षित होगा। पिचाई ने इससे पहले पोस्ट किया था कि प्रधानमंत्री मोदी से बात करके उन्हें बहुत अच्छा लगा और विशाखापत्तनम में पहले गूगल एआई हब के लिए हमारी योजनाओं को साझा किया। उन्होंने कहा, "यह हब गीगावाट-स्तरीय कंप्यूटिंग क्षमता, एक नए अंतरराष्ट्रीय सबसी गेटवे और बड़े पैमाने पर एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर को जोड़ता है। इसके माध्यम से हम अपनी उद्योग-अग्रणी तकनीक को भारत में उद्यमों और उपयोगकर्ताओं तक पहुंचाएंगे, एआई इनोवेशन को गति देंगे और देश भर में विकास को गति देंगे।"गूगल एआई हब को अदाणी समूह की कंपनी अदाणीकॉनेक्स के साथ मिलकर बनाएगी। अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने कहा, "अदाणी समूह को इस ऐतिहासिक परियोजना पर गूगल के साथ साझेदारी करने पर गर्व है, यह परियोजना भारत के डिजिटल परिदृश्य के भविष्य को परिभाषित करेगी। "यह सिर्फ इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश से कहीं बढ़कर है। यह एक उभरते राष्ट्र की आत्मा में निवेश है। यह साझेदारी राष्ट्र निर्माण के हमारे साझा दृष्टिकोण और 21वीं सदी के उपकरणों से प्रत्येक भारतीय को सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। विशाखापत्तनम अब टेक्नोलॉजी के लिए एक वैश्विक गंतव्य बनने के लिए तैयार है, और हम इस ऐतिहासिक यात्रा के आर्किटेक्ट बनकर रोमांचित हैं।

## युवाओं के लिए गेम चेंजर गूगल एआई हब का किया स्वागत : सीएम नायडू

**आंध्र प्रदेश।** मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने मंगलवार को विशाखापत्तनम में नए गूगल एआई हब के शुभारंभ की सराहना करते हुए इसे आंध्र प्रदेश की अर्थव्यवस्था और भारतीय युवाओं के लिए एक क्रांतिकारी बदलाव बताया। नायडू ने 'भारत एआई शक्ति' कार्यक्रम में भाग लेने के बाद दिल्ली में पत्रकारों से कहा कि यह आंध्र प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक दिन था। यह आंध्र प्रदेश की अर्थव्यवस्था और भारतीय युवाओं के लिए एक क्रांतिकारी बदलाव है। मैं प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी का आभारी हूँ। मैं गूगल टीम की उस गति के लिए सराहना करता हूँ जिससे उन्होंने इस परियोजना को हमारे देश में लाया। हब की स्थापना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करते हुए, मुख्यमंत्री नायडू ने दुनिया भर की वैश्विक तकनीकी कंपनियों का नेतृत्व करने की भारतीयों की क्षमताओं की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मैंने भारत में बहुत सारे बदलाव देखे हैं। भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी के लिए जाने जाते हैं। आप किसी भी वैश्विक कंपनी को लीजिए, भारतीय मूल के लोग उसके सीईओ हैं, यही हमारी ताकत है। चाहे वह गूगल हो, माइक्रोसॉफ्ट हो या कोई और कंपनी। अब, इसी ताकत के साथ, एआई भविष्य की एक वास्तविकता है, लेकिन हमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रभावी ढंग से उपयोग करना होगा। उन्होंने आगे कहा, "डेटा विकास के लिए एक नया ईंधन है। मैं भारत सरकार का आभारी हूँ कि उन्होंने मुझे आंध्र प्रदेश में इस परियोजना को शुरू करने का अवसर दिया।

**आईपीएस अधिकारी सुसाइड केस**

# रोहतक में एएसआई की आत्महत्या से आईपीएस केस में नया मोड़

**एजेंसी। रोहतक**

- **सुसाइड नोट में दिवंगत आईपीएस वाई. पूरन कुमार पर गंभीर आरोप लगाए**
- **घटना ने आईपीएस पूरन कुमार केस को और जटिल बना दिया**

हरियाणा आईपीएस अधिकारी सुसाइड मामले में एक नया मोड़ आ गया है। असल में, एक और पुलिस अधिकारी की आत्महत्या का मामला सामने आया है और उसने सुसाइड नोट में कथित तौर पर दिवंगत आईपीएस वाई. पूरन कुमार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

मृतक की पहचान असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर (एएसआई) संदीप लाठर के रूप में हुई है, जो वर्तमान में रोहतक के साइबर सेल में तैनात थे। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने शव को कब्जे में ले लिया। संदीप लाठर ने अपने सुसाइड नोट और एक वीडियो मैसेज में आईपीएस वाई. पूरन कुमार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। नोट में उन्होंने लिखा है कि पूरन कुमार एक भ्रष्ट अधिकारी हैं, जिनके खिलाफ कई ठोस सबूत मौजूद हैं। संदीप ने दावा किया कि पूरन कुमार के स्टाफ के खिलाफ चल रही वसूली की जांच के दौरान उन्हें गिरफ्तारी का डर सता रहा था।

सुसाइड नोट में लिखा, "मैं इस दबाव को और सहन नहीं कर पाया। पूरन साहब ने मुझे फंसाने की साजिश रची थी।"वीडियो मैसेज में भी संदीप ने अपनी बात दोहराई है, जो जांच एजेंसियों के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। यह घटना आईपीएस वाई. पूरन कुमार केस में एक नया मोड़ ला रही है। पूरन कुमार पर वसूली, भ्रष्टाचार और अन्य आपराधिक गतिविधियों के आरोप हैं। 11 अक्टूबर को रोहतक में विशेष जांच टीम (एसआईटी) पहुंची थी, जो इसी मामले की तहकीकात कर रही है। सूत्रों के अनुसार, संदीप जांच के दौरान महत्वपूर्ण बयान देने वाले थे, लेकिन उनकी अचानक मौत ने पूरे केस को और जटिल बना दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। यह मामला आईपीएस अधिकारी वाई. पूरन कुमार से जुड़े वसूली कांड से गहराई से संबंधित नजर आ रहा है।

## आईपीएस का अभी तक पोस्टमार्टम नहीं


**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की आत्महत्या के बाद विवादों में घिरे हरियाणा के डीजीपी शत्रुजीत कपूर को सोमवार को छुट्टी पर भेज दिया गया। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली ने इसकी पुष्टि की, लेकिन खबर लिखे जाने तक आधिकारिक आदेश जारी नहीं हुआ था।

**छुट्टी पर भेजे गए डीजीपी :** हरियाणा सरकार ने आईपीएस (भारतीय पुलिस सेवा) अधिकारी वाई पूरण कुमार की कथित आत्महत्या मामले को लेकर भाजपा सरकार पर विपक्ष के हमले और कुमार के परिवार की ओर से आरोपी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग के बीच राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) शत्रुजीत कपूर को छुट्टी पर भेज दिया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली ने कहा, ''हां, सरकार ने डीजीपी को छुट्टी पर भेज दिया है।''भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 2001 बैच के अधिकारी कुमार ने सात अक्टूबर को चंडीगढ़ के सेक्टर-11 स्थित अपने आवास पर कथित तौर पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने आठ पन्नों का 'अंतिम नोट' छोड़ा था, जिसमें हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर और रोहतक के पूर्व पुलिस अधीक्षक (एसपी) नरेंद्र बिजारणिया सहित आठ वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों पर 'जातिगत भेदभाव, लक्षित मानसिक उत्पीड़न, सार्वजनिक अपमान तथा अत्याचार' का आरोप लगाया गया है। बिजारणिया का शनिवार को तबादला कर दिया गया था। कुमार की पत्नी और भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की अधिकारी अमनीत पी कुमार ने अपने पति को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में कपूर और बिजारणिया के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। कुमार का अब तक पोस्टमार्टम और अंतिम संस्कार नहीं किया गया है।, क्योंकि परिजनों ने उनकी मांगें पूरी न होने तक इसके लिए सहमति देने से इनकार कर दिया है।

# केवीसी में 10 साल के इशित भट्ट का व्यवहार बना पेरेंटिंग बहस का मुद्दा

**एजेंसी। गुजरात**



गुजरात के पाँचवीं कक्षा के छात्र इशित भट्ट ने कौन बनेगा करोड़पति के ताज़ा एपिसोड में अपने व्यवहार से बहस छेड़ दी है। भट्ट लंबे समय से चल रहे इस क्विज़ शो के 17वें सीज़न में नज़र आए, जिसे अमिताभ बच्चन होस्ट करते हैं, जहाँ हॉटसीट पर उनके व्यवहार की सोशल मीडिया पर तीखी आलोचना हुई। 10 वर्षीय इशित भट्ट ने केबीसी में अपनी पारी की शुरुआत 83 वर्षीय अमिताभ बच्चन से खेल के नियम न समझाने के अनुरोध के साथ की। उन्होंने होस्ट से कहा, "मुझे नियम पता हैं, इसलिए आप अभी मुझे नियम न समझाएँ।" इसके बाद भट्ट ने अमिताभ बच्चन द्वारा चार विकल्प दिए जाने का इंतज़ार किए बिना ही पहले चार सवालों के जवाब दे दिए। कई दर्शकों ने उनके लहज़े को अपमानजनक माना—उदाहरण के लिए, एक मौके पर, युवा प्रतियोगी ने बच्चन को बीच में ही टोकते हुए कहा, "ऑप्शन के बिना बोल रहा हूँ, लॉक करो 'डांस'। जो भी ऑप्शन है लॉक करो।

**बच्चों के व्यवहार पर सवाल :** पाँचवीं कक्षा के इस छात्र के जवाब और दर्शकों द्वारा अमिताभ बच्चन के प्रति "अशिष्टता" के रूप में देखे जाने पर इंटरनेट पर बहस छिड़ गई। और आजकल हम जिस तरह से काम करते हैं, उसे देखते हुए यह स्वाभाविक था कि उस नन्हे-मुन्नों को बेरहमी से ट्रोल किया गया, और यहाँ तक कि माता-पिता को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ा। माता-पिता खुद को ऑनलाइन आक्रोश का शिकार पाते हैं, जहाँ अजनबी लोग कुछ टेलीविज़न मिनटों के आधार पर उनकी "पालन-पोषण शैली" का विश्लेषण करते हैं। लेकिन क्या माता-पिता को हमेशा अपने बच्चे के सार्वजनिक रूप से व्यवहार के लिए ज़िम्मेदार ठहराना उचित है?

**बच्चे ऐसा व्यवहार क्यों करते हैं? :** एस्टर व्हाइटफ़ील्ड अस्पताल की बाल मनोवैज्ञानिक डॉ. सुषमा गोपालन बताती हैं, "बच्चों का स्वभाव और वातावरण दोनों ही उनके व्यवहार को आकार देते हैं।" "कुछ बच्चे स्वाभाविक रूप से साहसी, आवेगी और मुखर होते हैं, जबकि अन्य शर्मीले और सतर्क होते हैं। पालन-पोषण, सामाजिक ढाँचा और भावनात्मक प्रशिक्षण इन गुणों को वास्तविक जीवन में कैसे प्रकट करते हैं, यह तय करते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज आपको तरक्की के कुछ नए साधन मिल सकते हैं। आपको बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। बिजनेस में सब कुछ सामान्य रूप से बना रहेगा। दाम्पत्य रिश्तों में एक बार फिर से ताजगी भरने के लिये आज का दिन शानदार रहेगा।

**वृष :** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। बिजनेस के क्षेत्र में कुछ लोगों से मदद मिलेगी और सामाजिक जीवन भी हर तरह से बेहतर बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको काम के लिए वाहवाही मिलेगी, जिससे आर्थिक स्थिति में प्रगति होगी। आप खुद को सही साबित करने में सफल रहेंगे। सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स के लिए दिन खास रहने वाला है।

**मिथुन :** आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। कुछ अच्छे लोगों से आपकी मुलाकात दिन को और बेहतर बना सकती है। जीवन में तरक्की के नये रास्ते खुलेंगे। ऑफिस में आपके काम की तारीफ हो सकती है। अपने कुछ खास काम निपटाने के लिए आपको रूटीन में बदलाव करना पड़ सकता है।

**कर्क :** आज जीवनसाथी के साथ बातचीत में थोड़ी नरमी बरतनी चाहिए। धैर्य रखने पर रिश्ते मधुर रहेंगे। नियमित योग करने से आपका स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा। आज कुछ कामों में अपेक्षा से अधिक समय लग सकता है, लेकिन टेंशन से बचना चाहिए। किसी की राय आपके लिये कारगर साबित हो सकती है।

**सिंह :** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। नौकरी कर रहे लोगों को नया प्रोजेक्ट मिल सकता है, जो भविष्य में फायदा दिलाएगा। छात्राओं के लिए दिन ठीक रहेगा, मेहनत के बल पर उन्हें करियर में सफलता मिलेगी। ऑफिस में एक साथ कई कामों के कारण थोड़ा तनाव हो सकता है।

**कन्या :** आज आपका दिन शानदार रहेगा। बचपन के किसी दोस्त का फोन आ सकता है, जिससे पुरानी यादें ताजा होंगी और अधूरे काम पूरे होंगे। बिजनेस में नए एग्रीमेंट हो सकते हैं। संपत्ति बढ़ाने की योजना सफल होगी। महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात के योग बनेंगे। कारोबार में बढ़ोतरी होगी और स्टूडेंट्स के लिए दिन अनुकूल रहेगा।

**तुला :** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप सामाजिक कार्यों में हिस्सा ले सकते हैं। ऑफिस में नया काम मिलेगा, जिसमें मेहनत से सफलता मिलेगी। परिवार से जुड़े किसी काम के लिए थोड़ी भागदौड़ हो सकती है। स्वास्थ्य में थोड़ा उतार-चढ़ाव रहेगा। कोर्ट संबंधी किसी काम में सीनियर्स की मदद लेनी पड़ सकती है।

**वृश्चिक :** आज आपका दिन पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा। थोड़ी सी मेहनत से ही बड़ा मुनाफा मिल सकता है। जीवनसाथी के साथ डिनर का प्लान बन सकता है। आप दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ेंगी। बच्चे दोस्तों के साथ पिकनिक पर जा सकते हैं। करियर से जुड़ा सुनहरा मौका मिल सकता है।

**धनु :** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। परिवार के साथ धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जा सकते हैं। मित्रों की संख्या बढ़ेगी। आर्थिक रूप से लाभ प्राप्त होगा। काम में नयापन आयेगा और अपनों से नजदीकियां बढ़ेंगी। कोई शुभ सूचना प्राप्त हो सकती है। मेहनत का पूरा फल मिलेगा।

**मकर :** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। बिजनेस में रुका हुआ पैसा मिल सकता है। किसी काम में दूसरों की मदद मिल सकती है। परिवार के लोग आपके हर फैसले में साथ होंगे। जीवनसाथी के साथ तालमेल बेहतर रहेगा। ऑफिस में माहौल मिला-जुला रहेगा, किसी सहकर्मी से अनबन हो सकती है।

**कुंभ :** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप खुद को एनर्जेटिक महसूस करेंगे। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। किसी खास व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। किसी विशेष विषय पर बातचीत संभव है। बच्चों के साथ बाहर घूमने जा सकते हैं। कामकाज के सिलसिले में की गई यात्रा फायदेमंद साबित होगी।

**मीन :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपके अच्छे व्यवहार से लोग खुश रहेंगे और समाज में आपकी छवि निखरेगी। ऑफिस का काम समय पर पूरा होगा। किसी दोस्त की मदद से निजी काम पूरे हो सकते हैं। आर्थिक रूप से लाभ प्राप्त होगा। कुछ मामलों में अधिकारियों से मदद मिल सकती है।

## अयोध्या बनेगा विश्व का सांस्कृतिक केंद्र दीपोत्सव में 5 देशों का ऐतिहासिक मंचन

**एजेंसी। अयोध्या**



अयोध्या में दीपोत्सव के लिए तैयारियां चरम पर हैं और 56 घाटों और मंदिरों पर लाखों दीपों की रोशनी में इस साल पारंपरिक और आधुनिक सजावट और अंतरराष्ट्रीय कलाकारों का मंचन इस पावन नगरी की सांस्कृतिक विरासत को और भी समृद्ध करेगा। एक बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार अयोध्या में एक अभूतपूर्व अंतरराष्ट्रीय रामलीला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रूस, थाईलैंड, इंडोनेशिया, नेपाल और श्रीलंका के कलाकार मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की लीला का मंचन करेंगे। अंतरराष्ट्रीय कलाकारों की भागीदारी अयोध्या को न केवल धार्मिक बल्कि सांस्कृतिक पर्यटन का केंद्र भी बनाएगी। इस बार कुल 90 विदेशी कलाकार अयोध्या की पावन भूमि पर अपनी कला और सांस्कृतिक धरोहर के माध्यम से रामकथा को जीवंत रूप में पेश करेंगे। अयोध्या के राम कथा पार्क में इस वर्ष विभिन्न राज्यों की प्रसिद्ध रामलीलाओं का मंचन किया जाएगा।रूस से आए 15 कलाकार रामलीला के दौरान राम और सीता के स्वयंवर का दृश्य प्रस्तुत करेंगे। रूस के कलाकारों ने इस प्रस्तुति के लिए महीनों की तैयारी की है। थाईलैंड से आए 10 कलाकार रामलीला में शूर्पणखा और राम-लखन संघर्ष, मारीच से संघर्ष और राम-रावण युद्ध का मंचन करेंगे। थाईलैंड के कलाकारों की पारंपरिक नृत्य-नाट्य शैली इस प्रस्तुति को और भी जीवंत बनाएगी। इंडोनेशिया के 10 कलाकार रामलीला में लंका दहन और अयोध्या वापसी के दृश्य को अद्भुत ढंग से प्रस्तुत करेंगे। बयान के अनुसार, नेपाल से आए 33 कलाकार इस बार रामलीला में पहली बार लक्ष्मण पर शक्ति प्रदर्शन प्रस्तुत करेंगे। इससे पहले नेपाल की रामलीला मुख्य रूप से मां सीता पर केंद्रित होती थी। श्रीलंका के 22 कलाकार में से दो कलाकार पहले ही अयोध्या पहुंच चुके हैं। यह टीम रामेश्वर की भूमि पर रावणेश्वरा का दृश्य प्रस्तुत करेगी। श्रीलंका वासी आज भी रावण को ईश्वर की भूमिका में मानते हैं।

## मैं भाजपा नेता नहीं, समाजसेवा करने आई हूं : मैथिली ठाकुर

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी को एक बड़ा बढ़ावा देते हुए, लोक और भक्ति गायिका मैथिली ठाकुर मंगलवार को पटना में बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गईं। सूत्रों के अनुसार, ठाकुर के दरभंगा के अलीनगर से आगामी राज्य विधानसभा चुनाव लड़ने की संभावना है। बिहार की 243 सीटों वाली विधानसभा के लिए मतदान 6 नवंबर और 11 नवंबर को होगा, जबकि मतगणना 14 नवंबर को होगी। इस अवसर पर बोलते हुए, बिहार भाजपा अध्यक्ष जायसवाल ने एनडीए की जीत पर विश्वास जताते हुए कहा कि मतदाताओं ने प्रचंड बहुमत के साथ एनडीए सरकार बनाने का मन बना लिया है। उन्होंने विपक्षी महागठबंधन पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वे "निराश और उदास" हैं और दावा किया कि उनके आधा दर्जन से अधिक विधायक जल्द ही भाजपा में शामिल होंगे। गायिका मैथिली ठाकुर ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बहुत प्रभावित हूँ। उनसे प्रेरणा लेते हुए, मैं उनका समर्थन करने के लिए यहाँ हूँ। मैथिली ठाकुर ने कहा कि मैं यह नहीं मानती कि किसी राजनीतिक दल में शामिल होने से आप राजनेता बन जाते हैं।; मैं यहाँ समाज की सेवा करने और उनकी विचारधारा को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए हूँ... मैं मिथिला की बेटी हूँ, मेरी आत्मा मिथिला में बसती है... पार्टी को पता चल जाएगा कि उनके मन में मेरे लिए क्या है; मैं यहाँ केवल उनका समर्थन करने के लिए हूँ।


# दो दिन बाद खुला स्कूल हिजाब विवाद सुलझा

**एजेंसी। केरल**

केरल के एर्नाकुलम स्थित एक निजी स्कूल में छात्रा द्वारा हिजाब पहनने की माँग को लेकर उठे विवाद का समाधान हो गया है क्योंकि छात्रा के माता-पिता संस्थान के ड्रेस कोड का पालन करने पर सहमत हो गए हैं। छात्रा के माता-पिता और एर्नाकुलम से कांग्रेस सांसद हिबी ईडन के बीच हुई बैठक के बाद यह समझौता हुआ। माता-पिता ने कहा कि उनकी बेटी बुधवार से स्कूल जाएगी। वे इस बात पर सहमत हुए कि लड़की बिना हिजाब पहने स्कूल आएगी।

एर्नाकुलम जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुहम्मद शियास और सांसद हिबी ईडन ने स्कूल प्रबंधन से मिलने से पहले छात्रा के परिवार से बातचीत की। बातचीत के बाद, हिबी ईडन ने मीडिया को बताया कि दोनों पक्षों के बीच सौहार्दपूर्ण समझौता हो गया है।

हिबी ईडन ने कहाकि छात्रा के पिता अनस ने हमें बताया है कि वह स्कूल के नियमों और विनियमों का पालन करते हुए अपनी पढ़ाई जारी रखेगी। यह समाज के लिए धर्मनिरपेक्षता का एक बड़ा संदेश है। कुछ लोगों ने इस मुद्दे का इस्तेमाल सांप्रदायिक विभाजन पैदा करने के लिए किया था।



- **हिजाब विवाद सुलझा, छात्रा माता-पिता की सहमति से बिना हिजाब स्कूल जाएगी**

**शारीरिक शोषण** | केरल में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के सुसाइड नोट पर हंगामा

# आरएसएस पर गंभीर आरोप, सड़कों पर यूथ कांग्रेस

- **आरएसएस पर यौन शोषण के आरोप और जांच की मांग**

**एजेंसी। केरल**



केरल में 26 वर्षीय अनंथु अजी की दुखद आत्महत्या ने राजनीतिक बवंडर खड़ा कर दिया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक विस्तृत सुसाइड नोट में सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने बचपन से ही एक पड़ोसी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अन्य सदस्यों द्वारा वर्षों तक यौन और शारीरिक शोषण का आरोप लगाया है। नोट में लिखा है कि मैं किसी से नाराज़ नहीं हूँ, सिवाय एक व्यक्ति और एक संगठन के... आरएसएस से जिससे मेरे पिता (जो एक बहुत अच्छे इंसान थे) ने मुझे जोड़ा था। यहीं मुझे जीवन भर का सदमा झेलना पड़ा है। इन आरोपों पर प्रियंका गांधी जैसी राजनीतिक हस्तियों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और पूरी जाँच की माँग की है। डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीवाईएफआई) ने भी अनंथु की मौत के लिए ज़िम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की माँग की है।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) ने 26 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर द्वारा अपने सुसाइड नोट में लगाए गए आरोपों को संदिग्ध और निराधार बताया है। 9 अक्टूबर को तिरुवनंतपुरम में मरने वाले इस व्यक्ति ने एक सुसाइड नोट छोड़ा था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरएसएस के कई सदस्यों ने उसका यौन शोषण किया था।

13 अक्टूबर को जारी एक प्रेस बयान में आरएसएस ने कहा कि उसने कोट्टायम के जिला पुलिस प्रमुख के समक्ष एक याचिका दायर कर इस मामले की निष्पक्ष जाँच की माँग की है। दक्षिण केरलम के सह प्रांत कार्यवाह केबी श्रीकुमार ने अपने बयान में कहा हमारा दृढ़ विश्वास है कि एक स्वतंत्र जाँच से न केवल उसकी अप्राकृतिक मृत्यु का वास्तविक कारण सामने आएगा, बल्कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में आरएसएस की निर्दोषता भी सुनिश्चित होगी।

## दुर्गापुर गैंगरेप: चीखी तो और लोगों को बुला लूंगा

पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में एक निजी कॉलेज के पास कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार की शिकार हुई मेडिकल छात्रा ने इलाज के दौरान अपने साथ हुए हमले का दर्दनाक विवरण दिया और बताया कि कैसे हमलावरों ने उसे पास के एक जंगल में घेर लिया और उस पर कब्जा कर लिया। पीड़िता ने बताया कि वह अपने एक दोस्त के साथ रात के खाने के लिए बाहर गई थी, तभी कुछ लोगों के एक समूह ने उन्हें रोक लिया। उन्होंने कहा कि मेरे दोस्त और मैंने देखा कि वे अपनी गाड़ी छोड़कर हमारी तरफ आ रहे थे।

# ट्रंप बोले- भारत और पाक अब मिलजुलकर रहेंगे


## पाक पीएम से पूछा- ऐसा है न, इटली की पीएम मेलोनी से कहा- आप खूबसूरत हैं

**एजेंसी । शर्म अल-शेख**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान अब मिलजुलकर रहेंगे। इस दौरान उन्होंने पीछे मुड़कर पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की तरफ देखते हुए पूछा- ऐसा है न? उन्होंने यह बयान मिस्र के शर्म अल-शेख में हुई गाजा पीस समिट के दौरान दिया। सवाल पूछने के बाद ट्रंप और मंच पर मौजूद बाकी नेता हंसने लगे। इसके अलावा ट्रंप ने भारत को महान देश और पीएम मोदी का नाम लिए बिना उन्हें अच्छा दोस्त बताया। उन्होंने कहा, ट्रंप का यह बयान भारत और पाकिस्तान में मई में हुए संघर्ष को रुकवाने के दावों के बीच आया है।

**पाक पीएम ने ट्रंप के दावे का समर्थन किया :** मिस्र में हुई समिट के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने डोनाल्ड ट्रंप के भारत-पाकिस्तान के बीच जंग रुकवाने के दावे का समर्थन किया। शहबाज ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप वास्तव में शांति पुरुष हैं, उनके प्रयासों के बाद शांति स्थापित हुई है। उन्होंने न सिर्फ भारत-पाकिस्तान की जंग रुकवाई बल्कि दुनिया में 8 संघर्षविराम कराए। दरअसल ट्रंप ने गाजा शांति समझौते के लिए इस सम्मेलन को लीड किया था। जिसमें 20 से ज्यादा देशों के नेता शामिल हुए। ट्रंप ने अपनी स्पीच के बीच में शरीफ को बुलाया और पूछा, "क्या आप कुछ कहना चाहते हैं?" साथ ही पाकिस्तान पीएम से आग्रह किया कि "वही बोलें जो आपने मुझसे पिछले दिनों कहा था। शरीफ ने करीब पांच मिनट तक संबोधित किया। इसके बाद ट्रंप फिर पोडियम पर आए और शरीफ के भाषण को शानदार बताया।

वहीं, ट्रंप ने समिट में शामिल होने पहुंची इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से कहा, "आप खूबसूरत हैं"। इस दौरान मेलोनी मंच पर ट्रंप के पीछे खड़ी थीं। उन्होंने कहा कि अगर आप अमेरिका में किसी महिला को खूबसूरत कहते हैं, तो आपका राजनीतिक करियर खतरे में पड़ सकता है, लेकिन मैं जोखिम उठाऊंगा।




### तुर्किये के राष्ट्रपति ने मेलोनी से स्मोकिंग छोड़ने को कहा

तुर्किये के राष्ट्रपति राष्ट्रपति रेचप तैयप एर्दोगन ने इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी से स्मोकिंग छोड़ने के लिए कहा है। दोनों नेताओं ने सोमवार को मिस्र में गाजा पीस समिट में मुलाकात की। इस दौरान एर्दोगन ने कहा, इस पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने हंसते हुए कहा कि यह असंभव है। इस पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने हंसते हुए कहा कि यह असंभव है। मेलोनी ने हल्के-फुल्के अंदाज में जवाब दिया, उन्होंने बताया कि स्मोकिंग छोड़ने से उनकी सामाजिकता कम हो सकती है। मेलोनी ने एक किताब में स्वीकार किया कि 13 साल तक धूम्रपान छोड़ने के बाद उन्होंने फिर से धूम्रपान शुरू कर दिया था।

**भारत की तरफ से विदेश राज्यमंत्री समिट में शामिल हुए :** ट्रंप ने गाजा पीस समिट के लिए पीएम मोदी समेत 20 से ज्यादा देशों को न्योता भेजा था। हालांकि भारत की तरफ से इसमें विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने हिस्सा लिया। उन्होंने मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी से भी मुलाकात की। सिंह ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा- गाजा शांति सम्मेलन में मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी से मिलना मेरे लिए सम्मान की बात रही। भारत और मिस्र के बीच एक मजबूत रणनीतिक साझेदारी है।

### इजराइली पीएम ने डोनाल्ड ट्रंप को सोने का कबूतर गिफ्ट किया



इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को राष्ट्रपति ट्रंप को सोने का शांति कबूतर गिफ्ट किया। इसे ट्रंप को इजराइल और हमास के बीच शांति समझौते कराने के लिए दिया। ट्रंप के गाजा पीस प्लान के तहत हमास ने कल 20 इजराइली बंधकों को रिहा किया।

## पाक-अफगान के रिश्ते में खटास तालिबान ने दिया वीजा झटका

**एजेंसी । नई दिल्ली**



**तालिबान प्रशासन ने कथित तौर पर इन अनुरोधों को ठुकरा दिया, जिससे द्विपक्षीय संबंधों में गिरावट का संकेत मिला**

इस्लामाबाद को एक बड़े कूटनीतिक झटके में अफ़ग़ानिस्तान के तालिबान अधिकारियों ने कथित तौर पर पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ, इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल असीम मलिक और दो अन्य वरिष्ठ जनरलों द्वारा प्रस्तुत वीज़ा आवेदनों को अस्वीकार कर दिया है। पिछले तीन दिनों में तीन अलग-अलग मौकों पर वीज़ा आवेदन अस्वीकार किए जाने की ये घटनाएँ ऐसे समय में हुई हैं जब दोनों पड़ोसियों के बीच दुश्मनी और अविश्वास गहरा रहा है। टोलोन्यूज़ द्वारा उद्धृत सूत्रों ने दावा किया कि पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल ने डूरंड रेखा पर घातक सीमा पार झड़पों और जवाबी हवाई हमलों के बाद शांति वार्ता पहल के तहत काबुल की यात्रा की योजना बनाई थी। हालाँकि, तालिबान प्रशासन ने कथित तौर पर इन अनुरोधों को ठुकरा दिया, जिससे उन संबंधों में और गिरावट का संकेत मिलता है जो पहले से ही आतंकवादियों को पनाह देने और सीमा संप्रभुता के उल्लंघन के आपसी आरोपों के कारण बिगड़ रहे थे। इस बीच, एक वरिष्ठ पाकिस्तानी अधिकारी ने इस रिपोर्ट का खंडन करते हुए अफ़ग़ानिस्तान इंटरनेशनल को बताया कि कोई औपचारिक वीज़ा आवेदन दायर नहीं किया गया था और यह यात्रा केवल "विचाराधीन एक प्रस्ताव" था।

विरोधाभासी विवरण इस्लामाबाद और काबुल के बीच बढ़ते संवादहीनता और विश्वास की कमी को उजागर करते हैं। वीज़ा विवाद अफ़ग़ानिस्तान-पाकिस्तान सीमा पर एक हफ़्ते तक चली भीषण लड़ाई के बाद शुरू हुआ है, जहाँ दोनों पक्षों ने खोस्त और कुनार प्रांतों में गोलीबारी की। पाकिस्तान ने जवाबी हवाई हमले किए, जिन्हें उसने "आतंकवादी ठिकाने" बताया, जिसके बाद काबुल ने कड़ी प्रतिक्रिया दी और इस्लामाबाद पर अफ़ग़ान संप्रभुता का उल्लंघन करने और नागरिकों की हत्या करने का आरोप लगाया।

## ट्रंप व पेंटागन की नई प्रेस नीति के विरूद्ध प्रमुख अमेरिकी मीडिया संगठनों का विद्रोह

- **पेंटागन प्रेस एसोसिएशन ने इस नीति को "स्वतंत्र प्रेस का गला घोंटने" वाला बताया**

**ब्यूरो**

**वाशिंगटन पोस्ट, न्यूयॉर्क टाइम्स, सीएनएन, द अटलांटिक, द गार्जियन, रॉयटर्स, द एसोसिएटेड प्रेस, एनपीआर, हफपोस्ट और ब्रेकिंग डिफेंस जैसे प्रमुख समाचार संगठनों ने इस नीति पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया।**

**नई दिल्ली ।** अमेरिका के रक्षा मंत्रालय (पेंटागन - अमेरिका के रक्षा विभाग का मुख्यालय है, यह दुनिया की सबसे बड़ी कार्यालय इमारत है। जो द्वितीय विश्व युद्ध के समय - जो सितम्बर 1939 में शुरू हुआ और 1945 तक चला - के दौरान 15जनवरी 1943 तक बनाई जाती रही ) ने एक नई नीति बनाकर प्रेस पर थोपी है , जिसके तहत समाचार संगठनों को अनधिकृत सामग्री प्राप्त नहीं करने की शपथ लेनी होगी और कुछ क्षेत्रों में बिना अधिकारी के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है। जिसके विरोध में अमेरिकी मीडिया तीखी प्रतिक्रिया करते हुए सड़क पर उतर आई है। इस नीति की घोषणा रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने बीते माह की थी। जिसके तहत पत्रकारों को 14 अक्टूबर मंगलवार शाम 5 बजे तक शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करने या अपने प्रेस परिचय पत्र जमा करने के लिए 24 घंटे का समय दिया गया था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रक्षा मंत्रालय के इस कदम को प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला माना जा रहा है। पेंटागन की यह नीति फरवरी 2025 में शुरू किए गए "वार्षिक मीडिया रोटेशन कार्यक्रम" का हिस्सा है, जिसमें लंबे समय से मान्यता प्राप्त मीडिया संगठनों को अपने निर्धारित कार्यस्थल खाली करने के लिए कहा गया था। इसके लिए तर्क दिया जा रहा है कि इस बदलाव का उद्देश्य पॉडकास्टर व गैर-पारंपरिक मीडिया को स्थान देना है। इस तरह इसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति के व्हाइट हाउस में लागू की गई, जिसने पारंपरिक मीडिया की पहुंच को सीमित किया। नई नीति के तहत पत्रकारों को अनधिकृत सामग्री न तो प्राप्त करने की अनुमति है और न ही उसे मांगने की ।कुछ संवेदनशील क्षेत्रों में प्रवेश के लिए पेंटागन अधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य है ।पत्रकारों को बैज पहनना होगा, और आपराधिक कृत्यों को बढ़ावा देने पर रोक लगाई गई है।

### मीडिया संगठनों का विरोध

वाशिंगटन पोस्ट, न्यूयॉर्क टाइम्स, सीएनएन, द अटलांटिक, द गार्जियन, रॉयटर्स, द एसोसिएटेड प्रेस, एनपीआर, हफपोस्ट और ब्रेकिंग डिफेंस जैसे प्रमुख समाचार संगठनों ने इस नीति पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। वाशिंगटन पोस्ट के कार्यकारी संपादक मैट मरे ने इसे प्रथम संशोधन के तहत प्रेस की स्वतंत्रता की संवैधानिक गारंटी के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा, "यह नीति सूचना एकत्र करने और प्रकाशित करने पर अनावश्यक प्रतिबंध लगाती है, जो जनहित में स्वतंत्र पत्रकारिता को कमजोर करती है।" न्यूयॉर्क टाइम्स के वाशिंगटन ब्यूरो प्रमुख रिचर्ड स्टीवेन्सन ने कहा, "यह नीति पत्रकारों को अमेरिकी सेना, जिसे करदाताओं के लगभग 1 ट्रिलियन डॉलर सालाना से वित्त पोषित किया जाता है, पर स्वतंत्र रूप से रिपोर्ट करने से रोकती है। जनता को यह जानने का अधिकार है कि सरकार और सेना कैसे काम कर रही है।" रॉयटर्स ने इसे "अमेरिकी संविधान द्वारा प्रदत्त प्रेस सुरक्षा का अपमान" करार दिया, जबकि एनपीआर के प्रधान संपादक थॉमस इवांस ने कहा कि यह नीति पत्रकारों को विश्वसनीय व स्वतंत्र पत्रकारिता प्रदान करने की उनकी प्रतिबद्धता को कमजोर करती है। हफपोस्ट की प्रधान संपादक व्हिटनी स्नाइडर ने इसे "पूरी तरह असंवैधानिक" बताया।

पेंटागन- इस बारे में रक्षा सचिव पीट हेगसेथ, जिनको राष्ट्रपति ट्रंप का भजनी -कीर्तनी माना जाता है , जो पूर्व में फॉक्स न्यूज के वीकेंड एंकर रह चुके हैं, ने इस विरोध का जवाब सोशल मीडिया पर एक इमोजी और व्यंग्यात्मक टिप्पणी के साथ दिया। उन्होंने इसे "प्रेस क्रेडेंशियल फॉर डमीज़" नामक सूची के साथ प्रस्तुत किया, जिसमें प्रेस की स्वतंत्रता को सीमित करने की बात को मजाक में उड़ाया गया। पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने दावा किया कि यह नीति राष्ट्रीय सुरक्षा और सैनिकों के हित में है। उन्होंने कहा, "पत्रकारों को नीति पर सहमति देने की आवश्यकता नहीं, बस इसे समझने की जरूरत है।" यानी तानाशाह की तरह मीडिया पर अपनी मनमानी थोपने का नियम। यही वजह है कि ट्रंप की पार्टी के समर्थक कुछ दक्षिणपंथी मीडिया संगठनों, जैसे न्यूज़मैक्स, ने भी इस नीति का विरोध किया। न्यूज़मैक्स ने कहा, "हम इस पत्र पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे। यह नीति अनावश्यक और बोझिल है।" उन्होंने पेंटागन से इसकी समीक्षा की मांग की। इधर पेंटागन प्रेस एसोसिएशन ने इस नीति को "स्वतंत्र प्रेस का गला घोंटने" वाला कदम बताया। उनका कहना है कि यह नीति न केवल अनधिकृत जानकारी प्राप्त करने, बल्कि उसे मांगने पर भी रोक लगाती है, जो पत्रकारिता के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है। अमेरिका हर साल लगभग $1 ट्रिलियन रक्षा पर खर्च करता है, जो जनता के पर लगे कर (टैक्स )से आता है।

ऐसे में मीडिया का तर्क है कि उन्हें जनता को यह बताने का पूरा अधिकार है कि ये पैसे कैसे खर्च हो रहे हैं और सेना कैसे काम कर रही है।अमेरिकी संविधान का प्रथम संशोधन प्रेस की स्वतंत्रता की गारंटी देता है। इस तरह यह मुद्दा सिर्फ एक प्रशासनिक नीति का नहीं है, बल्कि सीधे-सीधे लोकतंत्र व पारदर्शिता से जुड़ा है। मीडिया को डर है कि यह नीति धीरे-धीरे तानाशाही रवैये की ओर इशारा करती है, जहाँ सरकार यह तय करेगी कि जनता को क्या जानने का अधिकार है और क्या नहीं। दूसरी ओर, पेंटागन इसे सुरक्षा और संवेदनशील सूचनाओं के गलत इस्तेमाल को रोकने के प्रयास के रूप में देखता है। इसलिए पेंटागन की यह नीति प्रेस की स्वतंत्रता और जनता के जानने के अधिकार के बीच एक गंभीर टकराव का प्रतीक बन गई है।

## रूस ने यूक्रेन में किया घातक हमला, अस्पताल को बनाया निशाना



**अमेरिका ।** रूसी सेना ने यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर शक्तिशाली ग्लाइड बम और ड्रोन से हमला किया है। हमले के दौरान एक अस्पताल को निशाना बनाया गया है। रूस की ओर से किए गए इस हमले में 7 लोग घायल हो गए है। एक अधिकारी ने मंगलवार को इस हमले के बारे में जानकारी दी है। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की वाशिंगटन जाने और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से और अधिक सैन्य मदद मांगने की तैयारी कर रहे हैं।

## अहमदाबाद एयरपोर्ट पर टला बड़ा हादसा!

*कतर एयरवेज की आपात लैंडिंग सभी यात्री सुरक्षित*

**नई दिल्ली ।** दोहा से हांगकांग जा रही कतर एयरवेज की एक उड़ान को मंगलवार दोपहर तकनीकी खराबी के बाद अहमदाबाद डायवर्ट कर दिया गया। एयरलाइन ने पुष्टि की है कि उड़ान क्यूआर816 को दोपहर करीब 2:30 बजे अहमदाबाद हवाई अड्डे पर एहतियातन आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। एयरलाइन के एक आधिकारिक बयान के अनुसार, दोहा से हांगकांग जा रही कतर एयरवेज की उड़ान क्यूआर816 को तकनीकी खराबी के कारण अहमदाबाद डायवर्ट कर दिया गया और एहतियातन आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी।



## मंगोलिया में भारत का $1.7 अरब का बड़ा प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री मोदी ने बताया विश्वसनीय साझेदार

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नई दिल्ली में अपने मंगोलियाई समकक्ष खुरेलसुख उखना के साथ द्विपक्षीय बैठक की। एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति उखना का भारत में स्वागत किया और दोनों देशों के बीच 70 वर्षों के द्विपक्षीय संबंधों की सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना और उनके प्रतिनिधियों का भारत में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। छह साल बाद कोई मंगोलियाई राष्ट्रपति भारत आ रहा है। यह यात्रा विशेष है क्योंकि हम अपनी रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष और द्विपक्षीय संबंधों के 70 वर्षों का जश्न मना रहे हैं। आज हमने 'एक पेड़ माँ के नाम' के तहत एक पौधा लगाकर बैठक की शुरुआत की।

वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने भारत और मंगोलिया के बीच मज़बूत और स्थायी संबंधों की सराहना की। उन्होंने मंगोलिया में भारत के सहयोग से चल रही कई प्रमुख विकास परियोजनाओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत मंगोलिया के विकास में एक दृढ़ और विश्वसनीय साझेदार है। 1.7 अरब डॉलर की ऋण सहायता से मंगोलिया में बन रही तेल रिफाइनरी परियोजना भारत की इस तरह की सबसे बड़ी परियोजना है।



### नए व्यापार और परिवहन मार्गों की खोज

मंगोलियाई राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना ने कहा कि दोनों पक्षों का मानना है कि दोनों देशों के बीच व्यापार के लिए नए परिवहन और रसद मार्गों को बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच भूविज्ञान और खनिजों के क्षेत्र में कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हमारे व्यापार और आर्थिक सहयोग को बढ़ाने के लिए नए परिवहन और रसद मार्गों की खोज के महत्व और दोनों देशों के बीच नियमित सीधी उड़ानों की व्यवहार्यता की जांच पर दोनों पक्ष समान विचार रखते हैं।

## स्टारशिप रॉकेट की 11वीं टेस्ट उड़ान सफल, चांद मंगल तक पहुंचना आसान



**वाशिंगटन ।** एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने एक और बड़ी सफलता अर्जित की है। सोमवार को उसके विशाल स्टारशिप रॉकेट की 11 वीं टेस्ट उड़ान सफल रही। इसने पिछली बार की तरह ही दुनिया के आधे हिस्से का सफलतापूर्वक चक्कर लगाया। स्टारशिप अब तक का सबसे बड़ा और सबसे शक्तिशाली रॉकेट है। इस रॉकेट ने टेक्सास के दक्षिणी सिरे से आकाश में गर्जना के साथ उड़ान भरी। इसके बाद बूस्टर रॉकेट अलग हो गया और प्लान के मुताबिक मेक्सिको की खाड़ी में नियंत्रित रूप से दाखिल हुआ और हिंद महासागर में उतरने से पहले अंतरिक्ष में घूमता रहा। यह उड़ान लगभग एक घंटे तक चली और अपने सभी लक्ष्य पूरे किए। टेक्सास के स्टारबेस सेंटर से लॉन्च हुए इस मिशन के दौरान सुपर हैवी बूस्टर ने उड़ान के 10 मिनट बाद ही मेक्सिको की खाड़ी में सुरक्षित लैंडिंग की।




## अबू धाबी मस्जिद में जूते पहनने के आरोप पर भड़कीं सोनाक्षी सिन्हा

सोनाक्षी सिन्हा और ज़हीर इकबाल कुछ दिनों से अबू धाबी में छुट्टियां मना रहे हैं। इस अभिनेता ने हाल ही में शेख जायद ग्रैंड मस्जिद का भी दौरा किया। दबंग अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर मस्जिद की अपनी यात्रा की कुछ तस्वीरें साझा कीं। हालाँकि, कुछ लोगों को यह पसंद नहीं आया और उन्होंने उन पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया। सोशल मीडिया पर सोनाक्षी को धार्मिक स्थल के अंदर जूते पहनने पर ट्रोल किया गया। अभिनेत्री ने भी ट्रोल को करारा जवाब दिया और कमेंट सेक्शन में करारा जवाब दिया। तस्वीरें शेयर करते हुए सोनाक्षी ने लिखा, "यहाँ अबू धाबी में थोड़ा सा सुखन मिला!" कमेंट सेक्शन में एक यूजर ने लिखा, "जूतों के सात मस्जिद में जाना बहुत बड़ा गुनाह है।" सोनाक्षी ने टिप्पणी को अनदेखा नहीं किया और लिखा, "इसीलिए जूतों के सात अंदर नहीं गए।



## 'झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट–2025' का हुआ उद्घाटन

# पुलिसकर्मी जनता से शालीनता से संवाद करें : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को रांची के जैप-1 परिसर में आयोजित "झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट–2025" के उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल हमारे पुलिस बल की कार्यकुशलता, अनुशासन और दक्षता का प्रतीक है, बल्कि यह स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, आपसी सहयोग और टीम भावना को भी सुदृढ़ करता है।

राज्यपाल ने कहा कि पुलिसकर्मी किसी भी राज्य की सुरक्षा, शांति और व्यवस्था के आधारस्तंभ होते हैं। वे कठिन परिस्थितियों में भी निरंतर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं, चाहे वह विधि-व्यवस्था बनाए रखना हो, अपराध नियंत्रण हो या संकट की घड़ी में जनसेवा का दायित्व निभाना हो। उन्होंने कहा कि राज्य की प्रगति विधि-व्यवस्था की स्थिरता पर निर्भर करती है, इसलिए पुलिस प्रशासन को हर परिस्थिति में ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता और पुलिस के बीच संवाद एवं विश्वास का रिश्ता मजबूत होना चाहिए। पुलिसकर्मी जनता से शालीनता से संवाद करें, उनकी शिकायतों को संवेदनशीलता के साथ सुनें और तत्परता से उसका निबटारा करें, ताकि नागरिक निडर होकर अपनी बात रख सकें।

राज्यपाल ने अनुसंधान कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि अपराध नियंत्रण में वैज्ञानिक तरीकों और आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया जाना चाहिए, जिससे अपराधी शीघ्र कानून के दायरे में आएं और पीड़ित को समय पर न्याय मिले। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में देश में लागू किए गए तीन नए आपराधिक कानून न्याय व्यवस्था में ऐतिहासिक सुधार का प्रतीक हैं, जिनका उद्देश्य पीड़ित केंद्रित न्याय सुनिश्चित करना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि झारखंड पुलिस इन कानूनों की भावना को आत्मसात करते हुए जनता की सुरक्षा और न्याय की स्थापना में एक आदर्श प्रस्तुत करेगी।

राज्यपाल ने कहा कि राज्य में नक्सली गतिविधियों के उन्मूलन की दिशा में और अधिक सशक्त पहल आवश्यक है। उन्होंने भावुक होकर कहा, "जब भी पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) से किसी शहीद जवान का पार्थिव शरीर आता है और मैं उनके परिजनों से मिलता हूँ, तो मुझे समझ में नहीं आता कि मैं उन्हें क्या सांत्वना दूँ। हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं है।" उन्होंने कहा कि नक्सली गतिविधियों में संलिप्त लोगों को विकास, शिक्षा और आत्मनिर्भरता की मुख्यधारा से जुड़ना होगा।

उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि पुलिस ड्यूटी मीट में भाग लेने वाले सभी पुलिसकर्मी इस आयोजन से मिली सीख को अपने कर्तव्यों, अनुसंधान कार्यों और सेवा दक्षता को और सुदृढ़ बनाने में उपयोग करेंगे।

# नई चुनौतियों के बीच नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है 'राष्ट्रीय नवीन मेल'

- 31 वर्षों की यह यात्रा पत्रकारिता की निष्ठा, प्रतिबद्धता और जनविश्वास की मिसाल बनी



**मेदिनीनगर।** किसी व्यक्ति या संस्था के लिए सफलता के साथ 31 वर्ष पूरे करना स्वयं में गौरवपूर्ण उपलब्धि है। एक समाचार पत्र के रूप में राष्ट्रीय नवीन मेल की यह यात्रा 14 अक्टूबर 1994 को प्रारंभ हुई थी। समय के साथ अनेक उतार-चढ़ाव आए, लेकिन इस अखबार की निरंतरता और ईमानदार पत्रकारिता कभी नहीं टूटी। प्रतिकूल परिस्थितियों में भी इसने अपने पाठकों को न केवल जोड़े रखा बल्कि उनके विश्वास को और मजबूत किया।आज जबकि इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया ने प्रिंट पत्रकारिता के सामने नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं, राष्ट्रीय नवीन मेल ने परिस्थितियों का डटकर सामना किया है। इसने बदलाव को अवसर के रूप में स्वीकार किया है। यही कारण है कि आज भी इसकी प्रासंगिकता बरकरार है। डिजिटल युग की ओर अग्रसर होते हुए अखबार ने नए प्लेटफार्मों पर भी अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज की है और पाठकों से नए सिरे से संवाद स्थापित किया है।गांव से लेकर शहर तक के पाठकों के बीच संतुलित और सारगर्भित समाचार प्रस्तुत करना इस दैनिक की पहचान रही है। यह अखबार खबरों के साथ-साथ समाज की संवेदनाओं को भी शब्द देता है। संयोग यह भी है कि राष्ट्रीय नवीन मेल के साथ संवाददाता के रूप में पत्रकारिता का सफर शुरू करने वाले राणा अरुण सिंह आज इसी अखबार के स्थानीय संपादक के रूप में कार्यरत हैं। उनके नेतृत्व में अखबार ने नयी ऊर्जा और दिशा प्राप्त की है। उन्होंने टीम भावना और सहयोगियों पर पूर्ण विश्वास के साथ एक जुझारू और खोजी टीम तैयार की है। उनके कार्यकाल में संवाददाताओं के क्षमता-विकास को प्राथमिकता दी गई और समाचारों में सत्यता, सटीकता और संतुलन को सर्वोपरि रखा गया।आज पाठकों को विश्वसनीय समाचारों के साथ-साथ सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, खेल, पर्यावरण और विकास से जुड़े मुद्दों पर सार्थक सामग्री पढ़ने को मिल रही है। यही कारण है कि राष्ट्रीय नवीन मेल न केवल खबरें परोस रहा है, बल्कि पाठकों के विचार जगत को भी समृद्ध कर रहा है।अखबार के 31 वर्ष की इस गौरवशाली यात्रा पर संपादक मंडल, संपूर्ण प्रबंधन और सभी पाठकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

**– परशुराम तिवारी**
**(लेखक शिक्षक हैं तथा स्वतंत्र लेखन करते हैं)**

## नक्सल अभियान पर आईजी अभियान डॉ माइकल राज एस ने बताया

# राज्य में जनवरी से सितंबर तक 32 नक्सली ढेर, 266 गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड पुलिस ने वर्ष 2025 में नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक बढ़त हासिल करते हुए एक बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। आईजी अभियान डॉ माइकल राज एस ने बताया कि डीजीपी झारखंड के नेतृत्व में चलाए जा रहे सघन नक्सल विरोधी अभियान के तहत जनवरी से सितंबर 2025 के बीच कुल 32 दुर्दांत नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया गया है, जबकि 266 सक्रिय नक्सलियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा गया है। मारे गए नक्सलियों में 1 करोड़ के इनामी सेंट्रल कमेटी मेंबर विवेक उर्फ प्रयाग मांझी और अनुज उर्फ सहदेव सोरेन जैसे शीर्ष कमांडर शामिल हैं। आईजी अभियान ने बताया कि नक्सल अभियान के दौरान पुलिस को हथियार, गोला-बारूद और लेवी की राशि बरामद करने में भी उल्लेखनीय सफलता मिली है। इस अवधि में नक्सलियों से कुल 157 हथियार (जिसमें पुलिस से लूटे गए 58 हथियार भी शामिल हैं) बरामद किए गए। इसके अतिरिक्त, 11,950 गोलियां, 18,884 डेटोनेटर और 394.5 किलोग्राम विस्फोटक पदार्थ जब्त किए गए हैं। पुलिस ने नक्सलियों की आर्थिक रीढ़ को तोड़ते हुए 39,53,547 (उनचालीस लाख तिरपन हजार पांच सौ सैंतालीस) रुपये की लेवी की राशि भी बरामद की। इसके अलावा, नक्सलियों द्वारा बिछाए गए 228 आईईडी को बरामद कर विनिष्ट किया गया तथा उनके 37 बंकरों को भी ध्वस्त किया गया। आईजी अभियान ने बताया कि गिरफ्तार किए गए 266 नक्सलियों में भी कई शीर्ष कमांडर शामिल हैं। इनमें 15 लाख के इनामी आक्रमण गंझू और रणविजय महतो तथा 10 लाख के इनामी कुंदन खेरवार की गिरफ्तारी प्रमुख है। इन गिरफ्तारियों से नक्सली संगठनों की कमान श्रृंखला को गहरा धक्का लगा है। आईजी ने कहा कि झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति का भी सकारात्मक परिणाम सामने आया है। जनवरी से सितंबर 2025 तक कुल 30 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है, जिनमें जोनल कमांडर रविन्द्र यादव और सब जोनल कमांडर आनन्द सिंह जैसे महत्वपूर्ण नाम शामिल हैं। अगस्त-सितंबर 2025 में साइबर अपराध और अन्य कार्रवाई नक्सल अभियान के साथ-साथ झारखंड पुलिस ने अगस्त और सितंबर 2025 में अन्य अपराधों पर भी प्रभावी नियंत्रण रखा। साइबर अपराध पर लगाम कसते हुए दो महीनों में साइबर अपराध के 128 मामले दर्ज कर 105 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। साइबर हेल्पलाइन (डायल-1930) के माध्यम से 7.42 करोड़ की राशि फ्रीज की गई और 37.28 लाख से अधिक की राशि वादी के खाते में वापस कराई गई। वहीं, अगस्त और सितंबर में पुलिस ने 12,651 वारंटों का निष्पादन किया और 4,186 अपराधियों को गिरफ्तार किया। आईजी अभियान ने अपराधिक गिरोह के खिलाफ हुई कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि अगस्त और सितंबर में अमन साहू गिरोह के प्रमुख अपराधी सुनील मीणा उर्फ मयंक सिंह को अजरबैजान से प्रत्यर्पित कराकर भारत लाया गया। इसके अलावा, 1.40 करोड़ मूल्य का डोडा जब्त किया गया और जाली नोटों के कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए 3.25 लाख के जाली नोट बरामद किए गए।

## तेज रफ्तार कार लोहे के खंभे से टकराई कोई हताहत नहीं



**रांची।** मंगलवार सुबह मोरहाबादी मैदान के पास एक कार तेज रफ्तार में लोहे के खंभे से जा टकराई, कार की दोनों एयरबैग निकल गया, किसी को चोट नहीं लगी।

## रांची जिला के अंचलों में जनता दरबार का आयोजन

# कई लोगों की शिकायतों का ऑन द स्पॉट निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निदेशानुसार जिले के सभी अंचलों में प्रत्येक मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान, पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था की स्थापना और राजस्व संबंधित कार्यों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करना है। मंगलवार को भी जिला के सभी अंचलों में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के राजस्व एवं नागरिक सेवाओं से संबंधित कार्यों का निष्पादन किया गया। भू-राजस्व संबंधित कार्य जैसे-दाखिल-खारिज, करेक्शन स्लिप निर्गमन, सीमांकन, भूमि विवाद निपटारा तथा भूमि अभिलेख का सत्यापन एवं सुधार, जाति, आय, निवास, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र निर्गत करने का कार्य जनता दरबार में किया गया। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जनता दरबार को नागरिक समस्याओं के त्वरित समाधान का सशक्त माध्यम बनाया जाए। किसी भी नागरिक को बेवजह कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशीलता के साथ जनता की सेवा सर्वोच्च प्राथमिकता हो। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जनता दरबार के माध्यम से नागरिकों को उनके अधिकारों और सरकारी सेवाओं तक सरल, त्वरित एवं पारदर्शी पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। यह पहल सुशासन, जवाबदेही और जन-सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के वर्तमान सत्र के कार्यकारिणी समिति की दूसरी बैठक, बोले आदित्य मल्होत्रा

# व्यापार व उद्योग के साथ मिलकर काम करेंगे

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के वर्तमान सत्र के कार्यकारिणी समिति की दूसरी बैठक अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा की अध्यक्षता में चैंबर भवन में संपन्न हुई। चैंबर के चुनाव में भरपूर समर्थन देने के लिए अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने सभी सदस्यों के प्रति आभार जताया व कहा कि यह मेरे लिए सम्मान के साथ साथ बडी जिम्मेवारी भी है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि हम व्यापार व उद्योग जगत के साथ मिलकर संवाद, समन्वय वसहयोग की भावना से व्यापार जगत के हित में काम करेंगे। वर्तमान सत्र की शुरुआत से ही चैंबर ने प्रदेश के व्यापार व उद्योग जगत से जुड़े अनेक मुद्दों पर ठोस पहल की हैं। चाहे वह नगरपालिका पथ कर नियमावली पर आपत्ति दर्ज करना हो, राज्य की कृषि मंडियों को आधुनिक स्वरूप देने के लिए कृषि मंत्री की अध्यक्षता में विभागीय अधिकारी व खाद्यान्न व्यापारियों के साथ राज्यस्तरीय बैठक हो या प्रदेश में विधि-व्यवस्था व व्यापारिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए डीजीपी की अध्यक्षता में एसएसपी-एसपी व जिला चैंबर के अधिकारियों के साथ राज्यस्तरीय बैठक आयोजित कराना हो, हमारे इन प्रयासों के दूरगामी परिणाम आयेंगे।

## त्योहारों के मद्देनजर अक्टूबर का अग्रिम वेतन मिलेगा

**रांची।** राज्य सरकार ने त्योहारों के मद्देनजर सरकारी कर्मचारियों को अक्टूबर का अग्रिम वेतन देने का फैसला किया है। वित्त विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि झारखंड सरकार, राज्यपाल सचिवालय, हाईकोर्ट और विधानसभा के कर्मचारियों को अक्टूबर माह का अग्रिम वेतन 16 अक्टूबर से दिया जाएगा।

# यूनिटी मार्च यात्रा सरदार बल्लभ भाई पटेल की विरासत को समर्पित यात्रा है : आदित्य साहू

- भाजपा कार्यकर्ता यात्रा में बढ़चढकर होंगे शामिल
- देश के सभी जिलों में होगी पदयात्राएं
- हर लोकसभा क्षेत्र में होगी तीन दिवसीय पदयात्रा




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारत सरकार के युवा कार्य विभाग के नेतृत्व में सरदार बल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित "सरदार @150 यूनिटी मार्च" को लेकर मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रदेश और जिला स्तर की टोली के सदस्य शामिल हुए। मौके पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सांसद आदित्य साहू ने कहा कि भारत सरकार ने देश के महान सपूत सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती वर्षगांठ पर सरदार @ 150 यूनिटी मार्च, एक भारत आत्म निर्भर भारत अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह एक राष्ट्र व्यापी जन अभियान है जो सरदार पटेल की अमर विरासत को समर्पित है। कहा कि यह अभियान सरदार पटेल के एकीकृत भारत के दृष्टिकोण को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित और आत्म निर्भर भारत के मिशन को जोड़ते हुए जनभागीदारी के साथ राष्ट्रीय अभियान बनाएगी। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। आज प्रधानमंत्री मोदी उनके आदर्शों को आगे बढ़ाते हुए एक भारत श्रेष्ठ भारत के साथ आत्म निर्भर भारत के संकल्प को सिद्धि की दिशा में लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। श्री साहू ने प्रदेश में चलने वाले अभियान की रूपरेखा की जानकारी देते हुए कहा कि राज्य के सभी जिलों में पदयात्रा कार्यक्रम आगामी 31 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 25 नवंबर तक चलेगा। यह कोई दलीय कार्यक्रम नहीं बल्कि एक जन अभियान है जिसमें हजारों लोग तिरंगा के साथ यात्रा में शामिल होंगे।हर लोकसभा क्षेत्र में तीन दिनों तक प्रत्येक दिन 10 किलोमीटर की पदयात्रा होगी। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता अभियान , सामाजिक कल्याण के कार्य जैसे नशा मुक्ति अभियान,योग स्वास्थ्य शिविर ,युवा संपर्क अभियान,निबंध, वाद विवाद प्रतियोगिताएं जैसे कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। कहा कि कार्यक्रमों का सफल संचालन सांसद गण के नेतृत्व में माई भारत, नेहरू युवा केंद्र, एनएसएस जैसे संगठन करेंगे। यात्रा के पड़ाव बिंदुओं पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। श्री साहू ने राज्य की जनता विशेषकर कर युवा साथियों से पदयात्रा कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक बालमुकुंद सहाय ने कहा कि यह ऐतिहासिक कार्यक्रम देश की युवा पीढ़ी को नई प्रेरणा देगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर यात्रा के चार प्रवाह होंगे। जिसे गंगा प्रवाह जो दिल्ली से प्रारंभ होगी,यमुना प्रवाह जो जयपुर से प्रारंभ होगी,नर्मदा प्रवाह जो नागपुर से प्रारंभ होगी और गोदावरी प्रवाह जो मुंबई से प्रारंभ होगी। सभी प्रवाह आनंद में मिलेंगे और फिर सभी यात्राएं केवड़िया जिसे एकता नगर के रूप में जाना जाता है वहां पहुंचेगी जहां स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण कराया गया है,संपन्न होगी। कहा कि झारखंड के सभी जिलों से भी चयनित 5-5 लोग इस राष्ट्रीय यात्रा के शामिल होंगे। कार्यक्रम का संचालन सह संयोजक शशांक राज ने किया।

# पूर्व सैनिकों के लिए विशेष नौकरी मेले का आयोजन करेगा डीजीआर


**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूर्व सैनिकों को नागरिक कार्यबल में पुनः शामिल करने के लिए सशक्त बनाने और समर्थन देने की एक ऐतिहासिक पहल के तहत, पुनर्वास महानिदेशालय (डीजीआर), पूर्व सैनिक कल्याण विभाग (एमओडी) पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में 29 अक्टूबर 2025 को पूर्व सैनिकों के लिए एक रोजगार मेले का आयोजन कर रहा है। यह रोजगार मेला भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना के पूर्व सैनिकों को सुरक्षा, आईटी, लॉजिस्टिक्स, स्वास्थ्य सेवा, प्रशासन और इंजीनियरिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों के कॉरपोरेट और उद्योग के अग्रणी नियोक्ताओं के साथ जोड़ने के लिए एक समर्पित मंच के रूप में काम करेगा। पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के पुनर्वास महानिदेशालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी है। यह पहल पूर्व सैनिकों के पुनर्वास और कल्याण के प्रति पूर्व सैनिक कल्याण विभाग (रक्षा मंत्रालय) की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि उन्हें उनके अनुशासन, नेतृत्व और तकनीकी विशेषज्ञता के लिए मान्यता मिले। डीजीआर वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान पूरे भारत में विभिन्न स्थानों पर पूर्व सैनिकों के लिए 18 रोजगार मेले आयोजित कर रहा है, जिनमें से अब तक दिल्ली, चेन्नई, अहमदाबाद, लखनऊ और वाराणसी में सात रोजगार मेले आयोजित किए जा चुके हैं।

## राष्ट्रीय नवीन मेल' के 31 वर्षों का जनसरोकार सहयोग सराहनीय

# राष्ट्रीय नवीन मेल ने सदैव निष्पक्ष व संवेदनशील रिपोर्टिंग के साथ स्थानीय मुद्दों को प्रमुखता दी : वीडी राम

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय नवीन मेल के 31 वर्षों के सफल और निरंतर सेवा के उपलक्ष्य में पलामू संसदीय क्षेत्र के सांसद विष्णु दयाल राम ने हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उन्होंने इस हिंदी दैनिक के माध्यम से जनसामान्य तक सच्ची खबरें और महत्वपूर्ण जनसरोकार की बातें पहुंचाने को प्रेरणादायक बताया।सांसद ने कहा कि मेदिनीनगर सहित पलामू क्षेत्र के विकास और सामाजिक सुधार के लिए राष्ट्रीय नवीन मेल ने सदैव निष्पक्ष और संवेदनशील रिपोर्टिंग के साथ स्थानीय मुद्दों को प्रमुखता दी। उन्होंने यह भी आशा जताई कि आने वाले समय में यह समाचारपत्र जनहित के कार्यों में और भी सक्रिय भूमिका निभाएगा जिससे प्रदेश व जिले के हर नागरिक की आवाज़ सरकार तक पहुंच सके।यह संवाद, जन-जन तक संवाद और विकास की दिशा में एक मजबूत कड़ी साबित होगा। सांसद ने कहा कि राष्ट्रीय नवीन मेल के साथ मिलकर लोग एक बेहतर भविष्य की ओर कदम बढ़ा रहे हैं, जो क्षेत्र की उन्नति एवं जनसंचार में एक शुभ संकेत है।यह संदेश स्थानीय जनसरोकारों के प्रति एक महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता और संवाद की नींव है।

## पृष्ठ एक के शेष

**गढ़वा : शिक्षिका की पिटाई से 12वीं...**

परिजन उसके इलाज हेतु तत्काल डाल्टनगंज ले गए बाद में बेहतर इलाज के लिए दिव्या को रांची ले जाया गया। मंगलवार को रांची रिम्स में इलाजरत छात्रा दिव्या की मौत हो गई। इससे नाराज छात्रा के परिजनों ने बड़गड़ बाजार स्थित हनुमान मंदिर चौक के पास मंगलवार को अपराह्न एक बजे शव के साथ सड़क जाम कर सड़क पर बैठ गए। परिजनों का मांग था कि आरोपी प्रधानाध्यापिका द्रौपदी मिंज को तत्काल निलंबित करते हुए गिरफ्तार किया जाए और परिजनों को सरकार से उचित मुआवजा मुहैया कराये।

**गांधीजी के स्वदेशी विचारों को आत्मनिर्भर...**

झारखंड की खनिज संपदा को स्थानीय उद्योग व रोजगार से जोड़ना राज्य के विकास की कुंजी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अब भारत के युवा विदेशों में नौकरी तलाशने के बजाय देश में रहकर नवाचार और उत्पादन कार्यों में योगदान दे रहे हैं। इससे राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को नई गति मिल रही है।इस अवसर पर डालटनगंज के विधायक आलोक चौरसिया, लवली गुप्ता, दुर्गा जेहरी, किशोर पांडेय, मित्र मिश्रा समेत कई वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित थे। इसके पश्चात अर्जुन मुंडा ने आत्मनिर्भर भारत अभियान की कार्यशाला में हिस्सा लिया।

**ट्रिपल टेस्ट के आधार पर...**

लिए चाइल्ड केयर लीव लागू करने का भी फैसला लिया गया है। नई व्यवस्था के तहत अब न केवल महिला कर्मी, बल्कि एकल पुरुष कर्मचारी भी अपनी सेवा अवधि के दौरान 730 दिनों तक चाइल्ड केयर लीव का लाभ उठा सकेंगे। यह कदम शिक्षा क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों के पारिवारिक जीवन और पेशेवर जिम्मेदारियों में संतुलन बनाने की दिशा में राज्य सरकार की अहम पहल माना जा रहा है। इसके अलावा, कैबिनेट ने कई महत्वपूर्ण फैसले भी लिए हैं। सातवां वेतनमान प्राप्त सरकारी कर्मियों और पेंशनधारियों के लिए 1 जुलाई 2025 से 3 प्रतिशत डीए वृद्धि की मंजूरी दी गई। अब उन्हें मिलने वाला महंगाई भत्ता 55 से बढ़ाकर 58 प्रतिशत हो जाएगा। बैठक में 480 सरकारी विद्यालयों में विज्ञान प्रयोगशालाओं की स्थापना की स्वीकृति दी गई। राज्य आकस्मिकता निधि से 166 करोड़ रुपए आपदा प्रबंधन योजना के तहत देने, राजकीय महिला पॉलिटेक्निक जमशेदपुर में स्टेट ऑफ द आर्ट संस्थान के रूप में नए भवन के निर्माण के लिए 55 करोड़ रुपए और गोड्डा जिला बराज योजना के लिए 31 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई। इसके अतिरिक्त, राज्य के सभी थानों में विधि व्यवस्था और पेट्रोलिंग के लिए 628 चार पहिया वाहन और 849 दो पहिया वाहन खरीदने के लिए 78 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत सारंडा वन अभ्यारण्य क्षेत्र घोषित किए जाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष जवाब दाखिल किया जाना है। चर्चा के दौरान इस बात पर सहमति बनी कि सारंडा वन क्षेत्र में रहने वाले लोगों को सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विरासत सहित अन्य दिनचर्या से संबंधित पहलुओं पर किसी प्रकार का कोई नकारात्मक प्रभाव न पड़े। सारंडा वन क्षेत्र में रहने वाले लोगों के साथ किसी प्रकार का अन्याय नही हो। वन अधिनियम कानून के तहत उनके जल, जंगल, जमीन की रक्षा होती रहे। किसी भी हाल में वहां निवास करने वाले लोग विस्थापित नहीं हों तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ उन्हें मिलता रहे। वे सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से पूर्व की भांति अपना सामान्य जीवन व्यतीत करें।

**कैबिनेट के अन्य फैसले ...**

खेल इकाई को प्रोत्साहन राशि / अनुदान की स्वीकृति / भुगतान के लिए पीएल खाता खोलने एवं संचालन से मुक्ति प्रदान करने के निमित्त झारखंड कोषागार संहिता के नियम 261(बी) का शिथिलिकरण की स्वीकृति।

वित्तीय वर्ष 2025-2026 में झारखंड उच्च न्यायालय के प्रशासनिक व्यय मद के अंतर्गत आतिथ्य भत्ता मद में प्लेटिनम जुबली के अवसर पर कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए झारखंड राज्य आकस्मिकता निधि से कुल एक करोड़ रुपए अग्रिम की स्वीकृति।

- राम नाथ राम, तदेन निलंबित अवर प्रमंडल पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा अधिरोपित पूर्ण पेंशन एवं उपादान के भुगतान पर रोक के दंड को उच्च न्यायालय द्वारा निरस्त किए जाने के न्यायादेश के आलोक में समीक्षोपरांत नए रूप में निर्णय की स्वीकृति।

- रजिस्टर्ड पोस्ट का स्पीड पोस्ट में विलय के आलोक में स्पीड पोस्ट की शब्दावली से प्रतिस्थापित करने संबंधी आवश्यक संशोधन की स्वीकृति।

**तीन हफ्ते में राज्य निर्वाचन आयोग...**

कैबिनेट से स्वीकृति के बाद राज्य सरकार चुनाव की अनुशंसा राज्य निर्वाचन आयोग को भेजेगी। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार ओबीसी आरक्षण की ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया के नाम पर चुनाव लंबे समय तक नहीं टाल सकती। वहीं, राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से अधिवक्ता सुमित गाड़ोदिया ने चुनाव कराने के लिए तीन माह का समय मांगा, जिसे अदालत ने अस्वीकार कर दिया। अदालत ने आयोग को अगली सुनवाई के दौरान यह बताने का निर्देश दिया कि वह कितनी शीघ्रता से चुनाव करा सकता है। सुनवाई की अगली तारीख 10 नवंबर निर्धारित की गई है। इस दौरान मुख्य सचिव, गृह सचिव और नगर विकास सचिव को भी उपस्थित रहने का आदेश दिया गया है। ज्ञात हो कि जस्टिस आनंदा सेन की बेंच ने रांची नगर निगम की निवर्तमान पार्षद रोशनी खलखो की ओर से दायर याचिका की सुनवाई के बाद 4 जनवरी 2024 को निर्देश दिया था कि राज्य के नगर निकाय चुनाव तीन सप्ताह के भीतर कराए जाएं। इस आदेश का आज तक अनुपालन नहीं हुआ है। इसे लेकर कोर्ट में खलखो की ओर से अवमानना याचिका दायर की गई है। झारखंड में 48 शहरी निकाय हैं। इनमें से 12 शहरी निकायों के चुनाव जून 2020 से लंबित हैं, जबकि अन्य नगर निकायों का कार्यकाल भी अप्रैल 2023 में समाप्त हो चुका है।

**टीएसपीसी के प्रताप गंजू सहित...**

का हिसाब किताब के साथ-साथ मोबाइल नंबर लिखा हुआ मिला। साथ ही काले रंग का नेक्सोन कार बरामद किया गया। प्रेस वार्ता कर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी विनोद रवानी में बतलाया कि पुलिस अधीक्षक लातेहार कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी मैक्लुस्कीगंज के रास्ते बालूमाथ में कोई बड़ी घटना का अंजाम देने के लिए आ रहे हैं। जिस सूचना की पुष्टि के लिए डीएसपी बिनोद रवानी के नेतृत्व में थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, मुरपा पिकेट प्रभारी होसेन डांग, अमरवा डीह पुलिस पिकेट प्रभारी अनुभव सिन्हा आदि पुलिस के साथ टीम गठित की गई। बालूमाथ-मैक्लुस्कीगंज के रास्ते मुरपा पुलिस पिकेट के पास जांच वाहन जांच अभियान चलाया गया जहां एक काला रंग का नेक्सोंन कार को रोका गया। जिसकी तलाशी लेने पर गोली, बंदूक, दस्तावेज आदि बरामद की गई और तीनों लोगों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान उग्रवादियों ने कई महत्वपूर्ण जानकारियां पुलिस को बतलाई है। जिस पर पुलिस अनुसंधान कर रही है। गिरफ्तार हार्डकोर उग्रवादी प्रताप गंझू का बालूमाथ हेरहंज एवं बारियातू थाना में आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। इन उग्रवादियों के पकड़े जाने से बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत कोई बड़ी घटना घटने से रोक ली गई। जो बालूमाथ पुलिस के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। छापामारी टीम में पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी बिनोद रवानी के अलावे पुलिस इंस्पेक्टर परमानंद बीरूआ, थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, मुरपा पिकेट प्रभारी होसेन डांग अमरवा डीह पुलिस पिकेट प्रभारी अनुभव सिन्हा, पुअनी विकाश कुमार, पुअनी गौतम कुमार के अलावे बालूमाथ पुलिस बल एवं मुरपा पिकेट पुलिस बल के जवान शामिल रहे।

**आदिवासी पहचान व जीवन दर्शन का...**

ऐसे आयोजन हमारी परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में सेतु का कार्य करेंगे। महोत्सव का उद्देश्य देश के जनजातीय समाज की विविध कला, संस्कृति, परंपरा और संघर्षों को सिनेमा के माध्यम से राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करना है। इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से आए जनजातीय फिल्म निर्माताओं, शोधकर्ताओं और कलाकारों ने अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से आदिवासी जीवन के गहरे सरोकारों को साझा किया। इस अवसर पर कल्याण विभाग के सचिव कृपा नंद झा, रामदयाल मुंडा जनजातीय शोध संस्थान के निदेशक करमा जिम्पा भुट्टिया, विशेष सचिव नेलसन बागे तथा कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी सहित विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**15 राज्यों की 70 से अधिक फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी :** 'प्रथम धरती आबा जनजातीय फिल्म फेस्ट 2025' के दौरान झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, असम, नागालैंड, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल सहित 15 राज्यों की 70 से अधिक फिल्में प्रदर्शित की जा रही हैं। इनमें 'पलाश', 'हेंडे सोना एंड ब्लैक गोल्ड', 'फूलो', 'कुसुम', 'नाची से बाची' जैसी चर्चित फिल्मों के साथ कई वर्ल्ड प्रीमियर और नेशनल प्रीमियर भी शामिल हैं।



### टीम इंडिया ने किया सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप

# भारत ने 7 विकेट से दी वेस्टइंडीज को मात

**नई दिल्ली।** भारत ने वेस्टइंडीज को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए दूसरे टेस्ट में 7 विकेट से मात देकर सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया है। भारत को जीत दिलाने में शतकवीर यशस्वी जायसवाल और कप्तान शुभमन गिल के साथ मुकाबले में कुल 8 विकेट हासिल करने वाले कुलदीप यादव का अहम योगदान रहा। मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी टीम इंडिया ने अपनी पहली पारी 518/5 के स्कोर पर घोषित की। इस पारी में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने 175 रन बनाए, जबकि कप्तान शुभमन गिल ने नाबाद 129 रन की पारी खेली। विपक्षी टीम की ओर से जोमेल वारिकन को 3 सफलताएं हाथ लगीं। इसके जवाब में वेस्टइंडीज पहली पारी में महज 248 रन पर सिमट गई। इस टीम के लिए एलिक एथनाज ने सर्वाधिक 41 रन बनाए, जबकि शाई होप ने 36 रन टीम के खाते में जोड़े। भारत की ओर से कुलदीप यादव ने सर्वाधिक 5 सफलताएं हासिल कीं। रवींद्र जडेजा ने 3 विकेट निकाले। इसी के साथ भारत ने पहली पारी के आधार पर 270 रन की विशाल बढ़त हासिल करते हुए मेहमान टीम को फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर किया। दूसरी पारी में खराब शुरुआत के बाद वेस्टइंडीज को जॉन कैंपबेल (115) और शाई होप (103) ने संभाला। इनके अलावा, जस्टिन इमलाच ने नाबाद 50 रन बनाकर टीम को 390 रन तक पहुंचाया। इस पारी में भारत की तरफ से कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह ने 3-3 सफलताएं हासिल कीं। मोहम्मद सिराज ने 2 विकेट निकाले। भारत को जीत के लिए 121 रन का आसान टारगेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया ने महज 9 रन पर यशस्वी जायसवाल (8) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद केएल राहुल और साई सुदर्शन ने दूसरे विकेट के लिए 79 रन जोड़ते हुए टीम को जीत के करीब ला दिया, लेकिन साई सुदर्शन (39) के आउट होने के बाद शुभमन गिल (13) के रूप में टीम ने जल्द दो अन्य विकेट गिरा दिए। यहां से केएल राहुल ने अर्धशतकीय पारी खेलते हुए टीम को जीत दिलाई। राहुल 2 छक्कों और 6 चौकों के साथ 58 रन बनाकर नाबाद रहे। इस पारी में वेस्टइंडीज के लिए कप्तान रोस्टन चेज ने 2 विकेट हासिल किए, जबकि जोमेल वारिकन ने 1 विकेट निकाला।

### स्कोर बोर्ड

| बल्लेबाज़ी | R | b | 4s | 6s |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल | 8 | 7 | 2 | 0 |
| के एल राहुल | 58 | 108 | 0 | 2 |
| साई सुदर्शन | 39 | 76 | 5 | 0 |
| शुभमन गिल (c) | 13 | 15 | 1 | 1 |
| ध्रुव जुरेल | 6 | 6 | 1 | 0 |

| | |
|---|---|
| भारत पहली पारी 518/5d | वेस्टइंडीज़ पहली 248/10 |
| वेस्टइंडीज़ दूसरी 390/10 | भारत दूसरी पारी 124/3 |

बतौर टीम हम बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं : **रवींद्र** जडेजा





## चार महीने बाद भारत लौटे कोहली

**नई दिल्ली।** करीब चार महीने विदेश में बिताने के बाद विराट कोहली मंगलवार को स्वदेश लौट आए हैं। 19 अक्टूबर से भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे सीरीज की शुरुआत होने जा रही है, जिसके लिए भारतीय खिलाड़ी जल्द ऑस्ट्रेलिया रवाना होंगे। विराट कोहली दिल्ली में अपने साथियों से जुड़ेंगे, जहां से भारतीय टीम बुधवार को पर्थ के लिए रवाना होगी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के समापन के बाद विराट कोहली पत्नी अनुष्का शर्मा और अपने दोनों बच्चों के साथ लंदन रवाना हो गए थे। विराट कोहली अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टेस्ट और टी20 फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। मार्च 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद से यह भारतीय जर्सी में उनकी पहली वनडे सीरीज होगी। विराट कोहली नवनियुक्त वनडे कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेलेंगे। इस टीम में रोहित शर्मा भी मौजूद हैं। ये दोनों ही खिलाड़ी करीब 6 महीनों के बाद भारतीय वनडे टीम में वापसी करने जा रहे हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 19 अक्टूबर को पर्थ स्टेडियम में पहला वनडे मैच खेला जाएगा। इसके बाद 23 अक्टूबर को दोनों टीमें एडिलेड में दूसरा वनडे मैच खेलेंगी।

## शुभमन गिल ने युवराज से जो सीखा, उसकी झलक दिख रही है : योगराज सिंह

चंडीगढ़, 14 अक्टूबर (आईएएनएस)। शुभमन गिल की कप्तानी में भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप किया। पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह टीम इंडिया के प्रदर्शन से खुश हैं। उनका मानना है कि गिल ने युवराज सिंह से जो सीखा, वो उनके व्यवहार से झलकता है। योगराज सिंह ने आईएएनएस से कहा, "वेस्टइंडीज के खिलाफ क्लीन स्वीप से पहले शुभमन गिल की कप्तानी में भारत ने इंग्लैंड दौरे पर बराबरी की थी। भारत के युवा खिलाड़ी अपने खेल को काफी गंभीरता से ले रहे हैं। यही वजह है कि गिल की कप्तानी में भारतीय टीम आगे बढ़ रही है।"

भारतीय क्रिकेट टीम के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने युवराज सिंह से इस खेल के गुर सीखे हैं। युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह ने कहा, "शुभमन गिल की खासियत है कि वह अपने सभी खिलाड़ियों का ख्याल रखते हैं। वह उनके साथ खाना खाते हैं, कभी चाय पीते हैं, कभी उनका हालचाल पूछते हैं। उन्होंने युवराज सिंह से जो सीखा है, वही झलक उनमें नजर आ रही है। जो खिलाड़ी युवराज सिंह से क्रिकेट और जीने का अंदाज सीखेगा, वो दूसरों से अलग खिलाड़ी बनेगा।" विश्व कप 2025 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम चार में से 2 मुकाबले जीतकर प्वाइंट्स टेबल में चौथे पायदान पर है।

## खिलाड़ियों को मैनेज और टीम का नेतृत्व करना सम्मान की बात : शुभमन गिल

**नई दिल्ली।** शुभमन गिल की कप्तानी में भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप किया। गिल को इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट की कप्तानी सौंपी गई थी, जहां टीम इंडिया ने 2-2 से सीरीज ड्रॉ करवाई। इसके बाद गिल की कप्तानी में भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ क्लीन स्वीप किया है। गिल ने कप्तानी को लेकर कहा, "मैं अब इसकी आदत डाल रहा हूं। सभी खिलाड़ियों को मैनेज करना, इस टीम का नेतृत्व करना एक बड़ा सम्मान है। यह किसी भी परिस्थिति में सही विकल्प चुनने के बारे में है। मैं उस स्थिति में सबसे संभावित निर्णय लेने की कोशिश करता हूं जिसमें हम उस खेल में होते हैं। कभी-कभी आपको एक साहसिक निर्णय लेना पड़ता है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि कौन-सा खिलाड़ी आपको रन या विकेट दिला सकता है।" गिल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ फॉलोऑन लागू करने पर कहा, "हम लगभग 300 रन (270 रन) आगे थे। हमने सोचा कि अगर हम 500 रन भी बना लेते हैं और हमें पांचवें दिन 6 या 7 विकेट लेने हैं, तो यह हमारे लिए एक कठिन दिन हो सकता है।" नीतीश रेड्डी को इस सीरीज के दोनों ही मुकाबलों में मौका दिया गया। अहमदाबाद टेस्ट में नीतीश को बल्लेबाजी का मौका नहीं मिल सका, लेकिन उन्होंने चार ओवर गेंदबाजी जरूर की। इसके बाद दिल्ली टेस्ट में उन्होंने पहली पारी में 43 रन बनाए। नीतीश रेड्डी को सीरीज में भरपूर मौके दिए जाने पर कप्तान गिल ने कहा, "हम नहीं चाहते कि खिलाड़ी सिर्फ विदेशों में ही मैच खेलें। इससे खिलाड़ियों पर बहुत दबाव पड़ता है। हम कुछ ऐसे खिलाड़ियों को तैयार करना चाहते हैं, जो हमें लगता है कि विदेशों में मैच जीतने में हमारी मदद कर सकते हैं, क्योंकि यह हमारे लिए एक चुनौती रही है।

## उज्बेकिस्तान किकबॉक्सिंग विश्व कप भारत का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जालंधर।** भारत की प्रियंका ठाकुर ने उज्बेकिस्तान किकबॉक्सिंग विश्व कप 2025 के फाइनल में उज्बेकिस्तान की खिलाड़ी को 3-0 से हराकर सीनियर लो किक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। मनप्रीत कौर ने फुल कॉन्टैक्ट में कांस्य पदक जीता। पंजाब के जालंधर के पीएपी में दोनों खिलाड़ी पंजाब पुलिस में हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत हैं। टीम का मार्गदर्शन इंस्पेक्टर खेम चंद और अंकुश घारू ने किया। प्रियंका ठाकुर और मनप्रीत कौर ने अपने कोच को लेकर कहा कि उनकी अच्छी ट्रेनिंग की बदौलत वह मेडल जीत पाई हैं। प्रियंका ने कहा कि यह कंपटीशन काफी टफ था, लेकिन उन्होंने पूर्ण प्रयास किया और गोल्ड मेडल जीत पाईं।



### एआई चैटबॉट्स पर आंख मूंदकर न करें भरोसा

# पर्सनल जानकारी साझा करना हो सकता है खतरनाक


एजेंसी

**नई दिल्ली।** इन दिनों एआई चैटबॉट का इस्तेमाल लगातार बढ़ता जा रहा है। ऑफिस हो या रिलेशनशिप से जुड़ी सलाह, लोग हर चीज के लिए चैटबॉट्स का सहारा ले रहे हैं। हां ये सच है कि, चैटबॉट्स ने कुछ मुश्किल कामों को आसान कर दिया है, लेकिन कई ऐसी चीजें भी हैं, जिसके चलते ये चैटबॉट्स भारी नुकसान भी कर सकते हैं।

दरअसल, चैटजीपीटी या जेमिनी जैसे चैटबॉट कितने ही पावरफुल क्यों ना हो लेकिन उन पर पूरी तरह से भरोसा नहीं किया जा सकता। ये चैटबॉट ट्रेनिंग डेटा और प्रोबेबिलिटी के आधार पर जवाब देते हैं। ऐसे में सबसे एडवांस चैटबॉट भी गलत या भ्रामक जवाब दे सकते हैं। इसलिए इनकी हर बात पर भरोसा न करें।

चैटबॉट भले ही आपको कितने भी भरोसेमंद लगे, लेकिन इन पर अपनी पर्सनल जानकारी जैसे अकाउंट पासवर्ड और सेहत से जुड़ी जानकारी आदि चीजें शेयर न करें। ये जानकारी कंपनी के सर्वर पर पहुंच सकती है जिसका इस्तेमाल चैटबॉट्स को ट्रेनिंग देने के लिए भी हो सकता है। इसलिए अपनी संसेटिव जानकारी दूसरों के हाथ न पड़ने दें।

कई फ्री और थर्ड-पार्टी चैटबॉट्स ऐसे भी हैं, जो देश से बाहर यूजर इंफोर्मेशन स्टोर करते हैं, इसलिए चैटबॉट यूज करने से पहले हमेशा प्राइवेसी टर्म्स को पढ़ लें, अगर कुछ भी संदिग्ध लगे तो इसे इस्तेमाल न करना ही बेहतर होगा।




## अगले महीने मुद्रास्फीति 0.45 प्रतिशत के आसपास रहने की संभावना : एसबीआई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, भारत में मुद्रास्फीति का आंकड़ा अगले महीने लगभग 0.45 प्रतिशत रहने की संभा वना है, जो कि निर्णायक कार्रवाई के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बाजारों के अलग-अलग वर्गों और आम लोगों की सामूहिक आवाज होने के नाते हमारा मानना है कि आरबीआई एमपीसी भी इस खास समय में बदलते रुख की ओर ध्यान देगा। ए सबीआई के समूह मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. सौम्य कांति घोष ने कहा कि रि कॉर्ड के लिए, वित्त वर्ष 20 2 7 के मुद्रास्फीति के आंकड़े फिलहाल 3.7 प्रतिशत पर निर्णायक रूप से कम हैं।

घोष ने कहा, "मुद्रास्फीति लक्ष्य निर्धारण के अपने प्राथमिक दायित्व के साथ, आरबीआई अगर बाजार के शोरगुल पर ही केंद्रित रहता है, यहां तक जब मुद्रास्फीति में गिरावट बहुत स्पष्ट रूप से दिखाई देने की स्थिति में भी तो केंद्रीय बैंक के लक्ष्य से चूकने का जोखिम है।

## इस वर्ष सितंबर में थोक महंगाई दर घट कर 0.13 प्रतिशत रह गई



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई दर सितंबर में 0.13 प्रतिशत दर्ज की गई है, जो कि इससे पिछले महीने अगस्त में 0.52 प्रतिशत थी। मुद्रास्फीति की सकारात्मक दर मुख्य रूप से खाद्य उत्पादों, अन्य मैन्युफैक्चरिंग, गैर-खाद्य वस्तुओं, अन्य परिवहन उपकरणों और वस्त्रों आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण है। आंकड़ों के अनुसार, फसल की अधिक पैदावार और गेहूं व चावल के पर्याप्त बफर स्टॉक के कारण खाद्य पदार्थों की कीमतों में इस महीने 1.38 प्रतिशत की गिरावट आई। फूड इंडेक्स में सितंबर में सालाना आधार पर 1.99 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। सितंबर के दौरान पेट्रोल, डीजल और प्राकृतिक गैस जैसे ईंधनों की कीमतों में भी गिरावट जारी रही और ईंधन मुद्रास्फीति नकारात्मक क्षेत्र में -2.58 प्रतिशत पर रही। सितंबर महीने के लिए थोक मूल्य सूचकांक में मासिक आधार पर बदलाव अगस्त की तुलना में -0.19 प्रतिशत रहा। इस बीच, सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित देश की मुद्रास्फीति दर पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में इस वर्ष सितंबर में घटकर आठ साल के निचले स्तर 1.54 प्रतिशत पर आ गई है, क्योंकि इस महीने के दौरान खाद्य पदार्थों और ईंधन की कीमतें सस्ती हुईं। यह जून 2017 के बाद सालाना आधार पर सबसे कम मुद्रास्फीति है और अगस्त की 2.05 प्रतिशत की मुद्रास्फीति दर से भी कम है। आंकड़ों के अनुसार, खाद्य मुद्रास्फीति लगातार चौथे महीने नकारात्मक क्षेत्र में रही और सितंबर के दौरान -2.28 प्रतिशत दर्ज की गई। आधिकारिक बयान में कहा गया है, "सितंबर के दौरान हेडलाइन मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट मुख्य रूप से अनुकूल आधार प्रभाव और सब्जियों, खाद्य तेलों फल, दालें, अनाज और अंडा की मुद्रास्फीति में गिरावट के कारण हुई है।" अच्छे दक्षिण-पश्चिम मानसून, अच्छी खरीफ बुवाई, पर्याप्त जलाशय स्तर और खाद्यान्नों के पर्याप्त बफर स्टॉक के साथ बड़े अनुकूल आधार प्रभावों के कारण 2025-26 के लिए मुद्रास्फीति का दृष्टिकोण अधिक सौम्य हो गया है। 22 सितंबर से शुरू हुई जीएसटी दरों में कटौती से सभी वस्तुओं की कीमतें कम हो रही हैं, जिसके परिणामस्वरूप आने वाले महीनों में मुद्रास्फीति में कमी आएगी।

- फसल की अधिक पैदावार और पर्याप्त गेहूं-चावल के स्टॉक से खाद्य पदार्थों की कीमतों में 1.38% की गिरावट आई।
- फूड इंडेक्स में सालाना आधार पर 1.99% की कमी दर्ज की गई।
- ईंधन मुद्रास्फीति -2.58% रही; पेट्रोल, डीजल और प्राकृतिक गैस के दामों में कमी जारी रही।

## दूरदर्शी नेतृत्व के साथ भारत ग्लोबल एआई लीडर के रूप में मजबूत कर रहा अपनी स्थिति : वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि भारत के दूरदर्शी नेतृत्व और प्रगतिशील नीति-निर्माण ने इनोवेशन के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है, जिसके साथ देश टेक्नोलॉजी



और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सेक्टर में ग्लोबल लीडर बनने के लिए अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है। अपकमिंग इंडिया एआई इंपैक्ट समिट 2026 के ऑफिशियल प्री-समिट इवेंट 'भारत एआई शक्ति' में वित्त मंत्री ने कहा कि भारत एक ऐतिहासिक दौर से गुजर रहा है, जहां शासन और नीतिगत निर्णय पहले से कहीं अधिक तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। वित्त मंत्री ने कार्यक्रम में कहा, "कागज पर कई चीजें रह सकती हैं, लेकिन जब दूरदर्शी नेतृत्व में क्रियान्वयन होता है तो यह वास्तविक बदलाव लाता है। प्रगतिशील नीतियों और गतिशील शासन के बीच यह तालमेल भारत के डिजिटल विकास को गति दे रहा है।" उन्होंने 2014 से भारत के टेक्नोलॉजी-ड्रिवन ट्रांसफॉर्मेशन को आकार देने के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व की सराहना की। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "2014 से आज तक, कई नीति निर्माताओं ने शासन को मजबूत किया है और इनोवेशन के लिए एक इकोसिस्टम तैयार किया है।" उन्होंने कहा कि एआई जैसी उभरती टेक्नोलॉजी के लिए भारत को ग्लोबल हब बनाने में देश का संस्थागत और नीतिगत ढांचा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## मानक' सिस्टम और सर्विसेज में क्वालिटी, विश्वसनीयता और वैश्विक सामंजस्य सुनिश्चित करते हैं : प्रह्लाद जोशी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को विश्व मानक दिवस 2025 के अवसर पर कहा कि हमें एक ऐसे विश्व के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखानी चाहिए, जहां साझा मानक सभी के लिए इनोवेशन, विश्वास और और सस्टेनेबल




ग्रोथ को बढ़ावा दें। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में केंद्रीय मंत्री जोशी ने लिखा, "स्टैंडर्ड्स, सिस्टम और सर्विसेज में क्वालिटी, विश्वसनीयता और वैश्विक सामंजस्य सुनिश्चित करते हैं। इस विश्व मानक दिवस पर, आइए एक ऐसे विश्व के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करें, जहां साझा मानक सभी के लिए इनोवेशन, विश्वास और सस्टेनेबल ग्रोथ को बढ़ावा दें।" उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार, केंद्रीय मंत्री जोशी विश्व मानक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा किया जा रहा है, जो भारत सरकार के उपभोक्ता